सूर्योदय 7:12 सूर्यास्त 5:33

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.0 न्यू | 9.0 अधि |
| धर्मशाला | 5.9 न्यू | 14.5 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78699.07 |
| निफ्टी | 23813.40 |
| सोना | 76,130 |
| चांदी | 92,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



डॉ. डिंपल चौहान ने मिसेज इंडिया का खिताब जीतकर चमकाया प्रदेश का नाम

पृष्ठ 12 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 28 दिसंबर 2024 | 14 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 10, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### जापान में 5.7 तीव्रता के भूकंप से कांपी धरती

**नई दिल्ली।** जापान में आए दिन ही भूकंप के मामले देखने को मिलते हैं। शुक्रवार को जापान में एक बार फिर भूकंप आया। जापान में आज आए भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 5.7 रही और यह इजू आइलैंड्स पर आया। भारतीय समयानुसार जापान के इतू आइलैंड्स पर शुक्रवार तड़के 2 बजकर 32 मिनट पर भूकंप आया। जापान की जियोफिजिक्स एजेंसी ने भी इस भूकंप की पुष्टि की।

### तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष ने खुद को मारे छह कोड़े

**तमिलनाडु।** भाजपा के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने शुक्रवार को अपने घर के बाहर 6 कोड़े मारे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इससे पहले अन्नामलाई ने वीरवार को कहा कि जब तक द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार हट नहीं जाती तब तक वह सैंडल नहीं पहनेंगे और नंगे पैर चलेंगे। साथ ही उन्होंने कहा था कि 27 दिसंबर को सुबह 10 बजे अपने घर के बाहर खुद को छह बार कोड़े मारेंगे, ताकि लोगों का ध्यान अन्ना विश्वविद्यालय की छात्रा के यौन उत्पीड़न की घटना की ओर जाए।

### नोएडा में छात्र ने गोली मारकर की आत्महत्या



**नोएडा।** नोएडा में कथित तौर पर मानसिक तनाव के कारण 17 वर्षीय एक छात्र ने शुक्रवार को अपने पिता की लाइसेंसी पिस्तौल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सौम्या सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान थाना जारचा क्षेत्र के छायसा गांव में रहने वाले आर्यन मलिक के रूप में हुई है। एसीपी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि मलिक 11वीं कक्षा का छात्र था।

### स्पेन जा रहे प्रवासियों की नौका डूबी, 70 की मौत



**बमाको।** इस महीने की शुरुआत में स्पेन पहुंचने की कोशिश कर रहे करीब 70 प्रवासियों की नाव डूबने से मौत हो गई थी। विदेश में रह रहे माली के नागरिकों से संबंधित मंत्रालय के मंत्री मोसा एजी अत्ताहर ने कहा कि स्पेन जा रही प्रवासियों की एक नाव 19 दिसंबर को डूब गई। मंत्रालय के अनुसार इस नाव में शुरू में 80 प्रवासी सवार थे, जिनमें से केवल 11 ही जीवित बचे। जीवित बचे लोगों में माली के नौ लोगों की पहचान की है। मंत्री ने कहा, ''दुर्भाग्यवश, नाव डूबने की घटना में जान गंवाने वाले लोगों में 25 युवा मालीवासियों की औपचारिक रूप से पहचान कर ली गई है।''

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- भूमि अधिग्रहण पर खर्च ज्यादा इसलिए बन रहा टू लेन : अनुराग — पेज 2
- पुलिस ने अवैध खनन करने पर एक जेसीबी, 3 ट्रैक्टर किए जब्त — -पेज 4
- सरकार पर बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का आरोप लगाया — -पेज 6
- स्नेहमयी कृष्ण ने मोदी, शाह को पत्र लिखकर मांगी सुरक्षा — -पेज 13
- बेटियों ने किया वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ — -पेज 14


# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा आज

## राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत कई हस्तियों ने आवास पर जाकर दी श्रद्धांजलि, ससम्मान आज होगी अंत्येष्टि

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हो गया। वे 92 साल के थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने उनके आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इधर, केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि दी गई और शोक प्रस्ताव पारित किया गया। मनमोहन लंबे समय से बीमार थे।

घर पर बेहोश होने के बाद उन्हें रात 8:06 बजे दिल्ली एम्स लाया गया था। हॉस्पिटल बुलेटिन के मुताबिक, रात 9:51 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार 28 दिसंबर को दिल्ली स्थित एआईसीसी (ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी) मुख्यालय से शुरू होगी। यह जानकारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दी।



उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह 8 बजे डॉ. सिंह का पार्थिव शरीर उनके आवास से एआईसीसी मुख्यालय लाया जाएगा, जहां सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि दे सकेंगे। देश के पहले सिख पीएम, सबसे लंबे समय इस पद पर रहने वाला चौथे नेता मनमोहन सिंह, 2004 में देश के 14वें प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने मई 2014 तक इस पद पर दो कार्यकाल पूरे किए थे। वे देश के पहले सिख और सबसे लंबे समय तक रहने वाले चौथे प्रधानमंत्री थे। मनमोहन सिंह के निधन के चलते केंद्र सरकार ने 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। साथ ही शुक्रवार को होने वाले सभी कार्यक्रम कैंसिल कर दिए गए हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कई प्रमुख नेताओं तथा अन्य हस्तियों ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को उनके आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भारतीय राजनीति में एक युग का हुआ अंत : सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर हिमाचल प्रदेश में 27 और 28 दिसंबर को राज्य में दो दिवसीय अवकाश घोषित किया है। इस अवधि में राज्य सरकार के सभी कार्यालय, बोर्ड, निगम और शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे। साथ ही, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी इन दिनों का वेतन सहित अवकाश प्रदान किया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश के गृह विभाग के ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रवीण कुमार टाक की तरफ से अधिसूचना जारी की गई है। जारी आदेशों में लिखा गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर केंद्र सरकार की तरफ से सात दिन 26 दिसंबर से एक जनवरी तक राजकीय शोक घोषित किया गया है। सरकार के ऐलान के बाद अब स्कूल, कॉलेज और सरकारी दफ्तरों से कर्मचारियों ने अपने-अपने घर की तरफ रुख कर दिया है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने डॉ. मनमोहन सिंह के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की खबर से मन अत्यंत व्यथित है। पूरे देश और कांग्रेस परिवार के लिए यह अपूर्णीय क्षति है। आज भारतीय राजनीति में एक युग का अंत हो गया है। उनकी दूरदर्शिता, सरलता और नीतिगत कुशलता ने भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी और वैश्विक स्तर पर भारत का मान बढ़ाया। भारतीय राजनीति में उनके योगदानों को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक-संतप्त परिवार को इस अपार दुख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करें। मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। (अनंत ज्ञान)

**हिमाचल में दो दिन का अवकाश घोषित**

# हिमाचल की ऊंची चोटियों ने फिर ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर

## अगले 48 घंटे में फिर बारिश और बर्फबारी का अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल की ऊंची चोटियों ने फिर बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। शुक्रवार को अटल टनल सहित सभी चोटियों पर बर्फबारी हुई। खासकर लाहौल के कई क्षेत्रों में 4 इंच तक ताजा बर्फबारी हो चुकी है। इसके बाद अटल टनल रोहतांग के लिए वाहनों की आवाजाही दोबारा से बंद कर दी गई है। सुबह ही तीन दिन बाद रोहतांग के लिए वाहनों की आवाजाही शुरू हुई थी।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 7 जिलों में भारी बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट दे रखा है। इस सीजन में स्नोफॉल को लेकर पहली बार ऑरेंज अलर्ट दिया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे में चंबा, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, मंडी और शिमला जिला में कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी हो सकती है। अन्य जिलों में बारिश का पूर्वानुमान है। चंबा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर और कुल्लू की अधिक ऊंची चोटियों पर 29 दिसंबर को भी बर्फबारी जारी रहने का पूर्वानुमान है।

बता दें कि शिमला जिला के नारकंडा में हिमाचल पथ परिवहन निगम की यात्रियों से भरी बस सड़क किनारे खड़ी गाड़ी से टकरा गई। यदि यहां से बस नीचे गिर जाती तो बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में बर्फ वाली सड़क पर गाड़ी सावधानी से चलाना जरूरी है।



शिमला के खिड़की चौपाल में गिरी बर्फबारी का नजारा।

### दिसंबर में सीजन की तीसरी बर्फबारी

**राज्य** के पहाड़ी इलाकों में दिसंबर में यह सीजन की तीसरी बर्फबारी हो रही है। इससे पहले आठ दिसंबर और 23-24 दिसंबर को भी बर्फबारी हुई थी। बर्फबारी का यह सिलसिला पर्वतीय इलाकों में खास तौर पर शिमला, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, मंडी और चंबा जिलों के ऊपरी इलाकों में देखा जा रहा है। इन क्षेत्रों में पिछली बर्फबारी के कारण कई सड़कें अवरुद्ध होने से परिवहन व्यवस्था चरमरा गई थी।

### तीन एनएच और 101 सड़कें बंद

**इस** बीच पिछले दिनों हुई बर्फबारी से अवरुद्ध कई सड़कें अभी तक बहाल नहीं हो पाई हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक राज्य भर में शुक्रवार सुबह तक तीन नेशनल हाइवे और 101 सड़कों पर यातायात पूरी तरह से अवरुद्ध है। कुल्लू जिला में एनएच-3 और एनएच-305, जबकि लाहौल-स्पीति में एनएच-505 बाधित है। ये हाइवे और सड़कों पिछले पांच दिनों से बंद हैं। इनमें सबसे ज्यादा 50 सड़क शिमला जिला के ऊपरी क्षेत्रों कोटखाई, जुब्बल, रोहड़ू, रामपुर, चौपाल, कुपवी, कुमारसेन और डोडरा क्वार उपमंडलों की शामिल हैं।

# जलोड़ी टनल की फाइनल अलाइनमेंट को मिली केंद्रीय मंत्रालय से मंजूरी

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

सैंज-आनी-ओट नेशनल हाईवे 305 पर वर्षों से प्रतीक्षित जलोड़ी टनल निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। जलोड़ी टनल की फाइनल अलाइनमेंट को लेकर केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है।

जलोड़ी टनल की फाइनल अलाइनमेंट के मुताबिक खनाग के समीप भरगोल खड्ड से सोझा कैंची तक टनल का निर्माण होगा, जिसकी लंबाई 4.160 किलोमीटर होगी। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर जलोड़ी टनल प्रोजेक्ट में तेजी लाने का आग्रह किया था। जिसके बाद विभिन्न प्रपोजलों के सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा करने के बाद मंत्रालय ने अलाइनमेंट को आखिरकार फाइनल कर दिया है। इस फाइनल अलाइनमेंट में सभी हितधारकों और पौराणिक सरेउलसर झील के आस्तित्व का भी ख्याल रखा गया है।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मंत्रणा करते लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

**भरगोल खड्ड से सोझा कैंची तक 4.160 किमी लंबी बनेगी टनल**

जानकारी देते हुए नेशनल हाईवे विभाग के रामपुर डिवीजन के अधिशाषी अभियंता किशोरी लाल सुमन ने बताया कि भरगोल खड्ड से सोझा कैंची तक बनने वाली जलोड़ी टनल के निर्माण के लिए आनी की ओर से 2.124 किलोमीटर और बंजार की ओर से 5.476 किलोमीटर अतिरिक्त एप्रोच सड़क का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जलोड़ी टनल का निर्माण होने से खनाग से घियागी तक कि 8 किलोमीटर दूरी घट जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट इंचार्ज रिश्वत लेते काबू

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विजिलैंस की टीम ने हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट प्रभारी को 18000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी ने एक मास्टर ट्रेनर से भारत सरकार के एक प्रोजेक्ट के तहत हुई पेमेंट की एवज में रिश्वत की मांग की थी। मास्टर ट्रेनर ने इसकी शिकायत विजिलेंस में कर दी। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस की टीम ने शुक्रवार को आरोपी को रावी व्यू कैफे में रंगे हाथ दबोच लिया। मामले की पुष्टि डीएसपी विजिलेंस अभिमन्यु वर्मा ने की है।



## बठिंडा में बस पुल की रेलिंग से टकराकर नाले में गिरी, 8 की मौत

**जगदीश शर्मा, बठिंडा**

पंजाब के बठिंडा में शुक्रवार को एक निजी बस पुल की रेलिंग से टकराकर कुछ फुट नीचे नाले में गिर गई, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि बस में 45 से अधिक यात्री सवार थे और यह बस जीवन सिंहवाला गांव के पास लासारा नाले में गिर गई। दुर्घटना उस समय हुई जब बस तलवंडी साबो से बठिंडा जा रही थी। स्थानीय लोग यात्रियों की मदद के लिए तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई है।



अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और जिला प्रशासन ने भी बचाव अभियान चलाया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम भी सहायता के लिए मौके पर पहुंच गई। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में मौसम खराब था तथा दुर्घटना के वास्तविक कारण का अभी पता नहीं चल सका है। बचाव अभियान की निगरानी के लिए मौके पर पहुंचे बठिंडा के उपायुक्त शौकत अहमद पर्रे ने कहा कि तुरंत मेडिकल टीम घटनास्थल पर भेजी गई। (अनंत ज्ञान)

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 644.391 अरब डॉलर पर पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 20 दिसंबर को समाप्त हुए सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.47 अरब डॉलर घटकर 644.391 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले सप्ताह में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 652.87 अरब डॉलर रहा था।

सितंबर में देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से गिरावट आ रही है। इस गिरावट का कारण रुपए में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई का फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में लगातार डॉलर की बिक्री को माना जा रहा है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 20 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.01 अरब डॉलर घटकर 556.56 अरब डॉलर रह गईं।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

## इंफाल ईस्ट में उपद्रवियों ने अंधाधुंध फायरिंग और बम से फैलाई दहशत

**एजेंसी, इम्फाल**

मणिपुर में एक बार फिर उपद्रवियों ने हिंसा फैलाने का प्रयास किया है। पहाड़ी इलाकों से हथियारबंद लोगों ने शुक्रवार को मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले के दो गांवों में बंदूक और बम से हमला किया, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार सनसाबी और थमनापोकपी गांवों में हमले हुए हैं। हालांकि, इन हमलों में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप दोनों गांवों में भीषण गोलीबारी हुई।

अधिकारी ने बताया कि पहाड़ी इलाकों से हथियारबंद लोगों ने सुबह करीब 10.45 बजे सनसाबी गांव और आसपास के इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी और बम फेंकने शुरू कर दिए, जिससे सुरक्षाकर्मियों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी, जिससे लोगों में दहशत फैल गई।



फाइल फोटो

**वैमनस्य** | जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने हिमाचल के सीएम सुक्खू से लगाई हस्तक्षेप की गुहार

# अब घुमारवीं में कश्मीरियों को काम करने से रोका

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

हिमाचल के कांगड़ा जिले के जयसिंहपुर बाद अब बिलासपुर के घुमारवीं में कश्मीरियों को फेरी लगाने से रोकने का मामला सामने आया है। वीरवार को तहरीर अहमद भट्ट निवासी गांव बेलगाम आमदरपुरा जिला कुपवाड़ा जम्मू-कश्मीर सहित 21 शॉल विक्रेताओं ने एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी को इस संदर्भ में एक शिकायत पत्र दिया है।

वहीं, सोशल मीडिया पर मामला तेजी से वायरल होने के बाद जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इस मामले में हस्ताक्षेप की गुहार लगाई है ताकि हिमाचल में काफी सालों से फेरी का कार्य कर रहे कश्मीरी सुरक्षित कार्य कर सकें। एसडीएम ने लिखित शिकायत मिलने के बाद मामले की छानबीन करने के लिए घुमारवीं पुलिस थाने को आदेश दिए हैं। शिकायत में स्थानीय व्यापारियों द्वारा उन्हें माल न बेचने देने व वापस कश्मीर जाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत में कुछ लोगों पर उन्हें तंग करने तथा फेरी न लगाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने कहा कि उन्हें इन शरारती तत्वों से दिन-रात जान का खतरा बना हुआ है तथा वह कभी भी उनके सामान को लूट सकते हैं।



वहीं, पुलिस थाना घुमारवीं में दोनों पक्षों को बुलाकर मामले की छानबीन की जा रही थी। उधर, बिलासपुर के एसपी संदीप धवल ने कहा कि पुलिस के ध्यान में यह मामला आया है। पुलिस सारे मामले की गहनता से जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### राजेंद्र गर्ग ने व्यापारियों का किया समर्थन

**हिमाचल** प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं के व्यापारियों का समर्थन करते हुए अन्य राज्यों से आने वाले प्रवासी लोगों, फेरी वालों व शॉल विक्रेताओं का पंजीकरण करना जरूरी बताया है, ताकि प्रदेश में बढ़ रही वारदातों पर लगाम लग सके। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों पर नजर नहीं रख पा रही है तो समाज के लोग व व्यापारी खुद आगे आकर इनका विरोध कर रहे हैं जो कि सही है तभी इन लोगों पर लगाम लग सकेगा।

### मंत्री धर्माणी ने भाजपा पर साधा निशाना

**इस** मामले को लेकर कैबिनेट मंत्री व घुमारवीं से विधायक राजेश धर्माणी ने भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि अपनी राजनीति चमकाने के लिए भाजपा नेता इस तरह के धार्मिक ठेकेदारों की पैरवी करते हैं जिससे प्रदेश का माहौल खराब होता है। साथ ही उन्होंने प्रशासन से प्रवासी मजदूरों व्यापारियों को परेशान करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर के कई क्षेत्रों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत सब्जी मंडी और ब्वॉयज स्कूल के आसपास विद्युत उपकरणों एवं लाइनों को पुनर्व्यवस्थित करने के कार्य के चलते 29 दिसंबर को उपायुक्त कार्यालय परिसर, लोक निर्माण विभाग कालोनी, पूल्ड कॉलोनी, गांधी चौक, अप्पर बाजार, नादौन चौक, बस स्टैंड, पुलिस स्टेशन गांधी गेट, प्रतापनगर, बराड़ बल्ह, अणु कलां और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### विधायक ने शोकाकुल परिवार को बंधाया ढाढस



**अनंत ज्ञान, नादौन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी और विधायक कमलेश ठाकुर शोकाकुल परिवार के घर नादौन गई और परिवार को ढाढस बंधाया। वह मृतक नगर पंचायत नादौन के मनोनीत कपिल देव शर्मा की पत्नी व बेटियों से मिलीं और सांत्वना दी तथा भगवान से प्रार्थना की कि उन्हें इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति और धैर्य प्रदान करें। उन्होंने कहा कि कपिल देव शर्मा मिलनसार थे। पार्टी में भी उनका काफी योगदान रहा है, उनके असामयिक निधन से पार्टी व परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंची है। काबिलेगौर है कि कपिल देव का हृदय गति रुकने से निधन हो गया है।

### छात्राओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या नादौन की छात्राओं ने मौन रखकर भारत के 13 वें प्रधानमन्त्री व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

### स्टूडेंटस को स्वच्छता के बारे में किया जागरूक




**अनंत ज्ञान, नादौन।** सेनेटरी पैड को डिस्पोज करने के लिए सेनेटरी नैपकिन इंसीनरेटर मशीनें स्कूलों में लगाई गई हैं। इनमें बेटियां पैड और नैपकिन को नष्ट कर सकती हैं। इससे न सिर्फ बेटियों की शारीरिक स्वच्छता बनी रहेगी, बल्कि पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। यह बात जोलसप्पड़ स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल राज कौशल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। कौशल ने छात्राओं को निजी स्वच्छता बारे भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि उन्हें हर रोज नहाना चाहिए व अपने नाखून समय-समय पर काटने चाहिएं। उन्होंने कहा कि मासिक चक्र के दौरान सैनेटरी पैड को हर चार घंटे में बदलना आवश्यक है। कौशल ने छात्राओं को पैड और नैपकिन को नष्ट करने के लिए लगाई गई इंसीनरेटर मशीन को चलाने बारे भी जानकारी दी। इसके अलावा स्कूल में अभिभावकों के साथ एक बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों को स्टूडेंटस को मिलने वाली विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों बारे भी जानकारी दी गई।

### गाहली और समराला में बताईं बैंकिंग योजनाएं




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आम लोगों को बैंकिंग योजनाओं एवं प्रक्रियाओं, स्वरोजगार योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग, डिजिटल ठगी से बचाव और बैंक उपभोक्ताओं के अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नादौन उपमंडल के गांव गाहली और हमीरपुर के निकटवर्ती गांव समराला में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए। इन शिविरों के दौरान आरबीआई के शिमला कार्यालय के एलडीओ आशीष शर्मा, पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर के निदेशक अजय कुमार कतना, एलडीएमओ निखिल शर्मा, वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी और अन्य अधिकारियों ने लोगों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। इस अवसर पर आरबीआई के शिमला कार्यालय के एलडीओ आशीष शर्मा ने कहा कि विभिन्न बैंकों के माध्यम से कई ऋण योजनाएं, स्वरोजगार योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उद्यमियों, कारोबारियों, किसानों, बागवानों, पशुपालकों, मत्स्य पालकों, कारीगरों एवं श्रमिकों, विद्यार्थियों, बेरोजगार युवाओं और स्वयं सहायता समूहों सहित सभी वर्गों के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण एवं सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। इनके लिए किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना और पीएमईजीपी जैसी योजनाएं काफी मददगार साबित हो सकती हैं। आशीष शर्मा ने कहा कि आम लोगों को इनका भरपूर लाभ उठाना चाहिए। दोनों शिविरों में लोगों को डिजिटल ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। गाहली में आयोजित शिविर में स्थानीय पंचायत प्रधान रविंद्र कुमार, पंचायत सदस्य सुनील सोनी, सीएफएल सेंटर की संचालक रेखा गौतम और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। उधर, समराला में भी स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### आज के बच्चों को साहिबजादों से प्रेरणा लेने की जरूरत



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के लदरौर में मंडल स्तरीय वीर बाल दिवस समारोह में पूर्व विधायक एवं भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य कमलेश कुमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे बेटे फतेह सिंह, जोरावर सिंह, जुझार सिंह, अजीत सिंह, गुरु गोविंद सिंह जी की माता गुजरी, पिता गुरु तेग बहादुर और गुरु गोविंद सिंह जी के हिंदू धर्म के लिए किए गए बलिदान पर चर्चा करते हुए कहा कि आधुनिक युग में बच्चों तथा देश के नौजवानों को सिख समाज में हुए शूरवीर गुरुओं और उनके परिवारों के लोगों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर, राजकुमार, मदन कौशल, पुरुषोत्तम शर्मा, विपिन शर्मा, अजय विशिष्ट, अजय शर्मा, पंकज शर्मा, अरुण ठाकुर , अंजू ठाकुर, जगत सिंह, रजत, सुभाष सोनी, विनोद कुमार, अजय, सुमन कुमार पदाधिकारीयों तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते नहीं हो पा रहे भोरंज क्षेत्र के स्कूलों में समारोह : कमलेश



**एसके शर्मा, जाहू।** कमलेश ने कहा कि प्रदेश की सरकारी और प्राइवेट पाठशालाओं में वर्षभर में अनेक समारोह यथासमय आयोजित हो जाते हैं, लेकिन वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह जिसमें बच्चों और अभिभावकों की विशेष रुचि होती है। इस समारोह के आयोजन का सरकार या विभाग में कोई निश्चित समय या दिन निर्धारित नहीं किया है। हिमाचल प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग ने इस वर्ष इस समारोह को मनाने की अंतिम को 30 दिसंबर तक बढ़ा दिया था। यह शिक्षा विभाग का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि 30 दिसंबर को भी अब केवल तीन दिन ही शेष हैं और अकेले भोरंज विधानसभा क्षेत्र में अभी तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर, पट्टा, मनोहर, मुंडखर, जाहू, खतरवाड़, धीरवीं, खरवाड़, महल, ठठवानी, बराड़ा, भोरंज, चंबोह, टिक्कर खतरियां, कंज्यान, कक्कड़, भुक्कड़, लुददर, बडैहर व परोल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह नहीं हुए हैं। कुछ विद्यालयों ने तो एक महीने से तैयारियां भी पूर्ण कर ली हैं, लेकिन राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण न तो नेता उन्हें समय दे रहे हैं और न ही वह अपने स्तर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तय कर पा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्रांतिकारी यशपाल की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित

**नादौन।** नादौन के गांव रंघाड़ (भूंपल) के मूल निवासी, प्रसिद्ध क्रांतिकारी व साहित्यकार यशपाल की पुण्यतिथि में नादौन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर यशपाल साहित्य परिषद के महासचिव नरेश मलोटिया की अगुवाई में शिक्षकों, युवाओं और बच्चों ने यशपाल साहित्य प्रतिष्ठान में यशपाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान रसायन प्रवक्ता अजय कुमार नंदा, अंग्रेजी प्रवक्ता राजेश कुमार, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विजय चौधरी, परिषद कोषाध्यक्ष विवेक कुमार, निष्ठा शर्मा इत्यादि गणमान्य विद्वान भी उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण किए 60 साल पुराने शिव व शनि मंदिर गिराए

## प्रशासन ने उच्च न्यायालय के आदेश पर की कार्रवाई, ग्रामीणों ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले के सुजानपुर-थुरल हाईवे पर स्थित ग्राम पंचायत कुठेड़ा (उबक) क्षेत्र में शुक्रवार को प्रशासन ने 60 साल पुराने शिव और शनि देव मंदिर को अतिक्रमण के तहत गिरा दिया। यह कार्रवाई माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार की गई। मौके पर पुलिस और लोक निर्माण विभाग की मौजूदगी में यह मंदिर तोड़ा गया, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।



ग्राम पंचायत कुठेड़ा (उबक) क्षेत्र में भारी पुलिस दल-बल तैनात किया गया था।

मंदिर गिराने के दौरान ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्रित होकर विरोध करने लगे। उन्होंने सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि यह मंदिर स्थानीय आस्था का केंद्र था और इसे हटाने से पहले प्रशासन को अन्य विकल्प तलाशने चाहिए थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अतिक्रमण की कार्रवाई केवल चुनिंदा स्थानों पर हो रही है, जबकि क्षेत्र में कई अन्य जगहों पर सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण हुए हैं।

लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अभिषेक शर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई एक व्यक्ति द्वारा की गई शिकायत के आधार पर की गई है। जांच में पाया गया था कि मंदिर और एक मकान का छज्जा अतिक्रमण के दायरे में आता है। उन्होंने कहा कि अन्य स्थानों पर भी अतिक्रमण की शिकायतें मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों का कहना है कि यह मंदिर लगभग 60 साल पुराना है। पहले यहां सिर्फ मूर्तियां थीं, लेकिन स्थानीय लोगों ने आपसी सहयोग से इस मंदिर का निर्माण किया। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के अन्य अतिक्रमणों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है, जो पक्षपातपूर्ण रवैया दर्शाता है। (अनंत ज्ञान)

### तहसीलदार ने संभाली स्थिति

ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता देख तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि, ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे कि यदि मंदिर को गिराया गया है, तो अन्य अतिक्रमण पर भी समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए।

### न्याय और आस्था का संघर्ष

मंदिर ढहाने की इस कार्रवाई से क्षेत्र में न्याय और आस्था के बीच संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अब सभी की नजरें प्रशासन पर हैं कि वह अन्य अतिक्रमणों पर भी इसी तरह सख्त कार्रवाई करेगा या नहीं।

# भूमि अधिग्रहण पर खर्च ज्यादा इसलिए बन रहा टू लेन : अनुराग

## कहा-कोहली-भगेड़ के बीच ट्रैफिक लोड फोरलेन वाला नहीं, मामला केंद्र के ध्यान में

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल में फोरलेन के निर्माण में भूमि अधिग्रहण की समस्या ज्यादा है। यहां की कंस्ट्रक्शन कॉस्ट भूमि अधिग्रहण से कम है। सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि केंद्र का मानना है कि जितना पैसा फोरलेन के निर्माण पर लगता है, उससे कहीं ज्यादा भूमि अधिग्रहण पर खर्च हो रहा है। वैसे भी हमीरपुर से होकर गुजरने वाले शिमला-मटौर रोड में अलग-अलग पैचेज हैं।

ज्वालामुखी से कोहली तक इसीलिए टू-लेन बन रहा है। कोहली से आगे का भगेड़ तक का 'पैच' फोरलेन बनेगा या फिर टू-लेन, यह मसला केंद्र के पाले में है। वैसे इस मसले को राज्य सरकार भी फॉलो कर रही है। अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। वैसे भी केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी हिमाचल के ऐसे प्रोजेक्ट को बाइबल नहीं मानते। उनका कहना है कि जहां जितनी जरूरत है, उसी हिसाब से रोड बनना चाहिए।



लोगों की समस्याएं सुनते अनुराग, साथ हैं देशराज शर्मा और विधायक लखनपाल।

### बाईपास भी बनेगा

अनुराग ने कहा कि हमीरपुर में एक और बाईपास रोड बनेगा। यह रोड राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के पास से पॉलिटेक्निक कॉलेज और दोसड़का के आसपास तक निकाला जाएगा। इस सुविधा के मिल जाने के बाद हमीरपुर चारों तरफ से कनेक्ट हो जाएगा और शहर को सभी तरफ बाईपास रोड मिल जाएंगे। इस रोड को जल्द बनाया जाएगा।

**झूठ बोलते हैं अरविंद केजरीवाल**

अनुराग ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जोरदार हमला किया और कहा कि वह झूठ का पर्याय बन गए हैं। हर चीज पर झूठ बोलते हैं। जिस पार्टी के दिल्ली सरकार के 15 विधायक और आठ मंत्री जेल में हों या फिर जमानत पर छूटे हों, उस पार्टी के मुखिया सच कैसे बोल सकते हैं।

कांग्रेस और भाजपा के दरमियान 'पैचअप' होने के सवाल के जवाब पर उन्होंने केजरीवाल पर यह हमला किया था। (अनंत ज्ञान)

### काम-धंधे का रिश्ता किसका है?

ईडी द्वारा किए गए गिरफ्तार स्टोन क्रशर मालिक ज्ञानचंद के मामले पर पूछे गए एक सवाल के जवाब पर अनुराग ने कहा मुख्यमंत्री के विधानसभा में दिए गए वक्तव्य पर तंज करते हुए कहा कि काम-धंधे का रिश्ता किसका है? वोट डालने से रिश्ता नहीं बन जाता। वोटिंग मशीन की जानकारी मुख्यमंत्री के पास है, तो फिर यह बहुत बड़ा सवाल खड़ा करता है। याद रहे, ज्ञान चंद को इन दिनों केंद्रीय एजेंसी ने गिरफ्तार किया हुआ है। पिछले कुछ दिनों से सरकार के साथ रिश्तों को लेकर ज्ञानचंद सुर्खियों में हैं और मुख्यमंत्री ने बयान दिया था कि एक वोट कम को और एक पीएम को देने का मतलब यही है कि अनुराग ठाकुर को भी वोट दिया था और उनके साथ भी संबंध हैं। इसी संदर्भ में अनुराग ने यह तंज कसा है।

# मॉडल सोलर विलेज को मिलेगा एक करोड़ रुपए का इनाम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**हमीरपुर के 6 राजस्व गांवों में होगी प्रतिस्पर्धा**

पीएम सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मॉडल सोलर विलेज यानि आदर्श सौर गांव घोषित होने पर एक गांव को एक करोड़ रुपए तक का पुरस्कार मिल सकता है। योजना के नियमों एवं शर्तों के अनुसार हमीरपुर जिले में भी 2000 हजार से अधिक आबादी वाले छह राजस्व गांवों बड़सर, चकमोह, जाहू खुर्द, धमरोल, दरोगण और बेला को इसमें शामिल किया गया है।

हमीर भवन में पीएम सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समन्वय एवं निगरानी समिति की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने यह जानकारी दी। इस बैठक में हिमऊर्जा, बिजली बोर्ड और ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों के अलावा उक्त छह राजस्व गांवों के पंचायत जनप्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों, महिला मंडल और युवक मंडल के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। उपायुक्त ने बताया कि इन छह गांवों में अधिक से अधिक सौर उपकरण और संयंत्र लगाने का अभियान चलाया जाएगा तथा इनके बीच प्रतिस्पर्धा करवाई जाएगी। सबसे ज्यादा सौर उपकरण एवं संयंत्र लगाने वाले गांव को आदर्श सौर गांव घोषित किया जाएगा तथा उस गांव को एक करोड़ रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

उपायुक्त ने इन गांवों के पंचायत जनप्रतिनिधियों, महिला मंडल, युवक मंडल, अन्य सामाजिक संगठनों और सभी स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे अपने गांव को आदर्श सौर गांव बनाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें। उन्होंने हिम ऊर्जा, बिजली बोर्ड, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे अपने-अपने फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सक्रिय करते हुए लोगों को जागरूक करें।

बैठक में हिम ऊर्जा के कनिष्ठ अभियंता अरुण भारद्वाज ने योजना का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बिजली बोर्ड के अधिशाषी अभियंता, भोरंज के खंड विकास अधिकारी कुलवंत सिंह और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### पीएचसी कड़ोहता में कल लगेगा रक्तदान शिविर

**रक्तदानियों से की बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील**

**अनंत ज्ञान, जाहू।** पीएचसी कड़ोहता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस रक्तदान शिविर का आयोजन गलबान अमर शहीद सिपाही अंकुश ठाकुर, सेना मंडल,, चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल कुमार ने मीडिया को दी। इस रक्तदान शिविर में ऑनरेरी कैप्टन अश्विनी कटोच, पंजाब रेजीमेंट बतौर मुख्यातिथि के रूप मे शिरकत करेंगे। अनिल कुमार ने कहा कि रक्तदान करना एक महादान है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं से अपील की है कि इस रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लें और पुण्य के भागीदार बनें।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास की ओर बढ़ रहा : अग्निहोत्री



दसवीं शिव मंदिर के हॉल में वीर बाल दिवस मनाया गया।

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

गलोड़ भाजपा मंडल द्वारा गलोड़ के दसवीं शिव मंदिर के हाल में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने शिरकत की। यह दिन भारतीय संस्कृति और इतिहास में सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के बेटों की शहादत की याद में मनाया जाता है।

इन बेटों पर मुगल शासक वजीर खान ने इस्लाम कबूल न करने का दवाब बनाया था और ये दोनों ही नहीं माने थे और इसी बात पर इन दोनों बच्चों को दीवार में जिंदा चिन्वा दिया गया था। इस मौके पर भाजपा के पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने कहा कि आज यह देश इस तरह के बलिदान को कभी भी भूला नहीं सकता। गुरु गोविंद सिंह के दोनों बेटों ने अपना धर्म नहीं बदला, उन्हें तरह-तरह के लालच और यातनाएं दी गईं, तब भी इन बच्चों ने झुकने की जगह अपना बलिदान देना श्रेष्ठ समझा था। आज देश के प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश तीव्र गति से विकास की ओर बढ़ रहा है । इस मौके पर भाजपा मंडल गलोड़ के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश कुमार, पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री राजेंद्र ठाकुर, प्रकाश चंद, राजेश कुमार, प्रधान सरेड़ी राजेंद्र कुमार गोईस, सीताराम व अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दरबेली में बंदरों और सांभरों का आतंक

## कौन छोड़ रहा इस इलाके में बंदरों को, किसान परेशान, राहगीर और अभिभावक दिक्कत में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला मुख्यालय के साथ लगने वाले अमरोह इलाके में बंदर दरबेली गांव के आसपास बड़ी तादाद में पहुंच गए हैं। इन्हें कौन वहां छोड़ रहा है, कहां से ये आ रहे, यह बहुत बड़ा प्रश्न है। लोग फसलों के तबाह होने और राहगीरों पर हमला करने के मामलों में हो रही वृद्धि से परेशानी में हैं।

उनकी असल चिंता यही है वे करें तो क्या करें, क्योंकि इस इलाके में पूर्व भाजपा सरकारों के समय खोला गया बंदर नसबंदी केंद्र तो बंद हो चुका है। अब बंदरों से निजात ये लोग कैसे पाएंगे? यही चिंता उन्हें सता रही है। दरअसल में आसपास का इलाका जंगली है और यहां चीड़ के बड़ी तादाद में पेड़ हैं।

कुछ समय पहले तक लोगों को बंदरों के उत्पादन से निजात मिल गई थी, लेकिन अब फिर वही स्थिति पुरानी बहाल हो गई है। बंदरों की तादाद भी अच्छी खासी बढ़ गई है। यह चिंता का विषय है। लोग फसलें उगाएं तो उगाएं क्यों और किसके लिए, क्योंकि बंदर उजाड़ रहे हैं।



जंगल में सड़क किनारे बंदरों का झुंड।

इलाका वासियों रमेश चंद, संजीव कुमार, पुरुषोत्तम चंद का कहना है कि अब हालात बिगड़ चुके हैं। वन विभाग और सरकार को इन पर कंट्रोल करने के लिए कुछ करना चाहिए ताकि उन्हें राहत मिल सके। उनका यह भी कहना था कि इस इलाके में सांभर भी काफी तादाद में अब दिख रहे हैं। वे फसल को मुकम्मल तौर पर उजाड़ रहे हैं, इनकी तादाद भी अब लगातार बढ़ रही है। पहले इक्का-दुक्का थे, अब काफी तादाद में रात को खेतों में देखे जा सकते हैं।

**अव्यवस्था** मेडिकल कॉलेज में बिना आभा के नहीं बन रही रोगियों की पर्ची

# जिला आयुर्वेद अस्पताल में हाथ से बनाई जा रही पर्ची

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

आयुर्वेद अस्पताल जिले में सबसे बड़ा है, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं की बात की जाए तो ये उतनी नहीं हैं जितनी होनी चाहिएं। जिला आयुर्वेद अस्पताल में पिछले कई लंबे समय से हाथ से ही पर्ची बनाई जा रही है, जबकि मेडिकल कॉलेज हमीरपुर अस्पताल में बिना आभा आईडी के पर्ची नहीं बन रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार आभा कार्ड से बनाई जा रही पर्ची से मरीज का पूरा रिकॉर्ड इसमें दर्ज हो जाएगा।

वर्तमान में कहीं पर भी आभा आईडी से मरीज का पूरा ब्यौरा मिल जाएगा, जबकि आयुर्वेद अस्पताल में ऐसा नहीं है। मरीजों का ब्यौरा एक रजिस्टर पर दर्ज किया जाता है। इसके बाद उसका ब्यौरा निकालना इतना आसान नहीं है। हालांकि अस्पताल प्रशासन ने रोगी कल्याण समिति की बैठक में कंप्यूटर ऑपरेटर और कंप्यूटर लेने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन इसके लिए बैठक में सहमति नहीं बन पाई। जब तक कंप्यूटर नहीं होगा तो पर्ची हाथ से बनाई जाएगी।



इसके अलावा कोई और रास्ता भी नहीं है। ऐसा नहीं है कि आयुर्वेद अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए संस्थाओं ने प्रयास नहीं किए, लेकिन इन प्रयासों के बाद भी जिला आयुर्वेद अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं कम हो रही हैं।

**आयुर्वेद अस्पताल में नहीं शल्य चिकित्सा की सुविधा :** आयुर्वेद अस्पताल में पिछले दो-तीन वर्षों से मरीजों के लिए शल्य चिकित्सा उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

इसका कारण है कि जो डॉक्टर यहां पर ऑपरेशन करता था, उसका तबादला कर दिया गया और जो नया डॉक्टर यहां पर तैनात किया गया, वह दो साल तक सेवाएं देने के बाद ट्रांसफर हो गया। अब न तो सर्जरी के लिए कोई डॉक्टर है और न यहां पर कोई ऑपरेशन होते हैं। हालांकि फील्ड में तैनात डॉक्टरों को शल्य चिकित्सा का प्रशिक्षण भी दिया गया है, लेकिन अभी तक आयुर्वेद अस्पताल में किसी भी डॉक्टर की तैनाती नहीं की गई है।

**दिसंबर में लेबोरेटरी तकनीशियन की सेवानिवृत्ति :** आयुर्वेद अस्पताल में तैनात लेबोरेटरी तकनीशियन 31 दिसंबर को सेवानिवृत होने जा रहा है। उसकी सेवानिवृत्ति के बाद यहां पर नई लेबोरेटरी तकनीशियन तैनात कर दी है। हालांकि यहां पर नई तकनीशियन कब ज्वाइन करती है, यह तो बाद में ही पता चलेगा।

इस बारे में स्वास्थ्य अधीक्षक दिलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि जिला आयुर्वेद अस्पताल में मरीजों को सुविधाएं देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रोगी कल्याण समिति की बैठक में एक कंप्यूटर ऑपरेटर और कंप्यूटर लेने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन वह प्रस्ताव पूरा नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि कंप्यूटर न होने की वजह से हाथ से पर्ची बनाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# डीएवी भड़ोली में क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, नादौन**

डीएवी भड़ोली में एचपीजॉन डी की तीन दिवसीय कार्यशाला शुभारंभ स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा की देखरेख में किया गया। एआरओ डॉ. वीके यादव प्रिंसिपल पालमपुर की अध्यक्षता में व विभिन्न डीएवी स्कूलों से आए हुए प्रिंसिपल की उपस्थिति में प्रथम दिवस का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया।

डीएवी हमीरपुर के प्रिंसिपल महेंद्र सिंह , डीएवी देहरा के प्रिंसिपल विश्वास शर्मा, डीएवी धर्मशाला के प्रिंसिपल विपिन जिश्टू, डीएवी नरवाना के प्रिंसिपल लता ठाकुर, डीएवी लड़भडोल के प्रिंसिपल प्रिंस ठाकुर, डीएवी लझियानी के प्रिंसिपल सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में डीएवी हमीरपुर, कांगू, धर्मशाला, नरवाना, भड़ोली, देहरा गोपीपुर, लझियानी, बाघनी, पालमपुर स्कूलों के नर्सरी से 12वीं तक को पढ़ाने वाले अध्यापकों ने भाग लिया।

इस दौरान डॉ. वी यादव ने अंग्रेजी, साइंस, गणित, सामाजिक, हिंदी विषयों की चर्चा की। हर विषय से संबंधित हर कार्यशाला में जाकर विषय को रुचिकर बनाने तथा कठिन विषयों को पढ़ने के लिए बहुत सुगम और प्रभावशाली तरीके सिखाए। प्रत्येक विषय के संसाधन व्यक्तियों ने अपने विचारों का आदान-प्रदान करके कार्यशाला को प्रभावी, रुचिकर तथा सफल बनाया।

# बर्फबारी से अपर शिमला के 24 लिंक रोड ठप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अपर शिमला में शुक्रवार को बर्फबारी का दौर जारी रहा, जिसके चलत 24 लिंक रोड बंद हो गए है। बर्फबारी रामपुर, रोहड़ू, चौपाल, कुफरी सहित अन्य क्षेत्रों में हुई, जिसके चलते रोहड़ू में 22, चौपाल के कुपवी में एक और रामपुर में एक लिंक रोड बाद हुआ है। वहीं शिमला शहर में बारिश हुई है। प्रशासन द्वारा लोगों को बर्फ के बीच में न जाने को सलाह दी है।







प्रशासन का कहना है कि जिला शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात होने के कारण सड़कों पर फिसलन है और गाड़ियां स्किड हो रही है। वहीं नेशनल हाईवे 5 (शिमला से रामपुर) छराबड़ा, कुफरी, फागू में फिसलन है। नेशनल हाईवे 5 (शिमला से रामपुर) नारकंडा के पास अवरुद्ध है। नेशनल हाईवे 705 (ठियोग से हाटकोटी) सभी प्रकार के वाहनों के लिए खुला है। शिमला से बिलासपुर सभी प्रकार के वाहनों के लिए खुला है। स्टेट हाईवे 8 (देहा चौपाल) खिड़की के पास अवरुद्ध है। स्टेट हाईवे 13 (शिमला-सुन्नी-तत्तापानी) सभी प्रकार के वाहनों के लिए खुला है। शिमला शहर की सभी सड़कें हर प्रकार के वाहनों के लिए खुली है। अब सभी लोगों को यह साल दी गई है कि सड़क में फिसलन के कारण सुबह जल्दी और देर रात के समय यात्रा करने से बचें। किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा घटना की स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन परिचालन केंद्र शिमला के दूरभाष नंबर 0177-2800880,881,882,883 एवं 1077 पर सूचित करे।

## बर्फबारी से चौपाल-शिमला मार्ग पर महज एक दिन ही यातायात की बहाली

**चौपाल/नेरवा।** चौपाल क्षेत्र में बर्फबारी के कारण चौपाल से खिड़की, चंबी, देहा मुख्य मार्ग फिर से बंद हो गया है। इस हफ्ते दूसरी बर्फबारी की वजह से इस सड़क पर महज एक दिन ही यातायात की बहाली हो पाई है। चौपाल-चंबी-देहा मार्ग पर वीरवार को एचआरटीसी की तीन बसे शिमला गई थी और शुक्रवार सुबह भी दो बसे शिमला गई परंतु दोपहर बाद रूक-रूक कर बर्फबारी के कारण सभी वाहनों की आवाजाही के लिए सड़क बंद हो गई है। शिमला से आने वाली बसे अलीधार और चंबी से वापस हो गई है। इसके अतिरिक्त देवत, खादर, मडावग, माटल, बमटा, पौड़ियां, थरोच, भूट नावी, लिंगजार, झोकड, सराह, जोड़ना, सरी, झीना आदि में बर्फबारी के कारण सभी सड़कें बंद है। उधर, ताजा हिमपात के बाद पूरे क्षेत्र में एक बार फिर से शीतलहर चलनी शुरू हो गई है। एसडीएम चौपाल ने कहा कि बर्फ हटाने और रेत बिछाने का कार्य चल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बर्फबारी के मौसम में अनावश्यक यात्रा से परहेज करें एवं बहुत ही जरूरी होने की स्थिति में फिसलन भरे रास्तों पर वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं।



# पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर हिमाचल गमगीन

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम सुक्खू ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने आरबीआई के गवर्नर, वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में देश की जो सेवा की, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

उनके निर्णय और कार्य देश के लिए ही नहीं दुनिया के लिए मिसाल हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। हिमाचल की प्रगति में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।

उनका निधन हम सभी के लिए अपूरणीय क्षति है। देश ही नहीं, समूचा संसार इस दुख को महसूस कर रहा है।



### वह मेरे लिए एक बड़े भाई की तरह थे : दलाईलामा

**धर्मशाला।** तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाई लामा ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'वह तिब्बती लोगों के भी अच्छे मित्र थे। हम इस बात पर प्रसन्न हो सकते हैं कि 92 वर्षो तक उन्होंने वास्तव में सार्थक जीवन जिया। वह हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। डॉ. मनमोहन सिंह मेरे बड़े भाई की तरह थे।



### डॉ. मनमोहन सिंह का जाना अपूर्णीय क्षति : मुकेश

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन का समाचार सुनकर मन अत्यंत व्यथित है। उनका जाना न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उनके नेतृत्व में भारत ने आर्थिक सुधारों का एक नया अध्याय लिखा और विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान सुनिश्चित किया।



### डॉ. मनमोहन सिंह अर्थव्यवस्था के शिल्पकार : कुलदीप पठानिया

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने आर्थिक सुधारों के नायक एवं प्रणेता डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह वैश्विक अर्थव्यवस्था के शिल्पकार, सदगी और सरलता के महाधनी और भारत की विशिष्टता को विश्व पटल पर विराजमान करने वाले महामानव थे।



### आर्थिक उदारीकरण के रूप में याद किया जाएगा : जयराम

**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुःख जताते हुए उनके निधन को एक अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा एक छोटे से गांव से निकलकर डॉक्टर मनमोहन सिंह ने दुनिया के प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाई की। एक अर्थशास्त्री के रूप में उन्हें भारत के वर्तमान आर्थिक उदारीकरण अग्रदूत के रूप में याद किया जाएगा।



### डॉ. मनमोहन उच्च कोटि के अर्थशास्त्री : रोहित

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक उच्च स्तरीय बुद्धि जीवी एवं सौम्य स्वभाव के व्यक्ति थे। डॉ. मनमोहन उच्च कोटि के अर्थशास्त्री, शिक्षक और एक प्रभावी राजनेता भी थे। भारत जो आज एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर कर सामने आया है उसकी नींव डॉ. मनमोहन सिंह के द्वारा रखी गई थी।



## पूर्व सीएम धूमल ने डॉ. मनमोहन सिंह के संस्मरण किए याद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने डॉ. मनमोहन सिंह को याद करते हुए कहा कि सरल और सौम्य स्वभाव के धनी डॉ. मनमोहन सिंह जब राज्यसभा के सांसद थे तो उस समय वह भी लोकसभा के सांसद थे। मनमोहन जी, मृदुभाषी और सज्जन सांसद थे, जिनकी आर्थिक मामलों पर गजब की पकड़ थी।

आर्थिक मामलों पर संसद में कभी-कभी बोलने का मौका मुझे भी मिल जाता था, जब कभी शेयर के माध्यम से हम कोई बात कहते तो डॉ. साहिब बहुत उपयुक्त शेयर के साथ जबाब देते थे। संसद के गलियारे में जब भी उनसे मुलाकात होती तो बड़े स्नेह से हालचाल पूछते थे। हमारी बात अक्सर संक्षिप्त होती थी, पर स्नेहपूर्ण होती थी।



फाइल फोटो

### डॉ. मनमोहन से बहुत कुछ सीखने को मिला : अनुराग

**हमीरपुर।** सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि डॉ.मनमोहन सिंह ने बतौर प्रधानमंत्री भी बढ़िया काम किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन कभी भी अपना संयम नहीं खोते थे और वह बढ़िया तरीके से काम करते थे। उन्होंने कहा कि पूर्व पीएम रहे मनमोहन सिंह के कार्यकाल में संसद में काम करने का मौका मिला है। इसमें बहुत कुछ सीखने को मिला। देश ने एक ऐसे व्यक्ति को खोया है, जिसने बहुत से महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं। प्रधानमंत्री रहते हुए स्व. मनमोहन सिंह बतौर मुख्यमंत्री रहे प्रेम कुमार धूमल को भी प्रोफेसर कहकर बुलाते थे।



## विंटर कार्निवाल की आगामी सांस्कृतिक संध्याएं स्थगित

### कार्निवाल में तीसरे दिन फिर दो गुटों में मारपीट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के विंटर कार्निवल में इस बार हुड़दंग बाजी करने वालों को बल्ले-बल्ले हो गई है। रिज मैदान पर विंटर कार्निवाल के दौरान फिर दो गुटों के बीच लड़ाई हुई। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। हालांकि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु द्वारा यह निर्देश दिए है कि अगर कोई टहलता है तो उसे हवालात में बंद न किया जाए उसे पुलिस को अच्छे से हैंडल करना है। शराबियों के साथ सख्ती न करने के निर्देश के बीच अब इसके परिणाम भी सामने आ रहे है।

विंटर कार्निवाल की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में दो गुटों के 8 से 10 लड़कों के बीच खूब लात गुस्से चले। इस दौरान रिज पर सैकड़ों लोग नाच-गा रहे थे। तभी दोनों गुटों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और यह कहासुनी मारपीट में बदल गई। यह मारपीट दो से तीन मिनट तक चलती रही। इससे कुछ देर के लिए लोगों में भगदड़ भी मच गई। इस दौरान कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर झगड़ा कर रहे युवकों को शांत करवाया। तब जाकर मामला शांत हुआ। अब इस मारपीट की एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें कि शिमला विंटर कार्निवाल में दूसरी स्टार नाइट में भी दो गुटों में लड़ाई हुई थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ था। साथ ही अब पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन के बाद देश भर में शोक की लहर है। इस दौरान हिमाचल प्रदेश में भी राजकीय शोक घोषित होने के चलते शिमला विंटर कार्निवाल की आगामी सांस्कृतिक संध्याएं स्थगित कर दी है।



### 18वीं राष्ट्रीय रामानुजन गणित सम्मेलन में छाए प्रदेश के छात्र

**सुन्नी।** विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग राजकोट के तत्वाधान में साइंस सिटी, अहमदाबाद में आयोजित 18वीं राष्ट्रीय रामानुजन गणित सम्मेलन का आयोजन किया गया। हिमाचल प्रदेश की इकाई के राज्य समन्वयक दिलीप ठाकुर संयोजक रामानुजन मैथ क्लब के नेतृत्व में माया पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी और माया पब्लिक उच्च पाठशाला मशोबरा के सात विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

इन विद्यार्थियों में जतिन भंडारी, आयुष चौहान,आरोही वालिया, सोनाक्षी, कशिश, समृता, और साक्षी ने इस सम्मेलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। गणित कवितावली में स्कूल की 9वीं कक्षा की छात्रा आरोही ने राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया, वहीं कनिष्ठ वर्ग की गणित प्रश्नोत्तरी में 8वीं कक्षा की छात्रा सोनाक्षी ने राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप, महिलाओं के प्रति नहीं थम रहे आपराधिक मामले : संदीपनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस राज में प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है, आज हिमाचल जैसे शांति प्रिय प्रदेश में महिलाएं अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने कहा की हिमाचल प्रदेश में महिलाओं के प्रति आपराधिक मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

दो वर्षों में हिमाचल प्रदेश में 634 महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं हुई हैं। वहीं, छेड़छाड़ के मामलों का आंकड़ा 900 और महिलाओं के प्रति क्रूरता का आंकड़ा 300 को पार कर गया है। इस वर्ष जनवरी से नवंबर माह 2024 तक हिमाचल में 305 रेप केस दर्ज हुए हैं।

160 केस महिलाओं के प्रति क्रूरता के दर्ज हैं। छेड़छाड़ के 458 केस भी दर्ज हुए हैं। संदीपनी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में डबल मर्डर से सनसनी फैल गई थी, 23 दिसम्बर की सुबह पिता और पुत्र को गोली मारकर बीच रास्ते पर मौत के घाट उतार दिया, यह मामला ऊना जिले के हरोली उपमंडल की ग्राम पंचायत भदसाली का है। हिमाचल में एतिहासिक अपराधिक घटनाएं हो रही है।



इसी प्रकार हिमाचल के ऊना जिले में एक निजी हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने हॉस्पिटल में पहुंच कर हंगामा शुरू कर दिया। वहीं परिजनों ने बताया कि पहले महिला सरकारी हॉस्पिटल में गई थी, मगर वहां किसी महिला डॉक्टर ने उसे निजी हॉस्पिटल में जाने की सलाह दी।

साथ ही बालूगंज थाना के तहत ढांडा के जंगल में डेढ़ साल पहले युवक के सिर और धड़ के अलग मिलने के मामले में पुलिस ने अब हत्या का केस दर्ज कर लिया है। मृतक दीपांशु निवासी ग्रीन वैली ढांडा के परिजनों की याचिका पर कोर्ट से आदेशों के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई अमल में लाई है। जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल 2023 दीपांशु के लापता होने की उनकी मां माया देवी ने बालूगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

उन्होंने कहा की जिलों में रेप केस के आंकड़ों की बात करें, तो बीबीएन में वर्ष 2023 में 32 मामले दर्ज हुए थे और 2024 में रेप के लिए 22 मामले दर्ज हुए हैं।

**धार्मिक अनुष्ठान** पांच साल से महायज्ञ की तैयारियां शुरू, सीएम सुक्खू हो सकते हैं शामिल

# भुंडा महायज्ञ में नौ गांवों के लोग खर्च करेंगे 100 करोड़

**दशमी रावत, रोहड़ू**

उपमंडल रोहड़ू के अंतर्गत स्पैल वैली के दलगांव में देवता बकरालू महाराज के मंदिर में 39 साल बाद होने जा रहे भुंडा महायज्ञ की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। महायज्ञ के शुभारंभ के लिए अब मात्र चार दिन शेष रह गए है। दलगांव स्थित बकरालू देवता महाराज के मंदिर के आसपास लोंगों की चहल-पहल खत्म होने का नाम नहीं ले रही है।

बकरालू देवता महाराज के अधीन 9 गांव आते है, जो इस धार्मिक अनुष्ठान की मेजबानी करने जा रहे हैं, जिसमें दलगांव, कुटाडा, भ्रेटली, खशकंडी, बुठारा, गावणा, बमनाला, खोडसू व करालश शामिल है। 9 गांव के लोग पिछले पांच साल पहले से ही इस महायज्ञ की तैयारियों में लग गए थे। अधिकतर लोगों ने नए मकान बनाए है। भुंडा महायज्ञ में आने वाले रिश्तेदारों व लोगों के लिए वैली के लोगों ने खाने-पीने व रहन-सहन का विशेष प्रबंध किया हुआ है। शादी की तरह घरों को सजाने के लिए व मेहमानों के लिए भोजन की व्यवस्था करने के लिए रोहड़ू से लेकर चंडीगढ़ तक लगभग सभी टैंट हाऊस किराए पर लिए गए हैं। इस तरह का आंकलन करने के बाद इस महायज्ञ को सफलतापूर्वक संपन्न होने में लगभग 100 करोड़ रुपए से अधिक खर्च होगें।

**पांच स्थानों से मंदिर में पहुंचा पवित्र जल।** 25 दिसंबर से मंदिर में पूजा अर्चना शुरू हो गई है। भुंडा महायज्ञ के लिए मंदिर में चिन्हित अलग-अलग पांच जगह से बुधवार को पवित्र जल पुरोहितों ने मंदिर में लाया है। भुंडा महायज्ञ के सफल आयोजन को संपन्न करने के लिए यहां पर अब प्रतिदिन बकरालू देवता महाराज व अन्य देवी देवताओं की पूजा-अर्चना शुरू हो गई है।

**ये रहेगी महायज्ञ की मुख्य रस्में।** मुख्य रस्में 2 जनवरी को संघेडा कार्यक्रम के साथ शुरु होगी। इस दिन सभी आमंत्रित देवता व खुंद दलगांव पंहुच जाएंगे। 3 जनवरी को शिखा फेर की रस्म, 4 जनवरी को बेड़ा और 5 जनवरी को उछड़-पाछड़ यानि आमंत्रित देवताओं की विदाई के साथ अनुष्ठान संपन्न होगा।

**बेड़ा की रस्म होगी मुख्य आकर्षण का केंद्र।** इस अनुष्ठान की मुख्य रस्म बेड़ा है, जिसमें एक विशेष घास से बनी लंबी रस्सी पर बेड़ा अथवा जैली कहे जाने वाला परिवार विशेष का व्यक्ति एक गहरी खाई को पार करता है। यह रस्सी जिसे बरत कहा जाता है और इसे नाग का प्रतिरूप माना जाता है। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो

### 500 से अधिक जवान संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था

अनुष्ठान के दौरान स्पैल वैली में पहुंचने वाले एक लाख से अधिक लोंगों की भीड़ को नियंत्रित करने और कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए 500 से अधिक पुलिस जवान तैनात किए जाएगें।

### शामिल होंगे सीएम सुक्खू

**मंदिर** कमेटी के मोतमीन रघुनाथ झामटा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को इस महायज्ञ में 3 जनवरी को शामिल हो सकते है।

### देवता बौंद्रा के साथ आएंगे 8 से 10 हजार लोग

**दलगांव** में तीन देवता आयोजन में हिस्सा लेंगें जिसमें मंडलगढ़ क्षेत्र के देवता बौंद्रा महाराज करीब 8 से 10 हजार देवलुओं के साथ महायज्ञ में शामिल होगें।

### स्वयंसेवियों ने की भंडारण सुविधाओं की सफाई

**सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय डिग्री कॉलेज सुन्नी की एनएसएस इकाई का एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारम्भ हुआ। शिविर का उद्घाटन समारोह एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनमोहन और प्रोफेसर सुष्मिता ठाकुर द्वारा ध्वजारोहण के साथ आयोजित किया गया।

इसके बाद पूरी इकाई ने परेड का प्रदर्शन किया और इस सात दिवसीय शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन करने के लिए स्वयंसेवकों को पांच समूहों में विभाजित किया गया।

परिचयात्मक सत्र में प्रो. सुष्मिता ठाकुर ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया और स्वयंसेवकों से नेतृत्व कौशल हासिल करने, सामाजिक मुद्दों के बारे में अपनी समझ बढ़ाने और बदलाव लाने के लिए खुद को सशक्त बनाने के लिए कहा। स्वयंसेवकों ने घरयाना पंचायत का दौरा किया और वहां जल स्रोत और भंडारण सुविधाओं की सफाई की।

## न्यूज ब्रीफ

### कोटखाई के पट्टी ढांक एवं खड़ा पत्थर में बर्फबारी जारी



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** पट्टी ढाक एवं कोटखाई के आसपास के क्षेत्रों में बर्फबारी फिर से शुरू हो गई है। वहीं बर्फबारी के होने के साथ ही संपर्क मार्गो में फिसलन अधिक बढ़ गई है। एसडीएम कोटखाई एवं एसएचओ कोटखाई ने क्षेत्र के लोगों से संभल कर अपनी गाड़ियां चलाने की अपील की है। उन्होंने बताया की शाम 5 बजे के बाद हो सके तो यात्रा न करें। क्योंकि सड़क पर फिसलन के कारण कोई भी दुर्घटना हो सकती है। पुलिस प्रशासन के द्वारा भी मुस्तैद होकर कार्य किया जा रहा है, जिससे लोग परेशान न हो सके। पुलिस थाना जुब्बल के थाना क्षेत्राधिकार ठियोग हाटकोटी एन एच सड़क पर सनाभा के नजदीक बर्फबारी के कारण गाडियां स्किड हो रही है, जिन्हें लोगों की सहायता से निकाला गया। (अनंत ज्ञान)

### रण्डोल के नितिन बॉलीवुड में बिखेरेंगे अपनी आवाज का जादू

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** तत्तापानी के साथ लगते रण्डोल गांव के नितिन कौशल बॉलीवुड में अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। बता दें कि बीते दिनों तत्तापानी में बॉलीवुड के फिल्म यूनिट द्वारा लगभग पांच दिनों तक शूटिंग की गई। ब्ल्यू ऑरेंज फिल्म इंटरनेशनल के निर्देशक राजन नक्श और प्रोड्यूसर भोला के निर्देशन आने वाली फिल्म समर्पण के कुछ दृश्य फिल्माए गए। इस दौरान तत्तापानी में ही आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने नितिन को गीत गाते सुना और वह उसकी आवाज के दीवाने हो गए। शूटिंग के अंतिम दिन उन्होंने नितिन से मिलकर उन्होंने उसे ये आश्वासन दिया कि जल्द ही अपनी फिल्म में गाने का अवसर देंगे और कहा कि सारा खर्च प्रोडक्शन कंपनी ही वहन करेगी। इस बात को लेकर तत्तापानी में खूब चर्चे है और नितिन की उपलब्धि को लेकर क्षेत्रवासी गदगद है। (अनंत ज्ञान)



### 668 ग्राम चरस के साथ युवक काबू, चार दिन के रिमांड पर भेजा



**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** नेरवा पुलिस ने गश्त के दौरान न्योटी के समीप एक युवक को 668 ग्राम चरस के साथ हिरासत में लिया है। हेड कांस्टेबल रमेश पंवार के नेतृत्व में पुलिस की टीम न्योटी के समीप रूटीन गश्त पर थी। पुलिस टीम में कांस्टेबल दविंदर,कांस्टेबल हर्ष एवं कांस्टेबल पवन शामिल थे। गश्त के दौरान झिकनीपुल की तरफ से आ रहा एक युवक पुलिस टीम को देख कर पीछे की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर थोड़ी ही दूर पर उसे दबोच लिया एवं उसकी तलाशी ली। तलाशी लेने पर उसके पास से एक बैग के अंदर पॉलिथीन में लपेट कर रखी गई 668 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी की पहचान अजय कुमार, पुत्र चंद्र बहादुर, जिला शिमला को हिरासत में कोर्ट में पेश किया, जहां उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। एसडीपीओ चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की।

### गेयटी थियेटर में हुआ दो कहानी संग्रह पुस्तकों का विमोचन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** किकली ट्रस्ट शिमला में दो कहानी संग्रह पुस्तकों का विमोचन मुख्यातिथि व प्रसिद्ध साहित्यकारा शोभा थरूर श्रीनिवासन ने गेयटी थियेटर में किया। विमोचित पुस्तकों में शामिल थीं 'बचपन के रंग बड़ों के संग', इसमें वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. कमल के. प्यासा की कहानी 'लावारिस' भी 31 चयनित कहानियों में शामिल है। दूसरी किताब 'बलूमिंग किल्स 51 शॉर्ट स्टोरीज बाय चिल्ड्रन' थी, जिसमें बच्चों द्वारा लिखित कहानियां शामिल हैं।



### खराब मौसम और कोहरे के कारण वंदे भारत एक्सप्रेस पंद्रह मिनट लेट

**ऊना।** शुक्रवार की सुबह गाड़ी नंबर 22447 नई दिल्ली से अंब अंदौरा के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय सुबह 10:32 की जगह 10:43 पर ऊना हिमाचल स्टेशन पहुंची परंतु अंब अंदौरा स्टेशन पहुंचते -पहुंचते ये अपने निर्धारित समय सुबह 11:05 से मात्र दो मिनट देरी से वहां पहुंच गई थी। इस के साथ इंदौर जंक्शन से वाया उज्जैन जंक्शन और मेरठ शहर होते हुए ऊना हिमाचल पहुंचने वाली गाड़ी संख्या 19307 द्वि-साप्ताहिक सुपर फास्ट एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह 08:35 से सवा एक घंटा देरी के साथ सुबह 09:47 पर पहुँची। रेलवे द्वारा बताया कि खराब मौसम और कोहरे के कारण ये दोनों ट्रेनें देरी से पहुंची हैं।



### ओल्ड पेंशन संघ ने मनमोहन के निधन पर व्यक्त किया शोक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राष्ट्रीय न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ ने पूर्व प्रधानमंत्री व देश के सबसे बड़े अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पी. सतेंद्र सिंह तिवारी व राष्ट्रीय सयोंजक प्रवीण शर्मा ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि हमारे देश से हर युग पुरुष अच्छे काम करके जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने बहुत प्रयास किए कि देश से गरीबी दूर हो सके परंतु असफल नेताओं ने उनके इस कार्य को फलीभूत नहीं होने दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदर्शनी में दिखाया तिब्बत का इतिहास



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बत संग्रहालय की यात्रा प्रदर्शनी 'लॉन्ग लुक होमवर्ड' ने बेंगलुरु में विभिन्न स्थानों पर अपने अत्यधिक सफल दौर का समापन किया, जिसने हजारों आगंतुकों को आकर्षित किया और तिब्बत के इतिहास, संस्कृति और भारत के साथ इसके स्थायी संबंध के बारे में सार्थक बातचीत को बढ़ावा दिया।

### तिब्बती सेटलमेंट अधिकारी ने डीसी को बताईं समस्याएं



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बती सेटलमेंट अधिकारी कुंचोक मिग्मार ने जिला कांगड़ा के डीसी हेमराज बैरवा के साथ मिलकर धर्मशाला नगर निगम के आयुक्त, वन विभाग के कर्मचारियों, लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों और मैकलोडगंज पुलिस थाना प्रभारी के साथ मैकलोडगंज में चल रहे विकास कार्यों का संयुक्त निरीक्षण किया। तिब्बती सेटलमेंट अधिकारी ने यातायात की समस्याओं, सड़क की क्षति और अपर्याप्त स्ट्रीट लाइटिंग सहित कई समस्याएं उठाईं। इस मौके पर डीसी ने संबंधित टीमों को लंबित कार्यों को प्राथमिकता देने और पूरा करने का निर्देश दिया।

### स्टूडेंटस ने चंद्रेला माता मंदिर में टेका माथा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय रिड़कुमार के छात्र-छात्राओं ने शाहपुर की सल्ली घाटी की हसीन वादियों में स्थित चंद्रेला माता मंदिर का भ्रमण किया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल चंद्रेला माता मंदिर के ऐतिहासिक महत्व से परिचित कराना था, बल्कि उन्हें प्रकृति के अद्वितीय सौंदर्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना भी था। सल्ली घाटी से चंद्रेला ट्रेक तक का लगभग 10 किलोमीटर का सफर बच्चों ने पैदल तय किया। इस यात्रा ने न केवल उन्हें शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व से रू-ब-रू करवाया, बल्कि सामूहिकता और प्रकृति के साथ जुड़ने का अनोखा अवसर भी प्रदान किया। यह ट्रैक प्रसिद्ध लाम डल झील के रास्ते में पड़ता है, जो इस यात्रा को और भी खास बनाता है। चंद्रेला माता मंदिर पहुंचकर छात्र-छात्राओं ने भजन-कीर्तन का आयोजन किया, जिससे मंदिर परिसर में एक आध्यात्मिक माहौल बन गया। इस दौरान बच्चों में उत्साह और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। चंद्रेला माता मंदिर का भ्रमण महाविद्यालय के 60 से अधिक छात्र-छात्राओं ने किया।

### रजोल कॉलेज में गेस्ट लेक्चर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, रजोल।** शिक्षा महाविद्यालय रजोल में शुक्रवार को नई दिशा केंद्र के तहत गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें जोनल अस्पताल से रीना व



मिस्टर अमित ने किशोरावस्था से संबंधित जानकारी छात्रों को दी। साथ ही किशोरावस्था से संबंधित होने वाले परिवर्तनों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। किशोरावस्था में छात्रों को क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए इसकी जानकारी भी छात्रों को दी गई। गेस्ट लेक्चर में महाविद्यालय की प्रधानाचार्य विजेयता चौधरी ने रीना व अमित को गेस्ट लेक्चर के लिए धन्यवाद किया व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### धर्मशाला में गृह मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** आल इंडिया आंबेडकर महासभा ने वीरवार को धर्मशाला में केंद्रीय मंत्री अमित शाह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। महासभा के सदस्यों ने आंबेडकर महासभा से उपायुक्त कार्यालय तक रैली निकाली और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह का इस्तीफा मांगा। इसके उन्होंने उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। ऑल इंडिया आंबेडकर महासभा की अध्यक्ष रूप रेखा ने बताया कि इस प्रदर्शन का उद्देश्य केंद्रीय मंत्री के खिलाफ रोष जताना था। इस आयोजन में जिला भर के सदस्य शामिल हुए।

### रैहन फीडर के तहत आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** आगामी विद्युत उपमंडल रैहन के तहत पड़ते 11 केवी फीडर रैहन के उचित रखरखाब के चलते उक्त फीडर के तहत पड़ने वाले क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति 28 दिसंबर को बाधित रहेगी। कार्यवाहक सहायक अभियंता अभिजीत सिंह ने बताया उक्त फीडर के उचित रखरखाब के चलते रैहन के तहत पड़ते रैहन, राजा का तालाब, गोलवां, छत्र, दीनी व आसपास के क्षेत्रों की विधुत आपूर्ति सुबह 9 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी।

# पुलिस ने अवैध खनन करने पर एक जेसीबी, 3 ट्रैक्टर किए जब्त

## शिकायतें मिलने पर पुलिस थाना इंदौरा की टीम ने मंड क्षेत्र में की बड़ी कार्रवाई

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रत्न के दिशा-निर्देशानुसार पुलिस थाना इंदौरा की टीम ने मंड क्षेत्र में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में शामिल एक जेसीबी मशीन तथा तीन ट्रैक्टरों को अवैध खनन अधिनियम के अंतर्गत जब्त किया है।



इस संबंधी जानकारी देते हुए एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि मंड क्षेत्र में शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग अवैध तौर पर खनन करके खनन सामग्री क्रशर वालों को बिना किसी कागजात के दे रहे हैं, जिस पर थाना इंदौरा के प्रभारी इंस्पेक्टर आशीष पठानिया जब मंड क्षेत्र में पहुंचे तो अवैध खनन करते मौके पर एक जेसीबी मशीन तथा तीन ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया। वाहन चालकों की पहचान जसविंदर सिंह पुत्र सुखदेव, लतीफ हुसैन पुत्र बिल्ला खान नासिर जमादीन तथा सुखजीत सिंह पुत्र दिलबाग सिंह के तौर पर की गई है। इनके खिलाफ इंदौरा थाना में बीएनएस की धारा 303(2)3(5) तथा 21,22 अवैध खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी धर्मचंद वर्मा ने बताया कि किसी भी तरह का अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### नूरपुर में दो लोगों से 303 पेटी शराब व बीयर पकड़ी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत नशा माफिया के खिलाफ थाना नुरपुर के अंतर्गत सांझी पुल पर बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। पुलिस ने जतिन पाल पुत्र प्यारिया राम निवासी गांव सिलोड़ी तहसील चौपाल जिला शिमला व राकेश कुमार पुत्र मस्त राम गांव डुगनी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा के ट्रक से 271 पेटी देसी शराब, 27 पेटी अग्रेजी शराब व 5 पेटी बीयर बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना नूरपुर में आबकारी अधिनियम के अधीन मामला पंजीकृत करके आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

## अमृत योजना बुझाएगी बैजनाथ और पपरोला के लोगों की प्यास

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

जलशक्ति विभाग द्वारा हाल ही में मंजूर की गई केंद्रीय वित्त पोषित अमृत योजना के तहत शीघ्र ही बैजनाथ और पपरोला के नगरवासियों की प्यास बुझने वाली है। केंद्र सरकार द्वारा मंजूर की गई इस परियोजना के पूर्ण करने के लिए 38 करोड रुपए के टेंडर जारी हो चुके हैं तथा काम भी शुरू हो चुका है। हाल ही में पाइपें भी विभाग के बैजनाथ मंडल कार्यालय में पहुंच चुकी हैं। जानकारी देते हुए विभाग के अधिशाषी अभियंता राहुल धीमान ने बताया कि दोनों मुख्य नगरों के मध्य गुजरने वाली बिनवा खड्ड से धानग नामक स्थान पर ट्रेंच वेयर बनाई जाएगी तथा वहां से पानी उठाऊ योजना के तहत बैजनाथ और पपरोला दोनों शहरों में बनाए जाने वाले ओवरहेड टैंकों में 300 से 350 मिली डायामीटर की पाइपें डाली जाएंगी। आगे की सप्लाई ग्रेविटी सिस्टम से उपभोक्ताओं के घर-द्वार तक पहुंचेगी। पिछले कई सालों से नगर पंचायत के दोनों कस्बो के



शहरी तथा साथ लगते ग्रामीण क्षेत्रों के लोग पेयजल किल्लत से जूझ रहे हैं लिहाजा इस परियोजना का धरातल पर उतरना पेयजल विभाग के लिए बहुत बड़ी कामयाबी है। नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला के सभी 11 वार्डों में ओवरहेड टैंक भी बनाए जाने प्रस्तावित है जिन्हें पाइपों के माध्यम से आपस में जोड़ा जाएगा। जलशक्ति विभाग मंडल बैजनाथ के अधिशाषी अभियंता राहुल धीमान और कनिष्ठ अभियंता राजेश शर्मा ने बताया कि मंडल कार्यालय में पानी की पाइपों की पहली खेप पहुंच चुकी है। यह परियोजना लगभग डेढ़ वर्ष में पूरी की जानी है। इसे हाल ही में प्रदेश वित्त विभाग द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है जिसकी एवज में अब टेंडर लगाए जा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### ठंड में आग सेंकने का आनंद



डाडासीबा। जिला के उपमंडल देहरा में पहली बारिश से ठंड का एहसास होने लगा है। शुक्रवार से अचानक डाडासीबा एवं साथ लगते क्षेत्रों में ठंड बढ़ने से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। ज्यादातर लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखे। शुक्रवार सुबह कांगड़ा जिले के ऊपरी इलाकों में पहाड़ों पर हल्की बर्फबारी का दौर शुरू होने से उपमंडल देहरा के निचले इलाकों डाडासीबा व आसपास के क्षेत्रों में ठंड का प्रकोप बढ़ने लगा। मौसम बदलने से जहां लोगों को शुष्क ठंड से राहत मिली है, वहीं किसानों में बारिश होने की उम्मीद जगी है। शुक्रवार को अचानक ठंड बढ़ने से जगह-जगह दुकानदार आग सेंकते हुए नजर आए। (अनंत ज्ञान)

## नियमित बस न चलने से धानग के लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** धानग गांव के लिए शाम के समय चलने वाली बस के नियमित न चलने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धानग गांव के पंचायत प्रधान रोहित कपूर ने बताया कि ग्राम पंचायत धानग के लिए बैजनाथ से शाम सवा पांच बजे बस चलती है, लेकिन आए दिन बस कभी छह बजे कभी साढ़े छह बजे जा रही है। इसके लिए पंचायत प्रधान को खुद क्षेत्रीय प्रबंधक को फोन करना पड़ता है। सवारियों ने वीरवार शाम को बस अड्डे में इसको लेकर हंगामा भी किया।

### धौलाधार की पहाड़ियों पर हल्की बर्फबारी, तापमान में गिरावट

## कड़ाके की ठंड में घरों में दुबके लोग

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा में शुक्रवार सुबह से ही धौलाधार पर्वत श्रृंखला व त्रियुंड घाटी में लगातार हल्की बर्फबारी होती रही, जिसके चलते जिले में तापमान में काफी गिरावट देखी जा रही है। धर्मशाला के साथ लगते ऊपरी क्षेत्र भागसुनाग, मैक्लोडगंज, नड्डी, सतोवरी आदि क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने के कारण स्थानीय लोग अपने अपने घरों में ही दुबके रहे। धर्मशाला में बढ़ती ठंड के कारण जहां एक और बाजार देर से खुले तो वहीं, ठंड के कारण सारा दिन बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। माना जा रहा है पर्यटन नगरी धर्मशाला जल्द ही सैलानियों से गुलजार नजर आएगी।



वहीं, होटल कारोबारी भी लंबे समय से वर्षा व हिमपात के इंतजार में लगे हुए हैं। मौसम का मिजाज तो बदला है, मगर अभी तक तेज वर्षा न होने के कारण सबके सेहरों पर मायूसी देखी जा रही है। मौसम विभाग का मानना है कि अगर अगले दो दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहा तो भारी वर्षा व हिमपात की संभावना देखी जा रही है। शुक्रवार को कड़ाके की ठंड होने के कारण लोग भी घरों में दुबकने को मजबूर हुए।

बता दें कि बरसात के चलते टूरिस्ट सीजन में भारी गिरावट आती है और पर्यटन कारोबारियों का काम मंदा पड़ जाता है, लेकिन सर्दियों के मौसम में सैलानी धर्मशाला आना बेहद पसंद करते हैं।

हालांकि धर्मशाला के निचले क्षेत्रों की बात करें तो लोग अभी भी वर्षा का इंतजार करते देखे जा रहे हैं। गेहूं की खेती के लिए वर्षा का होना जरुरी हैं। पिछले दो महिने से वर्षा न होने के कारण गेहूं की फसल बर्बादी की और बढ़ती जा रही है। चंगर क्षेत्रों में तो किसान अभी भी गेहूं की बिजाई का कार्य शुरू कर पाए हैं। यहां की खेती पूरी तरह से वर्षा पर निर्भर है। (अनंत ज्ञान)

## डॉ. विशाल को चुना भाजपा मंडल धर्मशाला शहरी का अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला**

डॉ. विशाल सिंह नैहरिया को भाजपा मंडल धर्मशाला शहरी अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर धर्मशाला के भाजपा विधायक सुधीर शर्मा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा सहित भाजपा के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।



धर्मशाला शहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष चुनने पर डॉ. विशाल सिंह नैहरिया ने कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह निष्ठता व ईमानदारी के साथ पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि धर्मशाला शहरी मंडल को मजबूत करना उनकी प्राथमिक्ता रहेगी। उन्होंने कहा कि वह मंडल को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे तथा पार्टी को और अधिक मजबूत करेंगे।

वहीं, भाजपा मंडल धर्मशाला ग्रामीण का जिम्मा अधिवक्ता भुवनेश चौधरी को सौंपा गया है। भाजपा मंडल धर्मशाला ग्रामीण के लिए नियुक्त चुनाव अधिकारी अधिवक्ता अरविंद शर्मा, भाजपा प्रदेश विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक ने रक्कड़ में आयोजित बैठक में अधिवक्ता भुवनेश चौधरी के नाम की घोषणा की। विधायक सुधीर शर्मा ने उन्हें बधाई दी है।

## सोनू नगरोटा बगवां भाजपा मंडल के अध्यक्ष नियुक्त



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

सलोआ महादेव मंदिर समलोटी के प्रार्थना हॉल में शुक्रवार को नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के दो भाजपा मंडलों के अध्यक्षों की सर्वसम्मति से नियुक्ति की गई। इसके लिए नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह निक्का पर्यवेक्षक के रूप में पधारे व प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्वानुसार प्रदेश महासचिव व प्रभारी बिहारी लाल शर्मा के समक्ष सर्वसम्मति से सोनू चौधरी को नगरोटा बगवां मंडल व अजीत राणा को समलोटी-बड़ोह भाजपा मंडल का अध्यक्ष घोषित किया गया।

**अजीत को सौंपी समलोटी-बड़ोह भाजपा मंडल की कमान**

इस अवसर पर विधायक निक्का ने समस्त कार्यकर्ताओं को पूरी तत्परता व सजगता से पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने की विनम्र अपील की। उन्होंने दोनों नवनियुक्त अध्यक्षों को सब कार्यकर्ताओं की भावनाओं के अनुरूप कार्य करने के निर्देश भी दिए। वहीं, जिला मीडिया प्रमुख अतुल सूदन सहयोगी के तौर पर रणवीर सिंह निक्का के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे। इससे पूर्व पूर्व विधायक अरुण मेहरा ने समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार के लिए दिन-रात एक करने की प्रार्थना की।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ चंद्रभूषण नाग, जिला उपाध्यक्ष बलराम पुरी, जिला किसान मोर्चा प्रमुख अभिनय भाटिया, जिला अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष ओपी हीर, पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ब्रह्मानंद, सुरेश दीवान, सुरेंद्र मेहता सहित सभी मंडल मोर्चों के अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## श्मशानघाट की सालों से बंद पड़ी पानी की सप्लाई को ग्रामीणों ने किया बहाल

**अनंत ज्ञान, डरोह**

ग्राम पंचायत चांदड़ बमियाल के गांव होला में ग्रामीणों ने सालों से बंद पड़ी श्मशानघाट की पानी की सप्लाई को बहाल कर दिया। गत दिवस गांव होला में श्मशानघाट को जाने वाली पाइपलाइन को पुन: चालू कर दिया गया है। इसका श्रेय समाजसेवी व यूथ एंड फिटनेस अकादमी के डायरेक्टर संजय चौधरी को जाता है, जिन्होंने कड़ी मेहनत करके अपने साथ अमर सिंह, हर्ष कुमार (बाबू) नितिश (तीसू) पर्व (पंडि) तथा वाटर सप्लाई लाइनमैन पवन व सोनू ने मिलकर इस कार्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



इस कार्य के लिए रमेश चंद चौधरी रिटायर्ड प्रिंसिपल ने भी वित्तीय सहायता प्रदान की है। संजय चौधरी ने कहा कि श्मशानघाट के पास बने शेड के साथ एक टंकी रखी जाएगी, ताकि 24 घंटे पीने के पानी की सुविधा प्राप्त हो सके तथा अंतिम संस्कार हेतु श्मशानघाट के पास एक और टंकी रखी जाएगी, जिसके लिए चार-पांच पाइपों की जरूरत पड़ेगी। कोई दानी सज्जन मदद करना चाहे तो कर सकता है, ताकि अंतिम संस्कार की अन्य गतिविधियों के लिए भी इस पानी का प्रयोग हो सके। इसके साथ साथ किसानों को भी पानी पीने का लाभ पहुंचेगा जोकि खेतीबाड़ी के लिए बल्ह में काम करते रहते हैं। यह पुनीत कार्य होने से समस्त ग्राम वासी बहुत खुश हैं।

### महिला की मिर्गी का दौरा पड़ने से मौत

**फतेहपुर।** पुलिस थाना फतेहपुर के तहत पंचायत लोहारा के गांव घोली की करीब 33 वर्षीय महिला बबिता की मिर्गी का दौरा पड़ने कारण मौत हो गई है। जानकारी देते हुए मृतका के पति दिनेश कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी को पहले भी मिर्गी के दौरे पड़ते थे। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे फिर उसे दौरा पड़ा, जिस पर काफी देर तक उसे पकड़े रखा, इतने में ही आंख लग गई। जैसे ही सात बजे करीब आंख खुली तो उसकी पत्नी बिस्तर पर पड़ी थी, जिसे सिविल अस्पताल फतेहपुर लाया गया, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी फतेहपुर पवन गुप्ता ने कहा पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर ससुराल व मायके पक्ष के बयान दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, डॉक्टर स्वपनिल सेखड़ी ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला की मौत हो चुकी थी।

## परमार ने नवाजे जीसीएम स्कूल के होनहार

### स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**राकेश डोगरा, डरोह**

जीसीएम पब्लिक स्कूल भवारना में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य समीर सूद, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने समारोह के मुख्यातिथि सुलह क्षेत्र के विधायक विपिन परमार का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप-प्रज्ज्वलन और विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत से हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने नृत्य और गायन से खूब समां बांधा। वहीं, मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को जीवन



में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास रत रहने के लिए प्रेरित किया।

स्कूल की उपप्रधानाचार्या सोनिया सूद ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्कूल में हर वर्ष दी जाने वाली छात्रवृत्ति इस वर्ष दूसरी कक्षा के तनिश कुमार को प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि ने स्कूल के होनहार बच्चों को स्मृति चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त वर्ष भर में सभी गतिविधियों में अव्वल रहे रोज सदन को बेस्ट हाउस के खिताब से नवाजा गया। इसके उपरांत प्रधानाचार्य ने उपस्थित जन समूह और अतिथिगण का आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** चंडीगढ़ के टैगोर थियेटर के सभागार में 'सीफेरर्स-अधिकार और रोजगार' विषय पर कार्यक्रम आयोजित

## अब सरकार के समक्ष आसानी से समस्याएं रख सकेंगे नाविक

**सालबिया शर्मा, गरली**

भारतीय नौवहन महानिदेशालय (डीजी-शिपिंग) के नौवहन उप महानिदेशक कैप्टन डॉ. डैनियल जोसेफ ने मर्चेंट नेवी के नाविकों के अधिकारों की रक्षा का भरोसा दिलाया है।

शुक्रवार को चंडीगढ़ के टैगोर थियेटर के सभागार में 'सीफेरर्स-अधिकार और रोजगार' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे डॉ. जोसेफ ने कहा कि अब पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के सीफेरर्स (नाविकों) को अपनी समस्याओं और अधिकारों को सरकार के



समक्ष रखने में आसानी होगी। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में कैप्टन संजय पराशर के नेतृत्व में चंडीगढ़ में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है, जिसके निकट भविष्य में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। इस कार्यक्रम में में नाविकों ने खुले मंच पर अपनी समस्याओं को उठाया।

कैप्टन डॉ. डैनियल जोसेफ ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नाविकों से बातचीत करते हुए कहा कि भारतीय मर्चेंट नेवी के नाविकों के अधिकारों की रक्षा करना डीजी शिपिंग की प्राथमिकता है। उन्हें ज्ञात हुआ था कि पंजाब और साथ लगते राज्यों के नाविकों को अपनी बात या समस्या रखने के लिए मुंबई या दिल्ली के कार्यालयों पर निर्भर रहना पड़ता है।

यह प्रक्रिया भी बेहद लंबी है, जबकि ऑनलाइन प्रक्रिया से कई नाविकों को पर्याप्त जानकारी नहीं होती है। ऐसे में कई बार वे अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। कहा कि सरकार नाविकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनका समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अब नाविकों को अपनी परेशानियों को प्रभावी तरीके से सामने लाने का अवसर मिलेगा, इसके लिए संजय पराशर ने गहनता से कार्य किया है। पराशर पिछले अढ़ाई दशक से समुद्री नाविकों के हितों के लिए काम कर रहे हैं और कई अवसरों पर नाविकों को जोखिम से बाहर निकालने और जहां तक की उनकी जान बचाने में भी पराशर ने मदद की है। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने स्तर पर इस दिशा में सभी जरूरी कदम उठाएंगे, ताकि सीफेरर्स की स्थिति में सुधार हो सके और उन्हें उचित सम्मान मिल सके। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### भाटी के बच्चों को बांटे बैग, कॉपी और पेन



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** गत दिवस भाजपा नेता कमल शर्मा ने प्राइमरी स्कूल भाटी में जाकर बच्चों को बैग, कॉपी और पेन बांटे। भाजपा नेता कमल शर्मा ने कहा कि 2022 में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा घोषित वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह के शहीद साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। इन साहिबजादों ने धर्म और मानवता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया था। इन्हीं के सम्मान और याद में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर ब्लॉक समिति सदस्य पम्मी चौधरी, युवा मोर्चा के सचिव रिपन चौधरी उनके साथ रहे।

### ढलियारा कॉलेज का एनएसएस कैंप संपन्न



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में सात दिवसीय कैंप का समापन मौन के साथ किया गया। इस अवसर पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। एनएसएस अधिकारियों ने छात्रों द्वारा सात दिन किए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि सात दिवसीय कैंप में कौन-कौन से काम किए गए। इस अवसर पर एनएसएस समन्वयक डॉ. शर्मिता पठानिया एवं डॉ. सुरेश राणा ने छात्रों के मनोबल को बढाते हुए कहा कि ऐसे कैंप मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी होते है, जिससे हमें हमारी कुशलता के बारे में पता चलता है। इस अवसर पर प्रो. सुशील भारद्वाज, प्रो. पीतांबर, प्रो. जगदीप सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और छात्रों को इस सात दिवसीय कैंप के समापन पर आभार व्यक्त किया और उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

### फोरलेन बनने से शाहपुर की जनता टेंशन में


**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर में एनएचएआई द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण के कार्य से लोग काफी तनाव में हैं। हाल ही में जहां शाहपुर बाजार को उजाड़ने से बचने के लिए शाहपुर बाजार बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया गया था, जिन्होंने इसे बचाने के लिए क्रमिक भूख हड़ताल भी राखी तथा सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के आश्वासन पर इसे स्थगित कर दिया गया था। इसके चंद दिनों बाद यह खुलासा हुआ कि 22 दिसंबर तक शाहपुर बाजार में चौड़ाई को तीन मीटर तक कम कर दिया जाएगा, जिसका खुलासा स्वयं सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा तथा सांसद डाक्टर राजीव भारद्वाज शाहपुर में करेंगे। अभी सोशल मीडिया में यह खबर भी देखने को मिली की तीन मीटर चौड़ाई शाहपुर बाजार की कम कर दी गई है, जबकि दो मीटर राज्य सरकार कम करवाने में सक्षम है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में डॉ. मनमोहन का अहम योगदान : शांता

## पूर्व केंद्रीय मंत्री ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री और महान अर्थशास्त्री के निधन पर जताया गहरा शोक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि वह भारत के एक महान अर्थशास्त्री और भारत माता के एक यशस्वी पुत्र थे। उन्होंने भारत की आर्थिक नीतियों को नए वातावरण में ढालने का बहुत बड़ा काम किया। भारत में जो आर्थिक सुधार हुए उन आर्थिक सुधारों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई और आज हम दुनिया के 190 देशों में सबसे अमीर पांच देशों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसमें डॉ. मनमोहन सिंह का बहुत बड़ा योगदान था।



डॉ. मनमोहन सिंह के होते हुए कंपनी एक्ट में एक बहुत बड़ा लाभदायक संशोधन हुआ। संशोधन यह हुआ कि भारत की जितनी सरकारी व अर्धसरकारी कंपनियां, जिनका टोटल टर्नओवर पांच करोड़ से ज्यादा है, वे अपने लाभ का 2 प्रतिशत समाजसेवा में लगाएंगी। शांता कुमार ने कहा कि उस समय सांसद रहते मैं एक स्टैंडिंग कमेटी का अध्यक्ष बना, जो इस विषय पर विचार करती थी। मैं यह जानकर बड़ा हैरान हुआ कि सरकार की 100 के लगभग सरकारी कंपनियां थीं और उन्हीं का लगभग 10 हजार करोड़ रुपए 2 प्रतिशत लाभ में आता था। सारा पैसा समाजसेवा के लिए प्रयोग करना शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री के रूप में जब मैंने पन बिजली योजनाओं में निजी क्षेत्र को लाने की बात की थी तो स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के परामर्श पर मैं उस समय के वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह से मिला था तो उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए इस प्रस्तावना को स्वीकृत करवाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। शांता कुमार ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह चुप रहते थे, लेकिन काम बहुत करते थे। आर्थिक विषयों पर उनकी बहुत विशेषज्ञता थी। उनके निधन के कारण हम सब बहत दुखी हैं। उन्होंने उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि भगवान उनको चरणों में स्थान दे।

## भारत ने अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक को खो दिया : केवल पठानिया



**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरजीत राणा एवं सभी पदाधिकारियों व ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रृद्धांजलि दी।

विधायक केवल पठानिया ने दुख भरे शब्दों में कहा कि भारत आज अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक मनमोहन सिंह हमारे बीच नहीं रहे। उनके चले जाने से कांग्रेस पार्टी को भारी क्षति हुई है। वह एक साधारण परिवार से उठकर एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक आर्थिक नीति पर एक मजबूत छाप छोड़ी। संसद में उनका हस्तक्षेप भी व्यावहारिक था। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए। उनके देश निर्माण में योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। पठानिया ने कहा भगवान उनके परिवार को इस दु:खद घड़ी में इस गहरे सदमे को सहने की ताकत दे।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस महासचिव प्रदीप बलोरिया, महासचिव कुलभूषण चैहान, ब्लॉक् काँग्रेस ओबीसी सेल के अध्यक्ष सुरेश पटाकू, विजय पठानिया, सुरेश मेहरा, डॉक्टर अश्वनी शर्मा, सुशील पठानिया, नरेंद्र बलोरिया, रमा कांत बंधु, धनजंय सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री और महान अर्थशास्त्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर पूर्व विधायक अजय महाजन सहित नूरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवा दल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के सभी पदाधिकारियों और तमाम ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रख कर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। अजय महाजन ने दुख भरे शब्दों में कहा कि भारत देश के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक डॉक्टर मनमोहन सिंह के चले जाने से कांग्रेस पार्टी को भारी क्षति हुई है। वह एक साधारण परिवार से उठकर एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर एक मजबूत छाप छोड़ी। अजय महाजन ने कहा कि भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। गौर रहे कि राज्य सरकार की ओर से जारी किए गए आदेशों के अनुसार सरकारी कार्यालयों में दो दिन का अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश 27 और 28 दिसंबर को रहेगा। इस दौरान सरकारी दफ्तर और स्कूलों के अलावा बोर्ड और निगम के ऑफिस भी बंद रहेंगे। डेली वेजर कर्मचारियों के लिए ये दोनों दिन की छुट्टियां पेड हॉलीडे के रूप में मानी जाएंगी।

## डॉ. मनमोहन को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर वन विभाग विश्राम गृह इंदौरा में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें विधायक मलेंद्र राजन, पूर्व महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमल किशोर, पूर्व जिला अध्यक्ष कर्ण सिंह पठानिया, ब्लॉक कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष दविंद्र मनकोटिया सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक महान अर्थशास्त्री थे, जिन्होंने ऐसे समय में जब संपूर्ण विश्व आर्थिक विषमता से जूझ रहा था। भारत की अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि वे एक ऐसा व्यक्तित्व थे, जिनकी प्रशंसा उनके विरोधी भी किया करते थे।



## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन को दी श्रद्धांजलि



बैजनाथ । पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बैजनाथ में एक सादे कार्यक्रम में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के प्रिंसिपल हर्षवर्धन राणा के नेतृत्व में स्कूल स्टाफ तथा बच्चों ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री और महन अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी तस्वीर पर फूल मालाएं व श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर प्रधानाचार्य हर्षवर्धन राणा ने डॉ. मनमोहन सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। (अनंत ज्ञान)

# अनिल नंदा और रविंद्रा कुमारी ने पपरोला विद्यालय को गोद लेने का लिया निर्णय

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**





पपरोला शहर के प्रमुख व्यवसायी अनिल नंदा (नीटू) और सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रविंद्रा कुमारी ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पपरोला को गोद लेने का निर्णय लिया है। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य शुभकरण ने बताया कि अनिल नंदा और रविंद्रा कुमारी इससे पहले भी विद्यालय की विकासात्मक गतिविधियों में सहयोग देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना के तहत यदि विद्यालय में कोई शिक्षक नहीं है, तो वे विद्यालय के लिए निजी प्रयासों से शिक्षक उपलब्ध करवाएंगे। इसके अलावा जरूरतमंद विद्यार्थियों को पठन-पाठन सामग्री, वर्दी, किचन गार्डन और अन्य जरूरत का सामान विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। अनिल नंदा और राजेंद्रा कुमारी ने बताया कि उनकी यह प्रबल इच्छा थी कि वह समाज के लिए कुछ करें लिहाजा आने वाले दिनों में वे विद्यालय के प्रत्येक जरूरतमंद को आर्थिक और सामाजिक तौर पर सहायता उपलब्ध करवाएंगे। अनिल नंदा अक्सर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं तथा रविंद्रा कुमारी सेवाकाल के दौरान बतौर अध्यापक कई छात्र-छात्राओं की मदद करती रही हैं।

## देवेंद्र राणा बने जयसिंहपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष



**जयसिंहपुर।** देवेंद्र राणा को दूसरी बार सर्वसम्मति से जयसिंहपुर भाजपा मंडल का अध्यक्ष चुन लिया गया। देवेंद्र राणा को दोबारा अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष पायल वैद्य ने की। इस मौके पर जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घनश्याम शर्मा, लंबागांव ब्लॉक समिति अध्यक्ष कुलवंत राणा, किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय पठानिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा एवं राम रत्न शर्मा के अतिरिक्त अजय कबीर, अनुराधा शर्मा, उषा राणा, सरस्वती जरयाल, विंता मीरा राणा, बनीता धीमान, रणवीर सिंह मौजूद रहे। **(अनंत ज्ञान)**

# कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में अब दो-दो भाजपा मंडल अध्यक्ष

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में अब भाजपा मंडल के दो अध्यक्ष होंगे। शुक्रवार को भाजपा के चुनाव प्रभारी प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में मटौर में सर्वसम्मति से श्री बज्रेश्वरी मंडल भाजपा की कमान रणजीत सिंह और जयंती भाजपा मंडल की कमान अशोक कुमार को सौंपी गई। कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में 101 पोलिंग बूथ हैं। बूथ एक से 55 तक बज्रेश्वरी भाजपा मंडल की कमान अनुसूचित जाति से संबंधित कच्छयारी पंचायत के पूर्व प्रधान रंजीत सिंह तो पोलिंग बूथ नंबर 56 से 101 जिसमें अधिकतर चंगर क्षेत्र शामिल हैं, की कमान तियारा से संबंधित पूर्व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ओबीसी चेहरा अशोक कुमार को सौंपी गई।

पिछले दस सालों से कांगड़ा मंडल के लगातार दो बार अध्यक्ष रहे सत प्रकाश सोनी को डेलिगेट चुना गया। चुनाव प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि सर्वसम्मति से कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के दो मंडल भाजपा अध्यक्षों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा 15 दोनों के भीतर नवनिर्वाचित अध्यक्ष मंडल भाजपा कार्यकारिणी का गठन कर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां देंगे।

**रणजीत सिंह को बज्रेश्वरी मंडल और अशोक कुमार को जयंती मंडल की कमान**

वहीं, नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह और अशोक कुमार ने कहा कि भाजपा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और स्थानीय विधायक पवन काजल की अगुवाई में क्षेत्र में भाजपा को बूथ स्तर पर मजबूत करके प्रदेश सरकार की नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

स्थानीय विधायक पवन काजल से परामर्श के बाद मंडल भाजपा की कार्यकारिणियों का गठन किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया दौरान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता देवेंद्र कोहली, रजनीश मोना, रमेश महेशी, शंकर, राकेश मेहरा, चंपा भारद्वाज, बबीता संधू, रोशन लाल सीहोता, भूवनेश्वर मनकोटिया, सहित बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### सुरक्षा गार्ड के लिए साक्षात्कार आज

**ज्वालामुखी।** सिस इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा गार्ड व सुरक्षा सुपरवाइजर के पद क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी धर्मशाला जिला कांगड़ा को अधिसूचित किए हैं। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी आकाश राणा ने बताया कि इच्छुक लोग 28 दिसंबर को उपरोजगार कार्यालय ज्वालामुखी में सुबह 11 बजे पहुंचकर उक्त कंपनी के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

## जलशक्ति विभाग के अधिकारी पर करोड़ों के भ्रष्टाचार के आरोप

**अनिल छांगू, जवाली**

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ ने जलशक्ति विभाग जवाली पर करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं, जिसकी शिकायत सेंट्रल विजिलेंस आयोग में दर्ज करवाई है।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ के सह निदेशक राजेश सिंह पठानिया ने विभाग के आलाधिकारी पर आरोप लगाया है कि केंद्र की योजनाओं में लगभग एक करोड़ रुपए, केंद्र की जल जीवन मिशन योजना में लगभग पांच करोड़ रुपए, केंद्रीय सिंचाई योजना सीएडी में लगभग चार करोड़ रुपए, शहरी डेवेलपमेंट योजना में लगभग तीन करोड़ रुपए का घोटाला, जल जीवन मिशन के ही अंतर्गत प्रचार प्रसार में खर्च होने वाली राशि में 70-80 लाख रुपए का भ्रष्टाचार हुआ है। राजेश सिंह पठानिया ने तथ्य सहित सबूत केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपे हैं। उन्होंने जल शक्ति विभाग जवाली के आलाधिकारी की संपत्ति की जांच की भी मांग उठाई है। (अनंत ज्ञान)

**अधिशाषी अभियंता ने नकारे आरोप**

**इस** बारे जल शक्ति विभाग जवाली के अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा ने कहा कि उनके ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं। उन्होंने कहा कि उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर इस मामले की जांच होती है तो वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे।

# चीन सरकार की ओर से विश्वविद्यालय से तिब्बती भाषा को हटाने का किया विरोध

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

तिब्बत में चीन द्वारा तिब्बती भाषा को विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षाओं से हटाए जाने पर मैक्लोडगंज स्थित तिब्बती प्रशासन व तिब्बती समुदाय के लोगों ने गहरी चिंता और विरोध प्रकट किया है। स्थानीय पर्यवेक्षकों के अनुसार, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की सरकार द्वारा व्यवस्थित प्रयासों के परिणामस्वरूप तिब्बती भाषा को लगातार शैक्षणिक संस्थानों से हटाया जा रहा है, जिससे तिब्बत में दूसरी सांस्कृतिक क्रांति शुरू हो गई है।

हाल ही में यह दावा किया गया है कि तिब्बती भाषा को विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षाओं से हटाया जा सकता है, जिससे तिब्बती छात्रों, कलाकारों और शिक्षकों में व्यापक बेहश शुरू हो गई है। 2021 से चीन सरकार के अधिकारियों ने तिब्बती भाषा शिक्षा में विशेषज्ञता रखने वाले मठों में कई निजी स्कूलों और प्राथमिक स्कूलों को जबरन बंद कर दिया है। 12 जुलाई को चीनी सरकार ने गोलोग, अमदो में पुरस्कार विजेता जिग्मे ग्यालत्सेन नेशनलिटीज वोकेशनल हाई स्कूल को जबरन बंद करने का आदेश दिया है। इससे पहले जून में, तकत्संग ल्हामो कीर्ति मठ स्कूल, जिसमें लगभग 500 छात्रों को लगातार सख्त प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा, जब तक कि इसे अंतत: बंद नहीं कर दिया गया। 31 अक्तूबर, 2021 को न केवल ड्रैकगो मठ के गेडेन नांगटेन (अंग्रेजी बौद्ध) स्कूल को बंद कर दिया गया, बल्कि कक्षाओं, छात्रावासों और अन्य सुविधाओं को भी ध्वस्त कर दिया गया। 2022 में यह कार्रवाई और भी तेज हो गई, जब करजे प्रांत में तीन अतिरिक्त स्कूलों को अपना काम बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। चीन की सरकार ने तिब्बती क्षेत्रों में बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए हैं, जहां लगभग एक मिलियन तिब्बती बच्चे, जिनकी उम्र 4 से 18 वर्ष के बीच है, को वर्तमान में जबरन नामांकित किया गया है और उन्हें उनके परिवारों से दूर रखा गया है, जिससे उन्हें अपने धर्म, संस्कृति और भाषा को सीखने और खुद को परिचित करने के अवसर और स्थान से वंचित किया जा रहा है।

जुलाई 2024 में नगाबा प्रांत की राष्ट्रीयता और धार्मिक मामलों की समिति द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार, तकत्संग ल्हामो कीर्ति मठ स्कूल के बंद होने से पहले, नगाबा प्रांत में 69 प्राथमिक विद्यालय पूरी तरह से बंद कर दिए गए थे, 8 विद्यालयों को अन्य विद्यालयों में मिला दिया गया था और 33 प्राथमिक विद्यालयों की शिक्षा प्रणाली नगाबा प्रांत की 14वीं पंचवर्षीय योजना के अनुसार बदल दी गई थी। इन घटनाओं के बाद, पीआरसी सरकार ने मठों में तिब्बती भाषा के स्कूलों पर अपनी कार्रवाई को और तेज कर दिया है। मार्च 2013 में छात्रा त्सेरिंग ने अपने हाई स्कूल की शिक्षा की भाषा को चीनी में बदल दिए जाने पर विरोध में आत्मदाह कर लिया था। (अनंत ज्ञान)

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बंगवा जिला कांगड़ा।**

मिसल न./तह. /2024

ता. दा. 21.12.2024 ता. पेशी 27.1.2025

**अनुमान मुकदमा:** प्राथीया श्रीमति सरिता देवी पुत्री स्व. श्री तुलसी राम निवासी गांव सदरपुर डा. टाण्डा, तहसील नगरोटा बगंवा जिला कांगड़ा हि.प्र। **...प्रार्थी पक्ष**

**वनाम** **...प्रत्याक्षी पक्ष**

**बिषय:-** प्रार्थना पत्र जेर धारा 13 3 जन्म एवमं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अन्तर्गत जन्म तिथि 29.3.1969 ग्राम पंचायत सदरपुर के रिकार्ड में दर्ज करने बारे।

**अखवारी ईश्तहार वनाम आम जनता**

प्रार्थना पत्र प्राथीया श्रीमति सरिता देवी पुत्री स्व. श्री तुलसी राम निवासी गाव सदरपुर डा. टाण्डा तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस अदालत में उपस्थित होकर आवेदन किया कि प्रार्थीया का जन्म दिनांक 29.03.1969 को हुआ है परन्तु सहवन गल्ती से ग्राम पंचायत सदरपुर के रिकार्ड में दर्ज ना करवा सके। अत: ग्राम पंचायत सदरपुर के रिकार्ड में दर्ज करने हेतू आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: इस अदालती अखवारी ईश्तहार आम जनता को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस जन्म तिथि दिनांक 29.03.1969 को दर्ज करने बारे एतराज हो तो वह दिनांक 27.1.2025 को अदालत में समय 11.00 बजे स्वयं या वजरिया कौंसल उपस्थित होकर अपना उजर/एतराज प्रस्तुत कर सकता है। उपस्थित ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और जन्म तिथि दर्ज करने बारे नियमानतार आदेश पारित कर दिये जाएंगे ।

आज दिनांक 26.12.2024. को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**कार्यकारी अधिकारी नगरोटा बगवां**



## न्यूज ब्रीफ

### घुमारवीं महाविद्यालय में डॉ. मनमोहन के देहांत पर शोक



अनंत ज्ञान, घुमारवीं। राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्यद्वार पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो.प्रीतम लाल ने पूर्व प्रधानमंत्री को एक महान नेता बताते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के वरिष्ठतम प्राध्यापक डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक प्रख्यात एवं प्रखर अर्थशास्त्री, विद्वान शिक्षाविद् ,शांत राजनेता तथा एक विनम्र व्यक्तित्व के स्वामी थे। इस अवसर पर प्रो.सीता राम, डॉ.सूर्य कांत, प्रो.अमरपाल सभी प्राध्यापक कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

### धरोट गांव में एक व्यक्ति के साथ की मारपीट

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। पंजाब की सीमा के साथ लगते धरोट गांव में एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों द्वारा मारपीट की गई। थाना कोट कहलूर पुलिस ने राम लाल निवासी समलाह डाकखाना कहीवाल तहसील श्री आनंदपुर साहिब जिला रोपड़ की शिकायत के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि उसके घर पंजाब व हिमाचल की सीमा पर स्थित हैं। जिस कारण उसकी कुछ भूमि पंजाब में है तो कुछ हिमाचल के बिलासपुर जिला के धरोट में है। गत दिवस वह अपनी जमीन पर सिंचाई का पानी लगा रहा था। इस दौरान उसके तीन पड़ोसी वहां पर आ गए और कहने लगे कि सारा पानी क्या वह ही अपने खेतों में लगाएगा। आरोपी उसके साथ इस बात को लेकर बहसबाजी करने लगे। उसके विरोध जताने पर आरोपी गाली-गलौज करने लग गए। इतना ही नहीं आरोपियों ने उसके साथ मारपीट भी की। एसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने बताया कि थाना कोट कहलूर पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

### बाथरूम में गिरने से व्यक्ति की मौत

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। बरमाणा में एक व्यक्ति की बाथरूम में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने विक्रम भाटिया के ब्यान के आधार पर थाना बरमाणा में मामला दर्ज कर लिया है तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल भेज दिया है। पुलिस को दिए गए ब्यान में कहा कि 52 वर्षीय राम लाल निवासी खतेड़ डाकघर बरमाणा तहसील सदर जिला बिलासपुर बाथरूम में गिर गया था। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजनों ने बाथरूम का दरवाजा तोड़कर उन्हें बाहर निकाला तथा उपचार के लिए नागरिक अस्पताल डैहर पहुंचाया। जहां पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसके बेटे और रिश्तेदारों के ब्यान कलमबद्ध किए। उन्होंने उनकी मृत्यु पर किसी प्रकार का कोई शक जाहिर नहीं किया है। ए.एस.पी. बिलासपुर शिव चौधरी ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि थाना बरमाणा पुलिस द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### झंडूता कांग्रेस ने डॉ. मनमोहन के निधन पर जताया शोक

अनंत ज्ञान, झंडूता। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। विवेक कुमार ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री का देश के विकास में अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने देश को मनरेगा, आरटीआई, शिक्षा का अधिकार सहित अन्य ऐसी योजनाएं चलाई जिसका लाभ आज भी देश की जनता को मिल रहा है। विवेक कुमार ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह पंजाब विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने के बाद ऑक्सफोर्ड और कॉम्ब्रिज जैसे विश्व स्तरीय संस्थानों में शोधकर्ताओं में शामिल थे। पूर्व प्रधानमंत्री ने देश में गंभीर और विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में भी देश सर कभी झुकने नहीं दिया।

### चहुंमुखी विकास में डॉ. मनमोहन का रहा योगदान : धर्माणी



अनंत ज्ञान, घुमारवीं। भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री व अर्थशास्त्री डॉक्टर मनमोहन सिंह की तबियत बिगड़ने के बाद जहां एम्स अस्पताल दिल्ली में भर्ती किया गया था तो वहीं बीती रात उनका निधन होने से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन के पश्चात आज देश-प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में शोकसभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसी के मद्देनजर बिलासपुर जिला के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस घुमारवीं में भी शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी सहित कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्व. डॉक्टर मनमोहन सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया, जिसके पश्चात दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मशांति की कामना भी की गई। वहीं राजेश धर्माणी ने कहा कि देश के चहुमुखी विकास में डॉक्टर मनमोहन सिंह का योगदान हर देशवासी को सदैव याद रहेगा। साथ ही राजेश धर्माणी ने स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह को अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने व प्रदेश के सभी वर्गों के चहुमुखी विकास करने के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार के वचनबद्ध होने की बात कही है।

### पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर किया शोक प्रकट

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अचानक निधन पर हिमाचल किसान एवं जन कल्याण सभा हिमाचल प्रदेश ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री के पद पर भी रहते हुए अपना कार्य एक निष्ठा भाव, ईमानदारी से, किया गया। अपने कार्य में निपुण, व अर्थ शास्त्री थे। जिन्होंने इस देश के लिये अपने कार्यकाल में सभी वर्गों के उत्थान के लिये कार्य किया गया। राजनीती में भी किसी से कोई भेदभाव नहीं करते थे। सबको जोड़ने का कार्य किया। यह बात हिमाचल किसान एवं जन कल्याण सभा हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बृज लाल शर्मा ने कही।

### भराड़ी में अलग से व्यापार मंडल बनाकर पर्ची काटना गलत

अनंत ज्ञान, दधोल। शिव शक्ति व्यापार मंडल भराड़ी बाड़ा दा घाट के अध्यक्ष पृथी सिंह ने एक प्रेस बयान में कहा कि भराड़ी व्यापार मंडल पंजीकृत हो चुका है। परंतु भराड़ी व बाड़ा दा घाट में कुछ लोग जो कि खुद को व्यापर मंडल का सदस्य न मानकर अपना खुद का अलग व्यापर मंडल होने की बात कर रहे है। भराड़ी व्यापार मंडल के नाम पर 100 रुपए का शुल्क पर्ची काटकर ले रहे है और उस पर्ची के ऊपर न तो कोई पंजीकरण नंबर है न कोई आधार। अतः कल को कोई भी बात व्यापारियों के साथ होती है तो उसका जिम्मेवार शिव शक्ति व्यापार मंडल नही होगा। बल्कि वो तथाकथित लोग होंगे जो इस तरह का कृत्य कर रहे हैं उन्होंने कहा कि मेरा सभी व्यापारियों से निवेदन है कि नवगठित कार्यकारिणी का गठन हो चुका है साथ ही कोई व्यापारी अपनी रजिस्ट्रेशन करवाना चाहता है तो शिव शक्ति व्यापार मंडल में उनका स्वागत रहेगा। उन्होंने साथ में यह भी कहा कि व्यापार मंडल किसी राजनीतिक दल का हिस्सा नही है बल्कि व्यापारी एकता का परिचय है अतः दलों में न बंटकर सब व्यापारी एकजुट होकर चले ताकि भराड़ी बाड़ा दा घाट बाजार का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि हर महीने के चौथे रविवार को सभी व्यापारी बैठक का आयोजन करेंगे ताकि विकास कार्यों व व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करने पर चर्चा की जा सके।

### मनमोहन सिंह का निधन भारत के लिए अपूर्णीय क्षति

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। आम आदमी पार्टी के जिला बिलासपुर अध्यक्ष केशव नरियाल ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन भारत के लिए अपूरणीय क्षति है। इतिहास उन्हें एक महान और ईमानदार नेता के तौर पर याद रखेगा। वो सदैव ही सभी दलों से बेहद विनम्रता से मिलते थे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के जाने से हमें बहुत दुख है। सारे देश ने एक ऐसा व्यक्ति खोया है जो अपनी विनम्रता, सहजता, ईमानदारी और निष्ठा के लिए हमेशा जाना जाएगा। उनका कार्यकाल हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने हर वर्ग को कुछ न कुछ दिया है। उनको गए हुए अभी एक दिन भी नहीं हुआ है, लेकिन लोगों की भावनाएं सामने आते देखकर पता चला है कि एक महान व्यक्ति हमने खोया है।

# निजी व सरकारी भवन निर्माण में मलबा हर कहीं डंप किया तो होगी कार्रवाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर




फाइल फोटो

**अधिकारी जिले के किसी भी क्षेत्र में जाकर करेंगे निरीक्षण**

निजी व सरकारी भवन के निर्माण कार्य के दौरान निकले मलबे को अगर नदी के नजदीक या फिर नालों में फेंका तो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर मौके पर आकर आपका चालान कर सकता है। प्रशासन द्वारा चिन्हित की गई डंपिंग साइट पर ही मलबा फेंका जाना चाहिए, अन्य स्थानों पर अगर मलबा मिला तो बोर्ड के अधिकारी कभी भी पहुंच सकते हैं।

जानकारी के अनुसार माननीय उच्च न्यायालय द्वारा भी जारी गाइडलाइन के मुताबिक हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नियमों के तहत भारी भरकम जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है। बाकायदा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा समय-समय पर कई जगह पर जाकर निरीक्षण भी किया जाता है। खासकर यदि बोर्ड के पास यदि कोई शिकायत मिलती है तो उस पर तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाती है।

अभी हाल ही में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से मक डंपिंग मामले में एक कंपनी पर लाखों का जुर्माना भी किया है। वहीं, आगामी भविष्य में भी इस तरह की कोताही कंपनी को नहीं करने की हिदायत दी है। इसके अलावा लगातार बोर्ड की ओर से विभिन्न क्षेत्रों के निरीक्षण भी किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि निरीक्षण करके दौरान यदि खामियां पाई जाती हैं तो तो इसमें स्पॉट फाइन के साथ साथ राष्ट्रीय हरित न्यायालय के तहत जुर्माने का प्रावधान भी है। जिसके चलते लोगों को नियमानुसार प्रक्रिया अपनानी चाहिए। अन्यथा कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

**प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर के अधिकारियों ने जारी किए सख्त आदेश**

### मलबे को नदी-नालों आदि में फेंकना गलत : पवन



उधर, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ई. पवन शर्मा ने बताया कि जब भी लोग भवन निर्माण के लिए कटिंग का काम करते हैं, तो उससे निकलने वाले मलबे को नदी नालों आदि में फेंक देते हैं, जोकि सरासर गलत है। ऐसा करने पर बोर्ड द्वारा नियमों के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाती है। इसे लेकर माननीय उच्च न्यायालय ने निर्देश भी जारी किए हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि भवन निर्माण के दौरान नियमों की अवहेलना न करें। साथ ही यदि आपके आसपास कोई ऐसा करता है, तो तुरंत इसकी जानकारी विभाग को दें। ताकि समय रहते कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

# कश्मीरी मुस्लिम वर्ग के साथ मारपीट करने पर सामाजिक संस्थाओं में रोष

अनंत ज्ञान, बिलासपुर



जानकारी देते हुए गणमान्य।

गत दिवस जिला बिलासपुर के घुमारवीं में कश्मीरी मुस्लिम वर्ग के साथ कुछ लोगों द्वारा दुर्व्यवहार किया गया तथा उन्हें हिमाचल से निकल जाने का फरमान सुनाया गया।

मारपीट के साथ-साथ यहां से निकल जाने के लिए कहा गया। इस सारे प्रकरण का जिला बिलासपुर के मुस्लिम एवं सामाजिक संगठनों ने कड़े शब्दों से निंदा की है।

जामा मस्जिद जिला बिलासपुर के प्रधान हारुन मोहम्मद, द ऑल हिमाचल मुस्लिम आर्गेनाइजेशन के राज्य महासचिव मोहम्मद रफी एवं सर्व धर्म संभाव राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुस्ताक अहमद ने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्व जो सांप्रदायिक माहौल खराब कर रहे हैं। उनके खिलाफ जिला पुलिस प्रशासन एवं हिमाचल प्रदेश सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के देहांत होने के कारण रैली को दो दिन के लिए स्थगित किया गया है।

हारुन मोहम्मद, मोहम्मद रफी, मुस्ताक अहमद, नंद लाल परमार ने पुलिस अधीक्षक आईपीएस संदीप धवल से मांग कि है कि घुमारवीं में कश्मीरी मुस्लिम लोगों को प्रताड़ित एवं मारपीट करने वाले असामाजिक तत्वों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। उपरोक्त सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह किया है कि कश्मीर से आए मुस्लिम वर्ग को घुमारवीं में जो प्रताड़ित किया जा रहा है और कश्मीरी कहकर यहां से बाहर निकल जाने के लिए कहा जाता है, ऐसे लोगों पर कड़ी लगाम कसी जाए। कश्मीर से संबंधित मुस्ताक अहमद ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का है और हम भारतीय हैं। कोई भी भारतीय किसी भी प्रदेश में रोजी-रोटी कमाने के लिए आ जा सकता है एवं व्यापार कर सकता है।

**मनमोहन सिंह के देहांत के कारण रैली को किया स्थगित**

# सरकार पर बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का आरोप लगाया

अनंत ज्ञान, घुमारवीं



महेंद्र धर्माणी।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने प्रदेश सरकार पर बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया है। धर्माणी ने कहा कि खुद सरकार के ही विभाग के द्वारा किए गए ताजा सर्वे में यह बात सामने आई है कि जब से प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में शिक्षण संस्थान बंद किए हैं तब से बंद किए शिक्षण संस्थानों के करीब 67 बच्चे ऐसे भी है जो दोबारा किसी स्कूल में गए ही नहीं। यह बेहद हैरान कर देने वाला विषय है, सरकार इससे अनजान है।

सरकार द्वारा पिछले दो वर्षों में 1000 से अधिक शिक्षण संस्थान बंद किए गए हैं और इन शिक्षण संस्थानों को बंद करने के बाद बहुत से बच्चे ऐसे है जो शिक्षा जैसे मूलभूत अधिकार से वंचित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार में बेशक राजनीतिक मनसा के तहत भाजपा सरकार द्वारा खोले गए शिक्षा संस्थानों को बंद किया हो। यह फैसला आज प्रदेश के बच्चों पर भारी पड़ रहा है।

धर्माणी ने कहा एक तरफ तो कांग्रेस के ही पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह कहते थे कि प्रदेश में एक भी बच्चा अशिक्षित नहीं रहेगा और अगर उन्हें एक बच्चे के लिए भी स्कूल खोलना पड़े तो वैसा करेंगे। लेकिन वर्तमान में मुख्यमंत्री इसके विपरीत राजनीतिक द्वेष के तहत काम कर रहे हैं।

### डॉ. मनमोहन का देहावसान देश का नुकसान : संदीप

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के देहांत पर गहरा दुख जाहिर किया है।

संदीप ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह देश को सूचना का अधिकार, देश को खाद्य सुरक्षा का अधिकार, देश को रोजगार गारंटी का अधिकार, देश के हर बच्चे के लिए आवश्यक शिक्षा कानून के साथ साथ देश के किसानों को 76 हजार करोड़ के ऋण माफ करके देश की कृषि व्यवस्था पर एक नया अध्याय भी लिख चुके हैं। आधुनिक अर्थव्यवस्था के जनक और आज देश मे जितनी सम्पन्नता है उसके जनक डॉक्टर मनमोहन सिंह ही कहे जाएंगे। वाहेगुरू उनकी आत्मा को शांति बख्शे यही कामना संदीप सांख्यान ने की है।

# डॉ. मनमोहन सिंह की नीतियों ने अर्थव्यवस्था की नींव रखी : रामलाल

अनंत ज्ञान, बिलासपुर



श्रद्धांजलि देते कांग्रेस के नेता व अन्य।

कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक दूरदर्शी, सादगी पसंद, संवेदनशील, और विश्व स्तरीय अर्थशास्त्री व राजनीतिज्ञ थे।

राम लाल ठाकुर ने कहा डॉ. मनमोहन सिंह की सामाजिक और आर्थिक नीतियों ने वर्तमान भारत की अर्थव्यवस्था की नींव रखी है। रामलाल ठाकुर ने कहा डॉ. मनमोहन ने प्रधानमंत्री के पद पर भी रहते हुए अपना कार्य एक निष्ठा भाव, ईमानदारी से किया है वह अपने कार्य में निपुण व अर्थ शास्त्री थे। जिन्होंने इस देश के लिए अपने कार्यकाल में सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया और राजनीति में भी किसी से कोई भेदभाव नहीं करते थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर उनके प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की।

# घर जा रहे एक युवक के साथ की मारपीट

अनंत ज्ञान, झंडूता। थाना झंडूता के तहत आने वाले बैहनाजट्टां में घर जा रहे एक युवक के साथ मारपीट हुई। पुलिस को दी गई शिकायत में गौतम कुमार निवासी बैरी दड़ोलां डाकघर बैहनाजट्टां तहसील झंडूता जिला बिलासपुर ने कहा है कि गत सायं वह ड्यूटी से घर जा रहा था तो बैहनाजट्टां के पास चार युवाओं ने मारपीट की। आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर संबोधित भी किया।

आरोपियों से अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है। एसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध थाना झंडूता में एससी एंड एसटी एक्ट के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है। मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# किसानों ने मांगा ओटीएस स्कीम का गोल्डन चांस

अनंत ज्ञान, घुमारवीं



**आर्थिक मंदी के चलते हिमाचल के किसान संकट में, जमीनें कुर्की की चपेट में**

कोरोना महामारी के बाद आर्थिक मंदी ने प्रदेश के किसानों को बुरी तरह प्रभावित किया था। विशेष रूप से वे किसान, जिन्होंने अपनी जमीनें गिरवी रखकर हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक समिति से लोन लिया था, आज अपनी ऋण अदायगी में असमर्थ हैं।

अब यह स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि कई किसानों की जमीनें कुर्की और नीलामी की कगार पर है। अब बैंक किसानों की जमीनों की ऑक्शन कर रहा है, जिसके कारण किसानों के सामने आत्महत्या जैसी कड़ी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस स्थिति से निपटने के लिए किसानों ने मुख्यमंत्री और बैंक प्रबंधन से हस्तक्षेप की मांग की है और ओटीएस स्कीम के तहत राहत देने की अपील की है।

किसानों ने ओटीएस स्कीम के तहत अपनी बकाया ऋण की अदायगी करने की मांग कर रहे है। वे सरकार और बैंक प्रबंधन से आग्रह कर रहे हैं कि उन्हें आगामी मार्च माह तक एक और गोल्डन चांस दिया जाए, ताकि वे अपनी बकाया राशि को अदा कर सकें और अपनी जमीनों को कुर्क होने से बचा सकें।

वीरवार को विभिन्न जिलों के किसान हिमुडा निदेशक मंडल के सदस्य जितेंद्र चंदेल के समक्ष अपनी आर्थिक मंदी की स्थिति का दुखड़ा रोया।

# विद्वत गोष्ठी में 'शिक्षा एवं नैतिक मूल्य' के उद्देश्यों पर डाला प्रकाश

अनंत ज्ञान, बिलासपुर



गोष्ठी के दौरान मौजूद गणमान्य।

सरस्वती विद्या मंदिर रौड़ा बिलासपुर में प्रांत विद्वत परिषद के द्वारा विद्वत गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक कुलदीप चंदेल, साहित्यकार रतन चंद निर्झर, सेवानिवृत्त भाषा अधिकारी डॉ. अनीता शर्मा, लेखक एवं शिक्षाविद डॉ. महेंद्र ठाकुर व शिक्षाविद डॉ. आयुर्वेद प्रियंका शर्मा रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी विद्वान जनों ने द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रांत विद्वत परिषद संयोजक अश्विनी ठाकुर के द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया गया।

तत्पश्चात उन्होंने विद्वत गोष्ठी 'शिक्षा एवं नैतिक मूल्य'के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात सभी विद्वान जनों ने नैतिक मूल्यों का महत्व, नैतिक मूल्यों के क्षरण, नैतिक चुनौतियों का समाधान एवं प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति एवं नैतिक मूल्यों के योगदान पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति, विद्यालय मातृ भारती, छात्र परिषद, अभिभावक, समाज के अन्य बुद्धिजीवी, विद्यालय के आचार्य दीदी उपस्थित रहे। कुलदीप चंदेल ने शिक्षा में नैतिकता के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त की। बच्चों को संस्कारित शिक्षा व नैतिक मूल्यों को जानकारी दी जानी चाहिए। यह शिक्षा अध्यापकों के द्वारा घर से और समाज के सदस्य सभी से मिले। आज की युवा पीढ़ी द्वारा पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण करने पर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की, जिससे युवा पीढ़ी अपने नैतिक मूल्य को ना अपना कर पाश्चात्य संस्कृति का ही अनुकरण कर रही है। डॉ. अनीता शर्मा ने शिक्षा ,साक्षरता व नैतिकता के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों की कमी के कारण समाज में कई प्रकार की बुराइयां फैल रही हैं। समाज में कई प्रकार के नशे पर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए नैतिक मूल्यों की आवश्यकता है। रतन चंद्र निर्झर ने गुरुकुल शिक्षा व आधुनिक शिक्षा में अंतर तथा आधुनिक शिक्षा में नैतिकता की कमी किस प्रकार आ रही है। इस पर अपने विचार साझा किए।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति पर बाहरी लोगों के द्वारा अत्यधिक प्रहार किया गया है। इसके कारण आज की युवा पीढ़ी बहुत ज्यादा पाश्चात्य सभ्यता के चंगुल में फंस चुकी है। उसे बाहर लाने के लिए नैतिक मूल्यों का होना अनिवार्य है। डॉ प्रियंका शर्मा ने आयुर्वेद शिक्षा पर प्रकाश डाला।

### नैतिक मूल्य के बिना शिक्षा अकल्पनी

डॉ. महेंद्र ने कहा कि नैतिक मूल्य के बिना शिक्षा अकल्पनी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा शरीर है तो नैतिक मूल्य आत्मा है। उन्होंने समाज में नैतिक मूल्यों के विकास के लिए हमें भारतीय जीवन शैली अपने की बात कही। उन्होंने शिक्षा और नैतिक मूल्य का अलग-अलग वर्णन अपने शब्दों में किया। श्रीमद् भागवत गीता वह अन्य ग्रंथों का भी उन्होंने वर्णन किया। जिसमें नैतिक मूल्यों के द्वारा शत वर्ष आयु व स्वस्थ जीवन शैली होने की बात कही।विद्वत गोष्ठी संयोजक प्रधानाचार्य अश्विनी ठाकुर ने बताया कि विद्या भारती के सभी विद्यालयों में पांच आधारभूत विषयों में से एक विषय नैतिक एवं अध्यात्मिक भी है। सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालयों के अंदर नैतिक शिक्षा को निरंतर पढ़ाया जाता है। यही संस्थान है जो नैतिक मूल्यों को आगे बढ़ाकर अपनी पुरातन संस्कृति का संरक्षण कर रहे हैं। अंत में प्रांत विद्वत परिषद संयोजक अश्विनी ठाकुर ने सभी गण मान्य अतिथियों का धन्यवाद किया।

**आयोजन** | संगोष्ठी में 35 से अधिक कलाकारों ने पेश की मनमोहक प्रस्तुतियां

# कोलका में कल्याण कला मंच की कला कलम की धूम

गोपाल कपिल, झंडूता




संगोष्ठी के दौरान मौजूद कलाकार व साथ हैं अन्य।

कल्याण कला मंच की कला कलम संगोष्ठी गत दिन झंडूता के कोलका गांव की चील के पेड़ों से आच्छादित वादियों में संपन्न हुई। इस में मंच के 35 से अधिक कलाकारों ने भाग लेकर अपनी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां पेश की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के प्रधान सुरेंद्र मिंहास ने की जबकि कुमार देव और डॉ. लेख राम शर्मा सम्मानित सदस्यों के रूप में शामिल रहे। विशिष्ट अतिथियों में क्षेत्र के समाजसेवी कैप्टन जगदेव, राम पाल शर्मा, धनी राम, विजय गुलेरिया और राज कुमार कौशल उपस्थित हुए और मंच को शोभायमान किया।

मंच का प्रभावशाली संचालन मंच की महासचिव तृप्ता कौर मुसाफिर ने किया। व्यवस्था अमरनाथ धीमान और चंद्र शेखर पंत ने की। सरस्वती मां को दीप अर्पित करने के पश्चात सरस्वती वन्दना नरिंदर दत्त शर्मा और अभिषेक ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत सुबेदार बीरी सिंह-ने चानणियां राती रा नजारा, शीला सिंह-जुए में भी बेची जाती है वस्त्र खींचें बाल भी नोचे हर पल की मैं सवाली हूं। आशा कुमारी - क्योंकि यह साल का आखिरी महीना है श्याम सुंदर सहगल-गीत -तुम जो मिल गये हो आओ हम अपने अंदर के रावण को मारें ( तेज राम की कविता)।

बुद्धि सिंह चंदेल ने लूण बिन सलूणा कदी स्वाद नीं हुंदावीरेंद्र शर्मा ने कैसे नृत्य करें मन मयूर कौशल्या ने पाणी पाणी नू तरसदिया मावां दूध नाल पुत पालेयां ( गाकर )जीत राम सुमन-मंजिलों तक पहुंचाया जिन्होंने उन्हें ही घर से बेघर करने लगे हैं।

कर्मवीर कंडेरा ने गीत मिलते रहें हम यूं ही प्यार से। राम पाल डोगरा ने कविता, लश्करी राम-दर दर रुलदे बीबी बच्चे आशा लाल-अजकला रिया दुनिया रा हुई गई रा बुरा हाल।

राकेश मिन्हास ने नफरतों का बाजार न बन फूल खिला तलवार न बन, बीएल लखन पाल-ये कैसा जाल बनाया हमने संतानों को जिसमें फंसाया हमने, नरेंद्र शर्मा-पहाड़ी गीत-ओ फूल फूली कने डुली गया वीना वर्धन- छिड़ देओं नफरता जो मेरियो राणियो बच्चे कुछ मेरे कुछ, इंद्र सिंह चंदेल ने गीत-बसा च आई ओ तेरी याद फोटो रई गया तेरे कमरे, रवींद्र कमल ने सत्य का हो चुका है शंखनाद, अभिषेक ने लांघी गई बरखा आई गया शीतअनिल शर्मा नील ने क्या हुआ ? कैसे हुआ ? पुलिस कोर्ट कचहरी के चक्कर कौन पड़े ?

अमर नाथ धीमान ने झीला री सैर करांगा गर्म जलेबी होर समोसे। वहीं तृप्ता कौर मुसाफिर ने हर बात कही नहीं जाती हर बात सही नहीं जाती चक्क ले हुण हथयार सिंह गरजेगा ( गाकर ), सुरेंद्र मिन्हास ने हुण पुज्जी जाणी रेल किती बाणी फसल किती खेलणे खेल डॉ. लेख राम शर्मा ने शांत हुई डल की लहरें धनी राम शर्मा ने संबोधन व लेखक की ताकत कलम है, वहीं कुमार देव ने संबोधन में मंच के कार्यों की सराहना की। आयोजक डॉ. शर्मा ने सभी कला और कलाकारों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। (अनंत ज्ञान)

# विधानसभा में पारित कर्मचारी विरोधी अध्यादेश को वापस ले सरकार : गोपाल

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

**कहा-यह अध्यादेश हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की है अवहेलना**

**दो वर्षों में कर्मचारियों के चिकित्सा बिलों का 71 करोड़ पड़ा है लंबित**

अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूर्व राज्य अध्यक्ष गोपालदास वर्मा ने कहा है कि वर्तमान सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पूरी तरह से कर्मचारी विरोधी प्रमाणित हुई है। क्योंकि इस सरकार ने विधान सभा में कर्मचारियों के विरुद्ध अध्यादेश लाकर उनके आर्थिक व सामाजिक अधिकारों पर करारी चोट की है। आज यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए गोपाल दास वर्मा ने कहा कि इस अध्यादेश के कारण अब 2003 के बाद नौकरी प्राप्त कर्मचारियों को न तो कोई वरीयता का लाभ मिलेगा और न ही उनको पदोन्नति होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के कोई 40 हजार कर्मचारियों इससे सीधे रूप से कुप्रभावित होंगे जबकि यह अध्यादेश मान्य हाईकोर्ट व मान्य सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की भी अवहेलना है। जबकि पिछले दो वर्षों में कर्मचारियों के चिकित्सा बिलों का कोई 71 करोड़ रुपए लंबित पड़ा है।

गोपालदास वर्मा ने कहा कि हिमाचल सरकार कह रही है कि वर्ष 2027 में जब प्रदेश आत्म निर्भर होगा तब कर्मचारियों और पेंशनरों को उनके सभी देय आर्थिक लाभ दिये जाएंगे जो उनसे भारी अन्याय है।

हैरानी तो इस बात की है कि पिछले 42 माह की महंगाई भत्ते की किस्तें सरकार नहीं दे रही है और वे महंगाई की चक्की में पिस रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनवरी, 2016 से कर्मचारियों और पेंशनरों को बढ़े हुए पंजाब स्केल की बकाया राशि 9 वर्ष बीत जाने पर भी नहीं दी जा रही है जबकि अब अगले वर्ष नए पंजाब वेतनमान आयोग अपनी रिपोर्ट पेश करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व पीएम डॉक्टर मनमोहन को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के देहांत पर शुक्रवार को बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं बट्ट आईटीआई बोंखरी मोड़ तथा बट्ट आईटीआई खुशनगरी(तीसा) के प्रशिक्षुओं व स्टाफ के द्वारा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। आर्थिक सुधारों के नायक माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई। बट्ट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री थे, जिन्होंने आर्थिक क्षेत्र में सुधार कर देश की आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। ऐसे महान व्यक्तित्व को कोटी-कोटी नमन। इस मौके पर संस्थान के उपप्रधानाचार्य मनीष बकारिया, उप प्रधानाचार्य रीता ठाकुर, वंदना सेखड़ी, रमेश कुमार, संदीप कुमार, मनीष भरमौरी, दीक्षा व राखी देवी सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

### बैली स्कूल में पूर्व पीएम को श्रद्धासुमन अर्पित



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के देहांत पर राजकीय उच्च पाठशाला बैली में स्टाफ, बच्चों तथा एसएमसी द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया तथा उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। शारीरिक अध्यापक सुरेंद्र पठानिया ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और उनके जीवन मूल्यों पर बच्चों के साथ पर चर्चा की गई। इस अवसर पर एसएमसी सदस्य रीखी राम विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यवाहक मुख्याध्यापक ओम आजाद ने बताया कि डॉक्टर मनमोहन सिंह एक महान आर्थिक महाज्ञानी थे, जिनसे बाकी देशों के नेता भी आर्थिक मामलों पर सलाह लेने आया करते थे। इतने बड़े पद पर रहते हुए भी इतना साधारण कैसे रहा जा सकता है उनके जीवन से सीखने को मिलता है। आजाद ने बताया कि उनके जीवन मूल्यों को अपनाकर हम सभी को प्रगति पथ पर आगे बढ़ते हुए देश हित के लिए समर्पित रहना चाहिए।

### सरकारी बैठकों व आयोजनों को किया स्थगित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन हो गया है। उन्होंने 26 दिसंबर को 92 साल की उम्र में दिल्ली स्थित एम्स हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। उनकी मौत की पुष्टि होते ही केंद्र सरकार तथा हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सात दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश में सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह के राजकीय सम्मान के लिए 7 दिन आधा झुकाया जाएगा। वहीं, तीन दिन के लिए सरकारी तौर पर अवकाश भी दे दिया गया है तथा होने वाले सरकारी आयोजन बैठकें इत्यादि भी फिलहाल के लिए स्थगित कर दी गई हैं।

डलहौजी, डैनकुंड, कालाटॉप, खजियार, होली, भरमौर एवं जोत में हुआ हिमपात

# ताजा बर्फबारी से होटल कारोबारी और स्थानीय व्यापारी गदगद

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

चंबा जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शुक्रवार बाद दोपहर अचानक बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। पारा माइनस में चले जाने के कारण बिना बारिश के ही हल्की बर्फबारी शुरू हो गई। पिछले तीन-चार महीनों से चंबा जिले में बारिश न होने के कारण यहां सूखे की स्थिति बनी हुई थी। इसके कारण किसान और बागवान व अन्य लोग भी परेशान हो गए थे। शुक्रवार दोपहर बाद चंबा जिले के भिन्न-भिन्न स्थानों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर बाद चंबा के पर्यटक स्थल जोत, डैनकुंड, कालाटॉप, जनजातीय क्षेत्र होली, भरमौर व पांगी घाटी क्षेत्रों में हल्की-हल्की बर्फबारी शुरू हो गई, इससे लोगों के चेहरे खिल उठे।



मौसम विभाग की मानें तो 27 दिसंबर के बाद समूचे चंबा जिले में बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। उधर जानकारी के मुताबिक मनीमहेश डल झील, कुगति, कंवारसी सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 2 इंच से लेकर 6 इंच तक ताजा बर्फबारी हुई है। दोपहर बाद यहां पर लगातार बर्फबारी का दौर जारी है। दूसरी ओर निचले क्षेत्रों में प्रचंड शीतलहर तथा ठंड का दौर जारी है।

हल्की-हल्की बर्फबारी होने से डलहौजी क्षेत्र के होटल कारोबारियों और स्थानीय व्यापारियों के चेहरे खिल गए हैं, तो वहीं ऑनलाइन बुकिंग में भी इजाफा हुआ है। स्थानीय प्रशासन ने बर्फबारी को लेकर पुख्ता इंतजाम किए हुए हैं तथा बाहरी पर्यटकों को एडवाइजरी भी जारी कर दी गई है। जिला पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रिसमस तथा नए साल को लेकर आकर्षक पैकेज तथा भारी छूट का प्रावधान भी किया गया है, जिससे पर्यटक और भी ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं।

# डॉक्टर एचडी गुराह की पुस्तक का बनीखेत में किया विमोचन



**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

चिनार पैलेस बनीखेत में डॉक्टर एचडी गुराह द्वारा लिखी किताब 'मेरी हिमाचल यात्राओं में भक्त श्री राम और भगवान श्री कृष्णा की प्राप्ति' का विमोचन बड़ी ही सादगी के साथ किया गया। इस आयोजन में पूर्व तहसीलदार चंबा संदीप कुमार तथा सहायक अभियंता विद्युत विभाग कृष्णा सूर्यवंशी ने विशेष तौर पर शिरकत की तथा डॉक्टर गुराह की इस किताब को लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस आयोजन में जहां कॉलेज की छात्राएं मौजूद रहीं तो वहीं बनीखेत के प्रधान अरुण राणा तथा मशहूर कपड़ा व्यापारी गुरनाम सिंह ने भी विशेष तौर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस किताब के बारे में जब लेखक डॉक्टर एचडी गुराह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस किताब से पूर्व भी वे दो किताबों का विमोचन कर चुके हैं, जिनमें उन्होंने अपने जिंदगी के अनेक पहलुओं का बखूबी से उल्लेख किया है। उन्होंने बताया कि वे बचपन से ही अध्यात्म से जुड़े रहे हैं।

जैसे ही उन्हें डेरा व्यास से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ और उन्होंने दीक्षा ग्रहण की तभी से उनके जीवन में अकस्मात बदलाव देखने को मिले और उन बदलाव तथा जिंदगी के सकारात्मक उदाहरण को उन्होंने इस किताब में लिखे शब्दों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का भरसक प्रयास किया है।

# जिला मुख्यालय में बारिश से खिले लोगों के चेहरे

**ओपी शर्मा, चंबा**

आखिरकार पिछले तीन महीनों से अधिक इंतजार के बाद जिला मुख्यालय चंबा में हल्की बारिश होने से लोगों को राहत मिली है। चंबा के निचले इलाकों में जहां बारिश हुई, वहीं जिले के ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। पिछले तीन महीनों से बारिश की आस लगाए लोगों के चेहरों पर उस समय खुशी की लहर छा गई, जब यकायक आसमान से हल्की-हल्की बारिश की बूंदें जमीन पर पड़ने लगीं। बारिश के लिए तड़फ रहे लोगों ने आज की हुई इस बारिश पर इंद्र देव का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि आज जो बारिश हुई है, वह किसी अमृत से कम नहीं है। लोगों का कहना है कि पिछले तीन महीनों से बारिश नहीं हुई थी,



जिससे खासकर किसानों को काफी पेरशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वे फसल की बिजाई इसलिए नहीं कर पा रहे थे क्योंकि बिना बारिश के उनके खेत सूख चुके थे। ऐसे में खेतों की बिजाई करना संभव नहीं था। लोगों का कहना है इतने लंबे अंतराल के बाद भी बारिश के न होने से ग्रामीण इलाकों में प्राकृतिक जलस्रोत सूख गए थे। इंसान तो इंसान जानवरों को भी पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। अब बारिश हुई है तो यह किसी अमृत से कम नहीं है। लोग इस बारिश होने से बेहद खुश हैं। (अनंत ज्ञान)

# बाथरी बाजार में ट्रैफिक जाम से लोग परेशान

## मुख्य मार्ग के दोनों ओर बेतरतीब खड़ी की गई गाड़ियां दुर्घटनाओं को दे रहीं न्योता

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत एन एच-154 ए पर बाथरी बाजार में आए दिन आड़ी-टेड़ी खड़ी गाड़ियों के कारण जाम की स्थिति पैदा हो रही है। आपको बता दें कि बाथरी बाजार क्षेत्र के ज्यादातर व्यस्त रहने वाले बाजारों में एक है, जहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं। कई बार सड़क के दोनों ओर खड़ी गाड़ियां जाम की स्थिति उत्पन्न कर देती हैं, जिसके कारण लोगों को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस बारे में जब व्यापार मंडल प्रधान से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि एनएच-154 ए बाथरी बाजार



के दोनों ओर से काफी चौड़ा है, बावजूद इसके भी बाहर से आने वाले ग्राहक एवं स्थानीय लोग अपनी गाड़ियां एनएच पर ही खड़ी करते हैं क्योंकि उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

वहीं बनीखेत पुलिस प्रभारी कुलदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एनएच-154 ए राष्ट्रीय मुख्य मार्ग के दोनों ओर पीली पट्टी लगाई गई है, जिसके अंदर ही वहां खड़े करने की इजाजत है। अगर सफेद पट्टी के बाहर यानी मार्ग पर वहां खड़े रहेंगे वे सीधे कानूनी तौर पर गलत हैं, जिसके लिए वाहन चालक पर कानूनी कार्रवाई या चालान बनता है। काबिले गौर है कि बेहतर यातायात व्यवस्था हेतु एनएच-154 ए पर स्थानीय पुलिस आए दिन गश्त पर रहती है और कानून की अवहेलना करने वालों पर उचित कार्रवाई भी अमल में लाई जाती है। (अनंत ज्ञान)

# बलद्वाड़ा में 23.88 ग्राम चिट्टा और 48.42 ग्राम चरस बरामद, दो गिरफ्तार

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



आरोपी पुलिस टीम के साथ।

नशे के खिलाफ चलाए गए पुलिस थाना हटली के अभियान को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। बलद्वाड़ा में वीरवार रात को पुलिस ने नशे के बड़े सप्लायर को दबोचा है।

डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने कहा कि पुलिस थाना हटली के तहत पुलिस थाना के एसएचओ बृज लाल शर्मा, एएसआई सुरजीत सिंह, एएसआई सैलेंद्र, एएसआई बलवीर सिंह और एस.आई.यू सरकाघाट की टीम ने वीरवार रात को चिट्टा और चरस के सप्लायर के घर पर रेड डालकर चिट्टा और चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की नीरज ठाकुर उर्फ नीजु पुत्र चमन लाल गांव कारनी डाकघर व तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी और उसका दोस्त नवदीप राणा उर्फ टिंकू पुत्र कृष्ण लाल गांव चन्यानी डाकघर व तहसील बलद्वाड़ा काफी लंबे समय से ड्रग का अवैध कारोबार कर रहे है।

पुलिस इन पर काफी समय से नजर बनाकर रखे हुई थी, जिन्हें नशे की भारी खेप के साथ धर दबोचा है। पुलिस की रेड के दौरान आरोपी नीरज और नवदीप राणा के कब्जे मे 48.42 ग्राम चरस व 23.88 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी दोनों युवको के खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।(अनंत ज्ञान)

### अपर भ्यूली में सोलर लाइट की बैटरियां चोरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** थाना सदर मंडी में शिकायतकर्ता राधा वल्भव शर्मा पुत्र कीर्तिनंद शर्मा ने शिकायत दर्ज करवाई है कि अपर भ्यूली में मेरे घर ये रात के अंधेर में सोलर लाइट की बैटरी चुरा ली है।

राधा वल्लभ ने शिकायत में कहा कि सीसीटीवी में दो व्यक्तियों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं अपर भ्यूली निवासी शिव कुमार ने बताया कि उनके घर से भी बैटरी चोरी हुई है।

बता दें कि दोनों की घरों में केवल 100 मीटर की दूरी है। वहीं भ्यूली निवासियों ने पुलिस प्रशासन व डीसी मंडी अपूर्व देवगन से मांग की है कि भ्यूली में चोरी की वारदातों में वृद्धि हुई है ऐसे में चोरों की हौंसले बुलंद हैं। यदि समय पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई अमल में नहीं लाई तो लोगों को मजबूरन धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। वहीं एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। चोरों को बख्शा नहीं जाएगा।

# बर्फबारी के कारण सराज में चार और थलौट में तीन सड़कें बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

शरदकालीन हवाओं और बर्फबारी के साथ वर्षा की फुहारों ने मौसम में बदलाव कर दिया दिया। रुक-रुक कर हो रही वर्षा से तापमान में भारी गिरावट आ गई है। ऐसे में लोग घरों में दुबकने पर मजबूर हो गए हैं।

मंडी शहर में किसानों पर लोग आज के अलावा जलाकर तपते हुए देखे गए। देर शाम तक बर्स जारी रही और रात को भी ऐसा ही मंजर रहने की संभावना है। हालांकि किसानों को इस वर्षा से ज्यादा लाभ होने वाला नहीं है लेकिन वातावरण व मौसम के हिसाब से बारिश की अत्यधिक जरूरत थी। उधर, सराज में चार और थलौट में तीन सड़कें बंद हैं। जबकि बिजली-पानी की व्यवस्था सभी जगह पर सही हालत में हैं।



**बिजली-पानी की व्यवस्था सभी जगह पर अभी तक सही हालत में**

### चौथी मंजिल से गिरी छात्रा, पीजीआई रैफर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एंग्लो स्कूल की एक छात्रा स्कूल का चौथी मंजिल से गिरने का समाचार है। छात्रा के परिजनों ने पुलिस को दिए बयान में किसी के ऊपर शक जाहिर नहीं किया है। वहीं छात्रा की हालत को देखते हुए उसे जोनल अस्पताल मंडी ले जाया गया, जहां से उसे नेरचौक मेडिकल कॉलेज मंडी रैफर कर दिया गया।

हालत की गंभीरता को देखते हुए छात्रा को पीजीआई चंडीगढ़ रैफर कर दिया गया है। वहीं स्कूल प्रबंधन ने दो छात्राओं के अभिभावकों को स्कूल में बुलाकर मामला सुलझा लिया है।

उधर स्थानीय पार्षद राजेंद्र मोहन भी मौके पर मौजूद रहे। उधर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### सूडोकु 0029

★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0028 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

28 दिसंबर, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** त्रयोदशी (03:34): **नक्षत्र** अनुराधा (10:13), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** शूल (10:22) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:01-12:43), **राहुकाल** (09:47 -11:05)।

**विशेष दिन**

- 28 दिसंबर : शनि प्रदोष व्रत आज।
- 28 दिसंबर 2024 : श्री चन्द्रप्रभु की जयंती आज।

**मेष:** आज वाहन चलाते हुए सावधानी बरतें। आप अपने मन को शांत तथा प्रसन्न रखें। आज आप किसी महिला के प्रति आकर्षित हो सकते हैं।

**वृषभ:** नौकरी व व्यवसाय में परिश्रम से सफलता प्राप्त करेंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है। किसी धार्मिक या सामाजिक उत्सव में सम्मलित हो सकते है।

**मिथुन:** दिन आपके लिए सर्वश्रेष्ठ है। आज आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी। व्यापारी आज ज्यादा मुनाफा कमाएंगे। अध्ययन के प्रति रुचि पैदा होगी।

**कर्क:** नकारात्मक विचारों से दूर कर सकारात्मक विचारों की तरफ केन्द्रित करें। घर पर मेहमान आ सकते हैं। स्वास्थ्य की समस्या या विकार हो सकता है।

**सिंह :** आज परिवार के साथ समय व्यतीत हो सकता है। आज आपको अपेक्षाकृत अच्छे परिणाम नहीं मिलेंगे जिससे आपको निराशा होगी।

**कन्या :** नौकरी तथा व्यवसाय में परिश्रम से लाभ के योग हैं। थोड़ा तनाव में रहेंगे। थोड़ा सय्यम रखें। भविष्य के लिए सकारात्मक होकर निर्णय लें।

**तुला:** आज नौकरी व व्यवसाय की स्थिति अच्छी है। मन में तरह-तरह के विचार आ सकते हैं। आज आपको कड़ी मेहनत करने से ही सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक:** पारिवारिक व मानसिक तनाव से मुक्ति मिल सकती है। आज आपको परिवार से सहयोग प्राप्त होगा। संपत्ति खरीदने की सोच रहे हैं तो दिन अच्छा है।

**धनु :** आपको शैक्षिक कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। सम्बंधो में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। संबंधों में मधुरता आ सकती है। शत्रु आपको हानि पहुंचा सकते हैं।

**मकर :** मन शांत तथा प्रसन्न रह सकता है। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा चिंतित रह सकते हैं। परिश्रम से कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। कार्यों को समय पर पूर्ण करें।

**कुंभ :** दूसरों की भलाई करने के लिए आगे आएंगे। नौकरी में बदलाव होगा। काम बिगड़ सकता है। प्रियजन की सलाह मानेंमन को शांत तथा प्रसन्न रखें।

**मीन :** आज आप नौकरी व व्यवसायिक कार्यों में परिश्रम से सफलता प्राप्त करेंगे। परिश्रम की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य में कुछ गिरावट हो सकती है।

### बांस के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रपति पुरस्कृत एवं पर्यावरणविद् सीताराम वर्मा ने बांस की लकड़ी पर प्रतिबंध लगाने की निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने कुछ वर्षों पहले बांस को घास की श्रेणी में रखा था उस वक्त भी उन्होंने इस बात का विरोध किया था। उन्होंने बताया कि बल्ह और नाचन उपमंडल में प्रतिदिन बांस की अनेकों गाड़ियां सरकाघाट और हमीरपुर से आती हैं।

यदि ऐसा ही चला रहा तो बांस निकट भविष्य में लुप्तप्राय हो जाएगा। इसका जैव विविधता पर असर पड़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि टमाटर उत्पादकों को वैकल्पिक व्यवस्था कर प्लास्टिक के डंडे उपदान पर उपलब्ध करवाए जाएं। इससे पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो पाएगा।

# बाढ़ प्रभावित कोटाधार में खुला प्राइमरी स्कूल

**अनंत ज्ञान, मंडी**

शिक्षा खंड सदर-2 कटोला में नई प्राथमिक पाठशाला कोटाधार के नाम शुरू हो गई। जिसका औपचारिक उद्घाटन गुरुवार को प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक मंडी विजय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। नई पाठशाला में 69 बच्चों ने नर्सरी केजी से लेकर कक्षा पांचवी कक्षा तक प्रवेश लिया। बता दें कि वर्ष 2023 में बागी खड्डु में बाढ़ आने से प्राथमिक पाठशाला, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, लोगों के घर और अन्य सरकारी संस्थान तथा उपजाऊ जमीन खड्डु में बह गई थी।

जिस कारण स्कूल के बच्चों को खड्डु



क्रॉस करके वैकल्पिक पाठशाला जो गांव काहणू गांव में चल रही है,। बच्चों को शिक्षा ग्रहण करना बरसाती मौसम में मुश्किल हो गया था।

लोगों की मांग पर पराशर मेले में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कोटाधार में नई प्राथमिक पाठशाला खोलने की घोषणा की थी, ताकि क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा नजदीक में आसानी से मिल सके। जिसके चलते विभाग ने उक्त प्रक्रिया पर तत्परता दिखाते हुए कोटधार में नई प्राथमिक पाठशाला खोल दी है।

अब क्षेत्र के बच्चों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी इंद्र भारद्वाज,केंद्रीय मुख्य शिक्षिका ओमा देवी ,एसएमसी प्रधान चंद्रमणि, लेखराज बिहारी लाल, तिलक राज, अतिबाला, पंकज कुमार,स्थानीय कांग्रेसी नेता रतन चंद, खीरामणी, तथा स्थानीय जनता ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री तथा पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह का धन्यवाद किया।

# चोरी के आभूषण में शामिल आभूषण विक्रेता पहले से संलिप्त

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवी शहर में बस स्टैंड को जाने वाली सड़क पर स्थित आभूषण विक्रेता कि दुकान पर चोरी के गहने बेचे जाने का दूसरा मामला सामने आया है। जिसके बाद शहर में चर्चाओं का मौहोल गर्म है। हैरानी भरी बात है कि ऐसे में घुमारवी पुलिस थाना से महज चंद कदमों की दूरी पर स्थित इस दुकान पर चोरी के आभूषण बिकते रहे लेकिन घुमारवी पुलिस को खबर तक नही हो पाई।

हैरानी इस बात को भी लेकर है कि हर बार अन्य जिलों की पुलिस ही इस सुनार पर कार्रवाई करती रही। लेकिन घुमारवीं क्षेत्र में हुई चोरी के मामलों में आज तक घुमारवीं पुलिस ने एक बार भी इस आभूषण विक्रेता से पूछताछ तक नहीं की। जबकि इन दोनों मामलों में अन्य जिलों की पुलिस ने करवाई की है। अर्की से चोरी हुए गहने भी इसी सुनार को बेचे गए थे। जबकि करसोग से चोरी हुए गहने भी इसी आभूषण विक्रेता को बेचे जाने की पुष्टि हुई है।

**पुलिस जांच में हो सकते हैं ओर कई खुलासे**

करसोग में हुई चोरी के आरोप जिन चोरों को पकड़ा गया है वह भी बिलासपुर जिला से सबंध रखते हैं। वहीं सूत्र बताते है कि कुछ माह पहले अर्की से जिन चोरों ने चोरी की थी वह भी बिलासपुर जिले से ही थे। ऐसे में चोर बिलासपुर जिले से संबंध रखते है और चोरी के आभूषण बिलासपुर जिले के घुमारवीं में बिकते है। यह कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है।

क्या कारण था कि हर बार चोरी के गहनों की खरीद यही सुनार कर रहा था। चोरी के गहनों को खरीद करने के बाद उन्हें पिघला कर ग्राहकों को बेचा जा रहा था। खरीद व फरोख्त में पैसा तो मोटा कमाया जा रहा था लेकिन टैक्स के तौर पर यह इस बिक्री को कैसे दर्शा रहा था। इसकी परतें खुलना अभी बाकी हैं। इसके अलावा उक्त सुनार सोने के आभूषण खरीदने वालों को चांदी मुफ्त देने के ऑफर लगाता रहा है। क्या इतनी मुनाफा सोने में हो रहा है कि चांदी फ्री में बांटी जा रही है या महज चोरी के गहनों को कम दामों में खरीद कर चांदी मुफ्त में बांटी जा रही थी।

ये सब पहलू जल्द ही पुलिस सामने लाएगी। लेकिन यहां जिला बिलासपुर में हुई चोरी की भी कई बारदातें अभी अनसुलझी हैं। घुमारवी शहर के एक रिहायशी मकान से भी दिन दिहाड़े आभूषण चोरी होने की बारदात हो चुकी है। जिनमे किसी तरह कामयाबी पुलिस को नही मिल पाई है। (अनंत ज्ञान)

### देहवी में 220 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 220 ग्राम चरस बरामद की है। जानकारी के अनुसार डैहर चौकी पुलिस ने देहवी के पास नाकाबंदी के दौरान कार नंबर एपी 91.1545 को रोका और उसकी तलाशी ली। इस दौरान कार में सवार नीतीश कुमार पुत्र पवन कुमार गांव तयामन डाकघर नमहोल सदर बिलासपुर उम्र 20 वर्ष व सूर्यांश पुत्र पवन कुमार गांव सटाहली डाकघर बल्ह चुरानी घुमारवीं बिलासपुर उम्र 20 वर्ष के कब्जे से 220 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ लोगों को आगे आना होगा, पुलिस अपना काम कर रही है, लेकिन पुलिस को गुप्त सूचना दी जाए, ताकि नशेड़ियों के जाल को तोड़ा जा सके।

**काम** आरंभ करने में देर न करो और अगर काम शुरू कर दिया है तो उसे पूरा करके ही छोड़ो। -विनोबा भावे

## संपादकीय

# हिमाचल शर्मशार

हिमाचल में कश्मीरियों को काम करना अब मुश्किल होता जा रहा है। पहले कांगड़ा जिले के जयसिंहपुर में एक पंचायत समिति सदस्य का वीडियो सामने आया, जिसमें महिला दो कश्मीरियों से गांव में न आने की बात कहती है। महिला उनसे खुद को 'हिंदुस्तानी' साबित करने के लिए 'जय श्री राम' कहने के लिए भी कह देती है। बाद में महिला ने एक अन्य वीडियो जारी कर माफी मांगी। इसके बाद जिला पंचायत अधिकारी ने उस महिला को निलंबित कर दिया और अब बिलासपुर जिले के घुमारवीं में भी कुछ ऐसा ही मामला प्रकाश में आने से हिमाचल शर्मशार हुआ। यहां के स्थानीय व्यापारी कश्मीर के शॉल विक्रेताओं से टकरा जा रहे हैं। वह उन्हें हिमाचल छोड़ने के लिए कह रहे हैं। यह बेहद गंभीर और संगीन मामला है। ऐसी घटनाएं वैमनस्य फैला सकती हैं और सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचा सकती हैं। ऐसी घटनाओं से न केवल कश्मीरी समुदाय के लोगों को नुकसान होता है, बल्कि यह हिमाचल प्रदेश के समाज को भी प्रभावित करता है। यह जरूरी है कि हम ऐसी घटनाओं का विरोध करें और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए काम करें।

सरकार और प्रशासन ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाएं और यह भी सुनिश्चित करें कि सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर मिलें। वैमनस्य फैलाना और धार्मिक भावनाओं का अपमान करना किसी भी सूरत में सही प्रतीत नहीं होता। हिंदोस्तान का नागरिक देश के किसी भी हिस्से में जा सकता है और अपना व्यापार कर सकता है। यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ई) और अनुच्छेद 19(1)(जी) के तहत दिए गए मूल अधिकारों में से एक है। अनुच्छेद 19(1)(ई) के अनुसार, हर नागरिक को देश के किसी भी हिस्से में बसने और रहने का अधिकार है। वहीं, अनुच्छेद 19(1)(जी) के अनुसार, हर नागरिक को किसी भी पेशे या व्यापार को अपनाने और उसका अभ्यास करने का अधिकार है। इन अधिकारों के तहत, भारत के नागरिक देश के किसी भी हिस्से में जा सकते हैं और अपना व्यापार कर सकते हैं, बशर्ते वे कानून का पालन करें और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करें। ऐसे में हिमाचल आने वाले कश्मीरी व्यापारियों को धमकाना नहीं चाहिए। कश्मीरियों को टारगेट करना हिमाचली संस्कृति का अपमान है। यह बात ठीक है कि स्थानीय व्यापारी बेशक फेरी लगाने वाले कश्मीरियों को अपना प्रतिद्वंद्वी मानते हों, लेकिन वह सदा के लिए तो हिमाचल नहीं रहेंगे। वह सिर्फ तब हिमाचल आते हैं जब कश्मीर मं अत्यधिक बर्फबारी पड़ जाती है। हिमाचल ही नहीं, बल्कि वे पंजाब तथा दूसरे नजदीकी राज्यों में भी अपनी आजीविका कमाने के लिए जाते हैं। ऐसे में हिमाचल के व्यापारियों को भी उनके साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए और एडजस्ट कर लेना चाहिए। कल को अगर हिमाचल के लोगों को कश्मीर जाना पड़े और उनके साथ भी इसी तरह का अमानवीय बर्ताव हो तो वह भी अच्छी बात नहीं।

आखिर हम सब एक देश के ही निवासी हैं और सभी कहीं भी जाने के लिए स्वतंत्र हैं। धार्मिक मान्यताओं का अपमान करने और वैमनस्य को बढ़ावा देने से समाज में एकता और सौहार्द की भावना को नुकसान पहुंचता है। यह समाज को विभाजित करता है और लोगों के बीच दूरियां बढ़ाता है। एक सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से धार्मिक मान्यताओं का सम्मान करना और वैमनस्य को कम करना बहुत महत्वपूर्ण है। यह समाज में एकता, सौहार्द और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है। हमें सभी धर्मों की मान्यताओं का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति सहिष्णु होना चाहिए। वैमनस्य को कम करने के लिए हम सबको गंभीरता से विचार करना चाहिए तथा उस पर काम करना चाहिए। ऐसा करने से निश्चित रूप से लोगों के बीच दूरियां कम होंगी। हमें सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के लिए भी सोचना चाहिए और लोगों को एक-दूसरे के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित तथा प्रोत्साहित करते रहना चाहिए। शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से लोगों को धार्मिक मान्यताओं के सम्मान और वैमनस्य को कम करने के महत्व के बारे में जानकारी देनी चाहिए। इन कदमों को उठाकर, हम समाज में एकता, सौहार्द और सहयोग की भावना को बढ़ावा दे सकते हैं और एक बेहतर भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। ■

# ऐसे भारतीय रत्न को 'भारत रत्न' से कम नहीं आंका जाना चाहिए



एक ऐसी शख्सियत- जिसे पूरे विश्व का हर व्यक्ति आज उनके सादगी भरे जीवन व महान कार्यों के लिए याद कर रहा है। यह विश्व प्रसिद्ध उद्योगपति टाटा परिवार का चिराग, आज के दिन 28 दिसंबर 1937 को इस देश की पावन धरती पर अवतरित हुआ और 9 अक्तूबर 2024 को 86 वर्ष की आयु में पूरे विश्व सहित हमारे देश वासियों को अपने जीवनकाल के दौरान की कई सुनहरे मददगार पल, यादें व जीवन जीने के सबक दे गया। धन्य है- वो माता-पिता जिनके संस्कारों व परवरिश के चलते रतन टाटा एक महान विभूति बन गए।



लेखक : हंस ठाकुर
बग्गी, सुंदरनगर

वर्ष 1991से 2012 तक-टाटा ग्रुप व टाटा संस के चेयरमैन रहे व वर्ष 2016 से फरवरी 2017 तक टाटा समूह के अंतरिम कार्यकारी अध्यक्ष रहे। वर्ष उन 1975 में हावर्ड बिजनेस (स्कूल) विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई करके, वर्तमान में 291 बिलियन डॉलर के उद्योगपति होने के साथ एक उदारहृदय व्यक्तित्व के स्वामी व उद्योगपति रहे। एक महान भारतीय समाजसेवी के रूप में भी उन्हें जाना जाता है। पदम विभूषण, पदम भूषण, सीएनएन आईबीएन द्वारा वर्ष का भारतीय उद्योगपति पुरस्कार प्राप्त यह महान विभूति भारत रत्न की हकदार हैं। ताउम्र अविवाहित रहकर देश की सेवा करने का पाठ पूरी दुनिया को जाते जाते दे गया। जमशेदजी टाटा के पुत्र रतन टाटा जी ने इन्हे गोद लिया था।

वर्ष 1961 में टाटा स्किल के वर्क फ्लोर से लेकर काम करने वाले की बुनियादी शुरुआत करने वाले रतन वर्ष 1991 में जेआरडी टाटा के सेवा निवृत्त होने पर टाटा संस के अध्यक्ष बने । इनके कार्यकाल में टाटा समूह ने टेटली, जगुआर, लैंड रोवर ओर कोरस का अधिग्रहण किया। जिसका उद्देश्य टाटा को एक बड़े पैमाने पर भारत केंद्रित समूह से वैश्विक व्यवसाय में परिवर्तित करना था। टाटा एक निवेशक थे और उन्होंने 30 से अधिक स्टार्टअप में निवेश किया। जिनमें से अधिकांश व्यक्तिगत क्षमता में और कुछ अपनी निवेश के माध्यम से किए। रतन टाटा ने नवाचार को प्राथमिकता दी और युवा प्रतिभाओं को कई जिम्मेदारियां भी सौंपी। उन्होंने वैश्वीकरण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए असंबंधित व्यवसायों को भी छोड़ दिया। 21 वर्षों तक टाटा समूह का नेतृत्व करते हुए राजस्व 40 गुना से अधिक और मुनाफा 50 गुना से अधिक बढ़ा दिया। यह रतन टाटा की नेतृत्व क्षमता थी। नैनो कार का सपना गरीबों के लिए साकार किया। 75 वर्ष की आयु में ही रतन टाटा ने 28 दिसंबर 2012 को टाटा समूह की कार्यकारी भूमिका से खुद को अलग कर दिया।

टाटा समूह में नेतृत्व का संकट उभरा और उन्हें 24 अक्तूबर 2016 को अंतरिम अध्यक्ष का पद पुन: संभालना पड़ा। 12 जनवरी 2017 को नटराजन चंद्रशेखरन टाटा संस के नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए। इस बीच कई घटनाक्रम टाटा समूह में घटित हुए। टाटा ने अपनी संपत्ति से कई कंपनियों में निवेश किया था जैसे स्नैपडील, टी बॉक्स, पेटीएम, कैशकरो कॉम, ओला कैब्स, शोओमी, रियल एस्टेट पोर्टल, नेस्ट अवे, जेनिअरी व वरिष्ठ नागरिकों के लिए भारत का साथी स्टार्टअप गुड फेलो लॉन्च किया। रतन टाटा विदेशी संबंधों में मित्सुबिशी, अमेरिकन इंटरनेशनल समूह, जैपी मॉर्गन चैन, बुज एलन हेमिल्टन के अंतरराष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड के सदस्य थे और दक्षिण कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के न्यासी मंडल के सदस्य भी रहे।

दक्षिण अफ्रीका की अंतरराष्ट्रीय निवेश परिषद बोर्ड के सदस्य, न्यूयॉर्क स्टॉक एक्स्चेंज के एशिया पैसिफिक सलाहकार समिति के सदस्य व भारत के एड्स इनिशिएटिव कार्यक्रम बोर्ड में भी अपनी सेवाएं प्रदान करते रहे। उन्हें फरवरी 2004 में चीन के झोज्यंग प्रांत में हांगजो शहर में मानद आर्थिक सलाहकार की उपाधि से सम्मानित किया गया (संदर्भ नेट)। टाइम्स पत्रिका ने 2008 में विश्व के 100 प्रभावशाली लोगों की सूची में उन्हें शामिल किया। रतन टाटा अपने वायदे को पूरा करने के लिए जाने जाते थे। मेगा आइकन 2018-2020 प्रमुख भारतीय हस्तियों पर आधारित एक टेलीविजन श्रृंखला थी, जिसके कारण नेशनल जिओग्राफिक पर किया गया था। इस श्रृंखला के एक एपिसोड को रतन टाटा के योगदान को समर्पित किया गया था।

आज रतन टाटा किसी परिचय का मोहताज नहीं है। वे हर व्यक्ति के जीवन में किसी न किसी तरह शुमार रहे। रतन टाटा का जीवन हर व्यक्ति पर अपने पन की छाप छोड़ गया। रतन टाटा के अनेक किस्से हर भारतीय के लिए अविस्मरणीय है। जाते-जाते 10,000 करोड़ की वसीहत चार लोगों के नाम छोड़ने की जिम्मेदारी सौंप गए। पशु प्रेमी रतन टाटा अपने टीटो के आजीवन देख रेख की जिम्मेदारी भी अपनी बसीयत में कर गए। मानवता से परिपूर्ण जीवन की मिसाल जाते-जाते पूरे देश दुनिया को दे गए। इसी मानवता के चलते कई सम्मान भी उन्होंने ठुकरा दिए थे। रतन टाटा एंडोमेंट फाउंडेशन को भी अपनी वसीयत में चैरिटी सुनिश्चित कर गए थे। उनकी यही आत्मीयता हर जन को भाती है वरना आज के जमाने में कोई भी ऐसा पूंजीपति ढूंढकर भी शायद ही मिलेंगा। अनेक संपत्तियों का मालिक-सब कुछ अपनी संबंधियों या चाहने वालों के नाम छोड़ गया।

अब आगे क्या होगा- भविष्य ही बता पाएगा? परंतु ऐसे रतन का पुन: मिल पाना, असंभव है। कभी शादी न करने वाला, परिवार व पुत्रमोह की चाह न करने वाला अपनी कंपनी के हर शख्स को ही अपना परिवार मानता रहा। आजीवन देश की तरक्की और दूसरों के बारे में ही सोचते रहे, उनका जीवन, भारत के लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए एक मिसाल बन गया। कोरोना काल सहित अनेक प्राकृतिक विपदाओं में देश के साथ मजबूती से सबसे आगे खड़े रहे। ऐसे दानवीर जिन्होंने वर्ष 2021 तक 102.4 बिलियन डॉलर यानी लगभग 85 खरब रुपए समाज सेवा के लिए दान कर दिए। ऐसे भारतीय रतन को-भारत रत्न से कम नहीं आंका जाना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# टाटा की यादें आदर्श और मूल्य हमें सदियों तक प्रेरित करते रहेंगे


28 दिसंबर 1937 को गुजरात के सूरत में जन्मे रतन नवल टाटा न केवल भारतीय उद्योग जगत की पहचान बने, बल्कि उन्होंने अपने आदर्शों, सिद्धांतों और मानवीय मूल्यों से पूरे विश्व को प्रेरित किया। पारसी परिवार में जन्मे रतन टाटा का जीवन संघर्ष और दृढ़ संकल्प की एक जीती-जागती मिसाल है। उनके माता-पिता, नवल टाटा और सोनू टाटा के तलाक ने उनके बचपन को प्रभावित किया, लेकिन उनकी दादी नवाजबाई टाटा ने उनकी परवरिश में अनुशासन और नैतिकता का बीज रोपा।



लेखक : मनीष कुमार
जयसिंहपुर, हिमाचल प्रदेश

यह वही बीज था जिसने रतन टाटा के चरित्र को मजबूत नींव प्रदान की। रतन टाटा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के कैथेड्रल एंड जॉन कॉनन स्कूल और शिमला के विशप कॉटन स्कूल में पूरी की। आगे की शिक्षा के लिए उन्होंने कॉर्नेल विश्वविद्यालय से वास्तुकला में डिग्री हासिल की और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एडवांस्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम पूरा किया। 1962 में, उन्होंने टाटा स्टील में बतौर ट्रेनी अपने करियर की शुरुआत की। यहां उन्होंने जमीनी स्तर पर काम करके व्यापार की बारीकियां सीखीं। 1971 में, नेशनल रेडियो एंड इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी (नाल्को) के डायरेक्टर के रूप में उनकी पहली बड़ी जिम्मेदारी आई। उनके नेतृत्व में नाल्को का मार्केट शेयर 2 प्रतिशत से बढ़कर 40 प्रतिशत तक पहुंचा। यह उनकी दूरदर्शिता और कड़ी मेहनत का परिणाम था।

1991 में टाटा समूह का नेतृत्व संभालने के बाद, उन्होंने इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई। 'जैगुआर-लैंड रोवर' और 'कोरस' जैसे अंतरराष्ट्रीय अधिग्रहण उनके साहसिक फैसलों का प्रमाण हैं।



उनकी सोच और नेतृत्व ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और टाटा मोटर्स को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। 'जहां दूसरों ने देखा व्यापार,
उन्होंने देखा सेवा का मार्ग।
जहां दुनिया ने देखा मुनाफा,
उन्होंने देखा इंसानियत का वास्ता।'

2008 में मुंबई पर हुए आतंकी हमले ने ताज होटल को गहरा आघात पहुंचाया, लेकिन रतन टाटा ने इस आपदा के बाद कर्मचारियों और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए जो कदम उठाए, वे उनकी संवेदनशीलता और मानवीयता का प्रतीक हैं। उन्होंने ताज होटल को फिर से उसकी पुरानी गरिमा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

उनकी निजी जिंदगी भी उतनी ही सादगी भरी थी। उन्होंने कभी शादी नहीं की। इस बारे में उन्होंने कहा था कि परिस्थितियों ने उन्हें इस फैसले से हमेशा दूर रखा। उनकी सादगी और संयम उनकी सबसे बड़ी ताकत थी। रतन टाटा का समाज के प्रति समर्पण उनकी सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा दान में दिया। उनके नेतृत्व में, टाटा ट्रस्ट ने शिक्षा, स्वास्थ्य, और ग्रामीण विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। 10 जनवरी 2008 को टाटा नैनो के लॉन्च के दौरान उन्होंने कहा, 'मैंने एक परिवार को स्कूटर पर बारिश में जाते देखा। उस दृश्य ने मुझे प्रेरित किया कि हर भारतीय के पास एक सस्ती कार होनी चाहिए।' यह उनकी संवेदनशीलता और सामान्य लोगों की समस्याओं को समझने की उनकी गहरी समझ, संवेदनशील नेतृत्व और समाज के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनकी विरासत हमें यह सिखाती है कि सच्चा उद्योगपति वह है जो केवल धन न कमाए, बल्कि समाज और मानवता के लिए काम करे। उनकी यादें, उनके आदर्श, और उनके मूल्य हमें सदियों तक प्रेरित करते रहेंगे।

'जब तक ये धरती है,
जब तक आसमान रहेगा,
रतन टाटा का नाम,
हर दिल में अमर रहेगा।'

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**एक** अध्ययन के तहत क्षेत्र में घूमने वाले कुत्ते और बिल्लियां एक हल्की से मध्यम समस्या पेश करते हैं जो पालतू जानवरों के मालिकों के एक छोटे प्रतिशत से उत्पन्न होती है। पर्यावरणीय खतरों यानी ऑटोमोबाइल से मृत्यु से केवल थोड़ी मात्रा में पालतू जानवरों की पीड़ा होती है और गैर पालतू जानवरों की जानबूझकर हत्या की एक मध्यम मात्रा होती है। हम इस अध्ययन में इस्तेमाल की गई पद्धति को भूल गए। सामान्य आबादी के लिए पालतू स्वामित्व के अनुपात और पालतू स्वामित्व के कारणों और लाभों को बेहतर ढंग से स्थापित करने के लिए इसे व्यापक आधारित सर्वेक्षण प्रश्नावली के साथ जोड़ा जाना चाहिए। तब हम पालतू जानवरों की अधिक संख्या की समस्या के बारे में तथ्य प्राप्त कर सकते थे। साथ ही पालतू जानवरों के प्रति सामुदायिक मूल्यों को बेहतर ढंग से समझ सकते थे। **रितिक, रैत**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के वित्तमंत्री के पद पर आसीन रहे

**अरुण** जेटली भारत की शीर्ष राजनीतिक पार्टियों में से एक 'भारतीय जनता पार्टी' (भाजपा) के प्रमुख नेता थे। वे भारत के वित्तमंत्री के पद पर आसीन भी रहे। 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन' (राजग) के शासन में अरुण जेटली केंद्रीय न्यायमंत्री के साथ-साथ कई बड़े पदों पर भी आसीन रह चुके हैं। अरुण जेटली का जन्म देश की राजधानी दिल्ली में हुआ था। इनके पिता का नाम महाराज किशन जेटली और माता का नाम रतन प्रभा जेटली था। अरुण जेटली ने बीकॉम (ऑनर्स), एलएलबी, श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, दिल्ली विश्वविद्यालय और विधि संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है। उनका विवाह 24 मई, 1982 को संगीता जेटली के साथ संपन्न हुआ था। जेटली दंपत्ति एक पुत्र और एक पुत्री के माता-पिता हैं। अरुण जेटली भारत के उच्चतम न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता के पद पर भी आसीन रह चुके हैं। अरुण जेटली के कानूनी और सामयिक मामलों पर विविध लेख आदि प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्रियाकलाप आदि में भी भाग लिया है। कई शैक्षिक संस्थानों के साथ भी वे जुड़े रहे। कमला नेहरू कॉलेज, दिल्ली के 1993-1998 के दौरान शासी निकाय के अध्यक्ष, सदस्य रहे। वाणिज्य श्री राम कॉलेज के शासी निकाय। शासी परिषद, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली अध्यक्ष, दिल्ली जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) उपाध्यक्ष, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सदस्य, शासी परिषद, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)पूर्व वित्त मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता अरुण जेटली का 24 अगस्त 2019 को दिल्ली के एम्स में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। वह 66 साल के थे। 9 अगस्त को सांस लेने में तकलीफ के बाद अरुण जेटली को एम्स में भर्ती कराए गए थे। ■



अरुण जेटली
**जन्म :** 28 दिसंबर, 1952
**मृत्य :** 24 अगस्त 2019

## कविता

# मनमोहन तुम्हें शत शत प्रणाम



रवींद्र कुमार शर्मा

*दस साल रहे देश के प्रधानमंत्री*
*न वह शानो शौकत न सत्ता का नशा*
*चला गया चुपचाप किसी को कोई खबर नहीं*
*बहुत अजीब है आजकल की पत्रकारिता की दशा*
*कब बीमार हुई किसी को कोई खबर नहीं*
*मीडिया व्यस्त रहा किसी की छवि चमकाने में*
*जिस अर्थशास्त्री ने भारत की दिशा बदल डाली*
*बेखबर रहा उसकी छोटी सी खबर बताने में*
*देखने में साधारण और बहुत भोले*
*लेकिन दुनियां में था उनका बड़ा नाम*
*आर्थिक सुधारों से बदली भारत की तस्वीर*
*भारत का दुनियां में नाम चमकाया*
*आज के नेताओं से अलग था उनका चरित्र*
*सादगी और ईमानदारी को जीवन में अपनाया*
*रखेगा हमेशा याद भारत तुम्हारा योगदान*
*जब विश्व में थी मंदी तब भारत ने कसी थी लगाम*
*चल रहा आज भारत आपकी दिखाई राह पर*
*भारत की महान हस्ती मनमोहन तुझे शत शत प्रणाम*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# राजनीति में 'सोशल मीडिया' की 'लोक व नेता' प्रियता

कहा जाता है कि ,'समय के साथ बदलकर, समय की आवश्यकता अनुसार व्यवहार' करना ही समझदारी है और वैसे भी 'परिवर्तन प्रकृति का नियम है।' वर्तमान कालखंड में संपूर्ण विश्व मानो तीव्र गति से संपूर्ण डिजिटलाइजेशन की ओर आगे बढ़ रहा है।

वर्तमान युग को तकनीक व डिजिटल युग कहा जाता है। बड़े से बड़े काम डिजिटल तरीके से आसानी से पूरे किए जा रहे है, निरंतर गति से नई से नई टेक्नोलॉजी परिदृश्य में देखने को मिल रही है। ऐसा ही एक परिवर्तन सोशल मीडिया की ओर बढ़ता जन झुकाव हमें स्पष्ट रूप से अपने दैनिक जीवन परिवेश में दिख रहा है। आज अपनों-परायों से संपर्क का प्राथमिक माध्यम सोशल मीडिया बनता जा रहा है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की धूम इंटरनेट जगत में मच चुकी है, चाहे वो बच्चे हो, युवा हो, व्यस्क हो या बुजुर्ग हर कोई अपनी प्रतिभा अनुसार इन साइट्स पर समय व्यतीत करना चाहता है। सोशल मीडिया की भूमिका समाज में महत्वपूर्ण होती जा रही है।



लेखक : हर्ष पालसरा।
शिमला, हिमाचल प्रदेश

किसी भी चीज के प्रचार-प्रसार हेतु आज सोशल मीडिया, समाज के बीच कड़ी बन गई है। जनसंवाद व जनसंपर्क का सबसे सशक्त माध्यम सोशल मीडिया बन चुका है। सबसे विशेष राजनीति में सोशल मीडिया की भूमिका विशेष हो चुकी है, हर एक नेता, मंत्री, सांसद व विधायक सोशल मीडिया के प्रयोग में विशेष दिलचस्पी लेते है, अपने से जुड़ी हर एक छोड़ी-बड़ी बात को जन-जन तक पहुंचाने हेतु सोशल मीडिया का सहारा लिया जाता है। आज के समय में राजनीति में सोशल मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। यह न केवल राजनीतिक जानकारी को पहुंचाने का एक सशक्त साधन बनता जा रहा है, बल्कि यह राजनेताओं और नागरिकों के बीच संवाद को भी बढ़ावा देता है। सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म्स जैसे कि फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर(अब एक्स) और यूट्यूब राजनीतिक अभियानों और गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं।

ये प्लेटफॉर्म्स राजनेताओं को अपने विचारों और नीतियों को साझा करने और नागरिकों के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान कर संबंध स्थापित करते हैं। सोशल मीडिया राजनीतिक जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह नागरिकों को राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने और अपने विचारों को साझा करने का अवसर प्रदान करता है। इसके अलावा, सोशल मीडिया राजनीतिक अभियानों को व्यापक पहुंच प्रदान करता है और नागरिकों को राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रेरित करता है, अपने प्रिय नेताओं व पार्टियों की विभिन्न गतिविधियों, कार्यों व किसी घटना पर नेता या पार्टी का रुख देखने के लिए आम जनमानस इंतजार में रहते हैं। जैसे कि एक पार्टी या नेता का दूसरे के प्रति गलत सूचनाओं का प्रसार, ऑनलाइन धमकी और अभद्र भाषा का उपयोग या समर्थकों में बहस व लड़ाई का कारण भी कई बार यही सोशल मीडिया बन जाती है।

इसलिए, सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी और जिम्मेदारी की आवश्यकता अधिक बढ़ जाती है। एक नेता व पार्टी चुनावों से पूर्व सदैव सोशल मीडिया पर सक्रिय भूमिका में आकर यह जानने का प्रयास करते हैं कि हमारे प्रति जनमानस क्या दृष्टिकोण रखता है तथा इसमें हमें बदलाव करने की आवश्यकता है या नहीं, साथ में ही अधिक से अधिक लोगों को अपने पक्ष व समर्थन में करने हेतु इसी माध्यम का सहारा लेता है।

कई राज्यों में तो सरकारें अलग से बजट इस कार्य हेतु आबंटित रखती है, ताकि सरकार की साख पर एक आंच तक न आना पाए व छवि शानदार रहें तथा जनता की राय भी पता चलती रहे। जो कुछ भी कहे आज पोस्टर, कागज, पत्रों व हॉर्डिंगस का स्थान डिजिटल पोस्टों व ग्राफिक्स तथा कंटेट ने ले लिया है। राजनीति में सोशल मीडिया की बढती धाक व धूम नेताओं की तरह ही अब लोकप्रिय हो चुकी है, जिसके परिणामस्वरूप राजनीति के प्रतिदिन के बदलते घटनाक्रमों में रोचकता ला दी है। यह सही मायनों में जनहित में भी लाभकारी है और नेताओं के लिए भी अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# कृष्ण भक्ति करते-करते श्रीकृष्ण की मूर्ति में समा गईं थी मीराबाई

मीरा बाई भगवान श्रीकृष्ण की सबसे बड़ी भक्त मानी जाती है। मीरा बाई ने जीवनभर भगवान कृष्ण की भक्ति की और कहा जाता है कि उनकी मृत्यु भी भगवान की मूर्ति में समा कर हुई थी। मीरा बाई की जयंती पर कोई ऐतिहासिक रिकॉर्ड तो नहीं हैं, लेकिन हिंदू चंद्र कैलेंडर के अनुसार, शरद पूर्णिमा के दिन को मीराबाई की जयंती के रूप में मनाया जाता है। मीरा बाई के जीवन से जुड़ी कई बातों के को आज भी रहस्य माना जाता है। गीताप्रेस गोरखपुर की पुस्तक भक्त-चरितांक के अनुसार मीरा बाई के जीवन और मृत्यु से जुड़ी कुछ बातें बताई गई हैं। मीराबाई जोधपुर, राजस्थान के मेड़वा राजकुल की राजकुमारी थीं।



लेखिका : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मीराबाई मेड़ता महाराज के छोटे भाई रतन सिंह की एकमात्र संतान थीं। मीरा जब केवल दो वर्ष की थीं, उनकी माता की मृत्यु हो गई। इसलिए इनके दादा राव दूदा उन्हें मेड़ता ले आए और अपनी देख-रेख में उनका पालन-पोषण किया। मीराबाई का जन्म 17 अक्तूबर को 1498 के लगभग हुआ था। इतिहास में कुछ जगह यह मिलता है कि मीरा बाई ने तुलसीदास को गुरु बनाकर रामभक्ति भी की। कृष्ण भक्त मीरा ने राम भजन भी लिखे हैं, हालांकि इसका स्पष्ट उल्लेख कहीं नहीं मिलता है, लेकिन कुछ इतिहासकार यह मानते हैं कि मीराबाई और तुलसीदास के बीच पत्रों के जरिए संवाद हुआ था।

तुलसी दास के कहने पर मीरा ने कृष्ण के साथ ही रामभक्ति के भजन लिखे। जिसमें सबसे प्रसिद्ध भजन है पायो जी मैंने राम रतन धन पायो। जोधपुर के राठौड़ रतन सिंह की इकलौती पुत्री मीराबाई का मन बचपन से ही कृष्ण-भक्ति में रम गया था। मीराबाई के बालमन



से ही कृष्ण की छवि बसी थी इसलिए बाल्यकाल में एक दिन उनके पड़ोस में किसी धनवान व्यक्ति के यहां बारात आई थी। सभी स्त्रियां छत पर खड़ी होकर बारात देख रही थीं। मीराबाई भी बारात देखने के लिए छत पर आ गईं। बारात को देख मीरा ने अपनी माता से पूछा कि मेरा दूल्हा कौन है इस पर मीराबाई की माता ने उपहास में ही भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति की तरफ इशारा करते हुए कह दिया कि यही तुम्हारे दूल्हा हैं यह बात मीराबाई के बालमन में एक गांठ की तरह समा गई और वे कृष्ण को ही अपना पति समझने लगीं। विवाह योग्य होने पर मीराबाई के घर वाले उनका विवाह करना चाहते थें, लेकिन मीराबाई श्रीकृष्ण को पति मानने के कारण किसी और से विवाह नहीं करना चाहती थी। मीराबाई की इच्छा के विरुद्ध जाकर उनका विवाह मेवाड़ के राजकुमार भोजराज के साथ कर दिया गया। मीरा मंदिरों में जाकर श्रीकृष्ण की मूर्ति के सामने घंटों तक नाचती रहती थीं। मीराबाई की कृष्ण भक्ति उनके पति के परिवार को अच्छा नहीं लगा। उनके परिजनों ने मीरा को कई बार विष देकर मारने की भी कोशिश की, लेकिन श्रीकृष्ण की कृपा से मीराबाई को कुछ नहीं हुआ। विवाह के कुछ साल बाद ही मीराबाई के पति भोजराज की मृत्यु हो गई।

पति की मौत के बाद मीरा को भी भोजराज के साथ सती करने का प्रयास किया गया। इसके बाद मीरा वृंदावन और फिर द्वारिका चली गई। मान्यता है कि मीरा पूर्व-जन्म में वृंदावन की एक गोपी थीं और उन दिनों वह राधा की सहेली थीं। वे मन ही मन भगवान श्रीकृष्ण से प्रेम करती थीं। गोप से विवाह होने के बाद भी उनका लगाव श्रीकृष्ण के प्रति कम न हुआ और कृष्ण से मिलने की तड़प में ही उन्होंने प्राण त्याग दिए। बाद में उसी गोपी ने मीरा के रूप में जन्म लिया। कहते हैं कि जीवनभर मीराबाई की भक्ति करने के कारण उनकी मृत्यु श्रीकृष्ण की भक्ति करते हुए ही हुई थीं। मान्यताओं के अनुसार वर्ष 1547 में द्वारका में वो कृष्ण भक्ति करते-करते श्रीकृष्ण की मूर्ति में समां गईं थी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बार एसोसिएशन सुंदरनगर ने डॉ. मनमोहन को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शुक्रवार को न्यायालय परिसर सुंदरनगर में शोक सभा का आयोजन किया गया। बार एसोसिएशन द्वारा पुराने बार में 2 मिनट का मौन रखकर डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-2 सुंदरनगर रवि भी मौजूद रहे। बार एसोसिएशन सुंदरनगर के अध्यक्ष विक्रांत ठाकुर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का देश के प्रधानमंत्री के तौर कार्यकाल हमेशा याद किया जाएगा।

### धनोटू के पक्के रास्ते की हालत खस्ता



**भीम बसेड़ू, महादेव।** ग्राम पंचायत महादेव के अंतर्गत प्राइमरी स्कूल धनोटू से रयांह गांव की ओर जाता रास्ता जगह-जगह बुरी तरह धंस गया है और टूट फूट गया है जो घटिया तरीके से किया गया निर्माण प्रदर्शित कर रहा है ऐसे में विद्यार्थियों सहित कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कई वर्षों के बाद लोगों की सुविधा के लिए इस ग्रामीण रास्ते का पक्का निर्माण किया तो जरूर मगर कम समय में टूट गया। बुद्धिजीवी लोगों ने संबंधित विभाग व प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि बरती गई लापरवाही की मौके की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए पुनः रास्ता सुधार के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, मंडी।** ग्राम पंचायत महादेव के धनोटू कांग्रेस कार्यालय में भौर पंचायत के प्रधान कै. हल्का राम की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें विशेष रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान उपस्थित रहे। इसमें सभी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी।

### याद रहेगा डॉ. मनमोहन सिंह का समर्पण : शशि शंकर



**अनंत ज्ञान, मंडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडी के कार्यकर्ताओं द्वारा विभाग कार्यालय मंडी में स्व. डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विभाग संगठन मंत्री शशि शंकर द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला। उनके प्रयासों से भारत की आर्थिक सुधार हुए, जिससे विदेशी निवेश बढ़ा और भारतीय अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा मिली। भारत देश युगों युगों तक इनके योगदानों को भूल नहीं सकता।

### गांधी भवन में स्व. मनमोहन को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी में कांग्रेस पार्टी कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह की शोकसभा पार्टी कार्यालय में रखी गई। शोकसभा में स्व. मनमोहन सिंह को याद किया गया। इस दौरान चेतराम ठाकुर ने पूर्व प्रधानमंत्री की जीवनी पर प्रकाश डाला और इनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। सदर मंडी कांग्रेस की नेत्री चंपा ठाकुर, सदर कांग्रेस से योगेश पटियाल, चमन लाल, विनय शर्मा, कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस से महासचिव दिनेश पटियाल, सदर विधानसभा अध्यक्ष हमित जंवाल, ब्लॉक अध्यक्ष हितेश ठाकुर, शहरी अध्यक्ष किशोरी लाल ठाकुर आदि ने डॉक्टर मनमोहन सिंह को याद किया।

### स्वयंसेवकों ने कुड महादेव मंदिर में की सफाई




**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल की एनएसएस इकाई द्वारा कुड महादेव मंदिर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजीव कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकार और सेवा की भावना का विकास करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भावना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजीव कुमार ने मंदिर प्रशासन का सहयोग के लिए धन्यवाद किया और इस प्रकार की गतिविधियों को भविष्य में भी जारी रखने की बात कही।

**अलविदा 2024** इस साल महिला और बच्चों से संबंधित आपराधिक मामलों में हुई बढ़ोतरी

# 2024 में दंगों के 39 मामले दर्ज

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी जिला में पूरे वर्ष भर आपराधिक मामलों और अन्य मामलों में कहीं बढ़ोतरी तो कहीं कमी आई है। वहीं साल भर मंडी पुलिस द्वारा अपराध के खिलाफ बहुत सी कार्रवाईयां की गई।

**साल भर में 2407 मामले आए सामने**

बात अगर बीते वर्ष की करें तो 11 हत्या के मामले थे लेकिन वहीं इस 2024 में 7 हत्या के मामले सामने आए जिसमें कमी आई है। वहीं इरादतन हत्या के बीते वर्ष एक ही मामला सामने आया। हत्या के प्रयास के 12 केस बीते वर्ष भी और इस वर्ष भी 12 ही मामले सामने आए।



वहीं बलात्कार के 53 मामले आए है और बीते वर्ष 54 मामले थे। महिला और बच्चों से संबंधित आपराधिक मामलों में इस वर्ष इजाफा हुआ है जिसमें बीते वर्ष 58 मामले थे और इस वर्ष 69 मामले सामने आए है। महिला के प्रति क्रूरता के मामलों में कमी आई है जहां पिछले वर्ष 32 मामले थे वहीं इस वर्ष 28 मामले सामने आए है। वहीं मानसमान को आहत करने के मामलों में कमी आई है जिसमें बीते वर्ष 86 तो इस वर्ष 79 मामले सामने आए है। दंगों के मामलों में इस वर्ष इजाफा हुआ है जिसमें गत वर्ष 29 मामले थे लेकिन इस वर्ष 39 मामले सामने आए है। दुर्घटना के मामलों में गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष कमी देखने को मिली है जिसमें गत वर्ष 284 मामले थे और इस वर्ष 269 मामले सामने आए है।

चोरी के मामलों में बढ़ोतरी हुई है जिसमें गत वष 61 तो इस वर्ष 69 मामले सामने आए है। सेंध मारी के मामलों में कमी भी आई है जिनमें बीते वर्ष 43 तो इस वर्ष 41 मामले सामने आए है और एक मामला डकैती का भी सामने आया।(अनंत ज्ञान)

### मोटर व्हीकल एक्ट के तहत हुए 1 लाख 48 हजार 878 चालान

**मंडी** पुलिस द्वारा जगह जगह नाके के दौरान लोगों को जागरूक भी किया गया और भारी मात्रा में चालान भी काटे गए। जहां गत वर्ष मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत 80,309 चालान हुए थे वहीं इस वर्ष चालान करने में मंडी पुलिस ने अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस वर्ष एमवी एक्ट के तहत 1 लाख 48 हजार 878 चालान किए गए जिसमें शराब पीकर गाड़ी चलाने के गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष बहुत से 1309 चालान किए गए जबकि गत वर्ष कुल 149 ही चालान किए गए थे। वहीं रैश ड्राइविंग के चालान गत वर्ष 979 तो इस वर्ष 375 ही चालान किए गए। वहीं गाड़ी चलाते हुए मोबाइल फोन का प्रयोग करने के गत वर्ष 1164 तो इस वर्ष 1174 चालान किए गए। बीना लाइसेंस गाड़ी चलाने के गत वर्ष 911 तो इस वर्ष 1178 चालान किए गए। वहीं सबसे अधिक चालान बिना हेलमेट के इस वर्ष आंकड़ा 38822 तक पहुंच गया है। वहीं बीना सीट बैल्ट के गत वर्ष 5485 तो इस वर्ष 5236 चालान हुए। अवैध खनन के 905 मामले सामने आए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आंकड़े वर्ष 2023 से 30 नवंबर 2024 तक पुलिस द्वारा विभिन्न आपराधिक अधिनियमों और एमवी अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की गई है।



**आईपीसी के अन्य अपराधों में कमी**

### एनडीपीएस के 219 तो एक्साइज एक्ट के पकड़े 412 मामले

**आईपीसी** के अन्य अपराधों में भारी कमी इस बार देखने में आई है जिसमें गत वर्ष 1147 मामले थे, लेकिन इस वर्ष 916 मामले सामने आए।

**वहीं** नशे के खिलाफ मंडी पुलिस साल भर डटी रही जिसमें एनडीपीएस अधिनियम के तहत 227 मामले गत वर्ष पकड़े गए थे लेकिन इस वर्ष इन मामलों में भी कमी आई है जिसमें 219 मामले सामने आए है। वहीं एसी एसटी एक्ट के गत वर्ष 45 तो इस वर्ष 41 मामले सामने आए। लेकिन एक्साइज एक्ट के मामले में इस बार इजाफा देखने को मिला है जिसमें गत वर्ष 388 मामले तो इस वर्ष 412 मामले सामने आए है। वहीं गत वर्ष के जहां आपराधिक मामले 2606 मामले थे लेकिन इस वर्ष 2407 ही मामले सामने आए।

## जोगिंद्रनगर की कृतिका और अक्षिता नेशनल खो-खो टीम के लिए चयनित



चयनित छात्राओं के साथ गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर की छात्राओं ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। आठवीं कक्षा की छात्राएं कृतिका और अक्षिता का चयन खो-खो में नेशनल टीम के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 10 जनवरी से 13 जनवरी तक कोल्हापुर, महाराष्ट्र में आयोजित की जाएगी।

प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर ने जानकारी दी कि दोनों छात्राएं 30 दिसंबर को पाठशाला से रवाना होंगी और 31 दिसंबर से 6 जनवरी तक कुनिहार, सोलन में प्रशिक्षण शिविर में खेल की बारीकियां सीखेंगी। प्रशिक्षकों मनोहर लाल और उमेश कुमार ने बताया कि कृतिका और अक्षिता पिछले तीन वर्षों से कड़ी मेहनत कर रही हैं, और इसी का परिणाम है कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर स्कूल, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ. सुनील ठाकुर ने दोनों छात्राओं के साथ-साथ कृतिका के माता-पिता, विनोद कुमार और उनकी माता, तथा अक्षिता के माता-पिता, अशोक कुमार और मीनाक्षी जी को भी इस उपलब्धि पर बधाई दी।

उन्होंने समस्त स्टाफ, एसएमसी, और विशेष रूप से डीपीई मनोहर लाल और शारीरिक शिक्षक उमेश कुमार का भी आभार व्यक्त किया।

### नेशनल में कक्षा 8 की छात्राओं का परचम

**कन्या** पाठशाला की छात्राओं का नेशनल स्तर पर यह 13वां प्रतिनिधित्व है। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि स्कूल के खेल प्रशिक्षण और बच्चों की मेहनत का नतीजा है। अब जोगिंद्र नगर की ये होनहार छात्राएं कोल्हापुर में अपने खेल से क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी।

## कशिश चंदेल ने नन्ही परी मिस इंडिया 2024 में जीता 'मिस मोनालिसा' टाइटल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर वार्ड नंबर 2 गरोरू की कशिश चंदेल ने ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित के आईआईटी नन्ही परी मिस इंडिया 2024 प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए टॉप टेन में अपनी जगह बनाई और 'मिस मोनालिसा' का खिताब जीतकर नाम रोशन किया। कशिश की इस उपलब्धि से उनके गृह क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रतियोगिता के दौरान कशिश ने हिमाचली पहनावे और लोक संस्कृति को खूबसूरती से प्रस्तुत कर दर्शकों और जजों का दिल जीता।



प्रतियोगिता के बाद कशिश ने कहा, मैं भविष्य में भारतीय सेना में सेवा देना चाहती हूं। मेरी इस सफलता का श्रेय मेरे माता-पिता और अध्यापकों को जाता है। उनकी इस सफलता पर जोगिंद्रनगर के लोगों ने गर्व व्यक्त किया है और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## अस्पताल पर लगाए प्रसव के दौरान लापरवाही के आरोप

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

ग्राम पंचायत ढाबण के डडोह गांव निवासी दंपत्ति ने सिविल हॉस्पिटल सुंदरनगर पर डिलीवरी में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। धनी राम और उनकी पत्नी अर्चना ने मुख्यमंत्री सेवा संकल्प पर शिकायत दर्ज करवाने के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल को ईमेल के माध्यम से शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग उठाई है। शिकायतकर्ता 38 वर्षीय अर्चना ने बताया कि 18 दिसंबर को प्रसव के लिए उसे सिविल हास्पिटल सुंदरनगर में भर्ती करवाया गया।

**नवजात की गई जान**

परिजनों का कहना है कि 26 घंटों तक महिला दर्द से कराहती रही लेकिन डिलीवरी की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। सिजेरियन का निवेदन करने के बाद भी नॉर्मल डिलिवरी ही करवाई गई।

19 दिसंबर को डिलिवरी हुई तो बच्चा बाहर नहीं आ रहा था। अर्चना का आरोप है कि लेबर रूम में मौजूद नर्सों ने उसके पेट पर चढ़कर जबरन बच्चे को बाहर निकाला। जब बच्चा पैदा हुआ तो बिलकुल भी नहीं रोया। ऐसे में डॉक्टर ने उसे तुरंत प्रभाव से मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर कर दिया जबकि अर्चना को वहीं पर ही रखा। 23 दिसंबर को उपचार के दौरान इस नवजात की मौत हो गई। अर्चना का कहना है कि डिलीवरी से पहले बच्चे के गर्भ के सभी टेस्ट सामान्य थे। डिलिवरी के दौरान कोताही बरती गई उसी कारण बच्चे की मौत हुई है।

## एसपीयू की कार्यकारी परिषद ने की तीसरी बैठक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की तीसरी बैठक दो साल के अंतराल के बाद प्रोफेसर ललित अवस्थी कुलपति की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चंद्रशेखर एमएलए धर्मपुर क्षेत्र उपस्थित रहे। रोहित जम्वाल विशेष सचिव वित्त, निशांत ठाकुर अतिरिक्त सचिव शिक्षा, डॉ. विद्या सागर संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा, प्रो. शशि धीमान कुलपति एचपीटीयू हमीरपुर, डॉ. सुरेंद्र दुबे उपाध्यक्ष केंद्रीय हिंदी संस्थान दिल्ली बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए। बैठक में अन्य सदस्य प्रो. अनुपमा सिंह प्रो. वाइस चांसलर, प्रो. राजेश शर्मा, डॉ. करण गुप्ता, डॉ. सुनील ठाकुर, डॉ. पवन चंद, ई. सुनील वर्मा और डॉ. योगेश उपस्थित रहे।

बैठक में दूसरी कार्यकारी परिषद की बैठक कार्यवाही पहली वित्त समिति की बैठक की कार्रवाई, पहली और दूसरी शैक्षणिक परिषद की बैठक के कार्यवृत्त, बैठक मदों पर चर्चा कर मंजूरी दी गई। नवीनतम आरएंडपी नियम और सीसीएस व सीसीए नियम, सीसीएस आचरण नियम और सीसीएस अवकाश नियमों को अपनाने, संकाय के लिए कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के लिए चर्चा की गई।

### अनुराग ठाकुर 28 को होंगे धर्मपुर के दौरे पर



**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर 28 दिसंबर को धर्मपुर के एक दिन के प्रवास पर रहेंगे। जहां वे तीन जगह कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करेंगे।

सांसद अनुराग ठाकुर शनिवार को सज्याओपीपलू अंबेडकर भवन में प्रात: 10 बजे कलस्वाई धर्मपुर में 11:30 बजे और सिद्धपुर खरोटा में 2 बजे कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मपुर लेखराज ने कहा कि कार्यक्रम में कार्यकर्ता व पदाधिकारी भाग लेंगे।

## नाचन भाजपा के बने तीन मंडल अध्यक्ष

**आदर्श, नेरचौक**

भाजपा ने नाचन मंडल को तीन भागों में विभाजित किया है। जिसके तहत, नाचन चच्योट तथा महादेव मंडल का गठन किया गया है।



मंडल अध्यक्षों के साथ विधायक विनोद कुमार सामूहिक चित्र में।

विश्राम गृह बग्गी में आयोजित भाजपा की बैठक में तीनों मंडल अध्यक्षों का चयन किया गया जिसमें चच्योट से हुकुमचंद ठाकुर, महादेव से संदीप सेन तथा नाचन मंडल की कमान मुकेश चंदेल को सौंपी गई। नाचन भाजपा की इस बैठक की अध्यक्षता जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने की जबकि नाचन के विधायक विनोद कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक प्रकाश राणा ने कहा कि भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी है और इस पार्टी के देश में सबसे ज्यादा सांसद व विधायक है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संगठनात्मक दृष्टि से मंडलों को विभाजित करने का जो निर्णय लिया है इससे पार्टी के लिए समर्पित ज्यादा सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका मिल रहा है और आने वाले समय में कार्यकर्ताओं की मेहनत से पार्टी और मजबूत होगी।

**नाचन, चच्योट व महादेव मंडल के नाम से किया भाजपा ने मंडल को विभाजित**

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सोहन सिंह ठाकुर, मुरारी लाल राणा, सूरत नायक, लाल सिंह यादव, टीकम सिंह, कमल किशोर, मोहनलाल, दिनेश धीरज गुप्ता व प्रवीण कुमार सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।(अनंत ज्ञान)

## मंडी पहुंचे महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे, शिमला रवाना

**अनंत ज्ञान, मंडी**



महाराष्ट्र नव निर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे इन दिनों परिवार संग हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में छुट्टियां मनाने पहुंचे है। कुल्लू मनाली में बर्फ का दीदार करने के बाद शुक्रवार को वापसी के दौरान राज ठाकरे का काफिला मंडी पहुंचा और राजमहल में उन्होंने परिवार के साथ थोड़ा समय व्यतीत किया।

राज ठाकरे ने मंडी पहुंचते ही पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

इस दौरान करीब एक घंटा वह मंडी रुके और उसके बाद वह शिमला के लिए रवाना हुए। इस दौरान जब उनसे हिमाचल आने के बारे में पूछा तो उन्होंने कैमरे के सामने से बताने से इंकार कर दिया।

राज ठाकरे ने कहा कि वह परिवार संग हिमाचल में छुट्टियां काटने आए है। मंडी में रुकने के बाद परिवार संग उनका काफिला आगे निकल गया। बताया जा रहा है कि 2 दिन मनाली रुकने के बाद अब उनका शिमला जाने का कार्यक्रम है हालांकि उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

## बलिदान दिवस पर करवाई संगोष्ठी

**भीम बसेड़ू, महादेव**



संगोष्ठी में मौजूद युवा वर्ग।

युवा शाखा क्षत्रिय संघ सुंदरनगर द्वारा वीर बाल दिवस के परिप्रेक्ष्य में लोअर महादेव, धनोटू थाने के पास श्याम आर्कीटेक्ट कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

बलिदान दिवस के अवसर पर मुख्य वक्ता कृष्ण चंद्र महादेविया ने श्रीगुरु गोविंद सिंह के शहीद पिता श्री तेग बहादुर और साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह की वीरता, देश-धर्म, सत्य और न्याय के लिए अमर बलिदान पर विस्तार से जानकारी दी। सुरेंद्र सिंह ने माता गुजरी के बलिदान की चर्चा की। युवा शाखा क्षत्रिय संघ के सचिव विनोद राजपूत ने संगठन की मजबूती बारे चर्चा की। संघ के युवा अध्यक्ष इंजीनियर श्याम ने नशेड़ी प्रवासियों पर नजर रखने और प्रशासन का साथ देने का आग्रह किया।

संगोष्ठी में संजय गुमरा, विपिन सिंह, नेक राम, श्याम खड़बाहणू सहित मुनि लाल कलौहड ने भी विचार रखे। युवाओं ने अगली बार बाल दिवस को बड़े स्तर पर मनाने का ऐलान किया।(अनंत ज्ञान)

## साहिबजादों का बलिदान गर्व की बात : गुरप्रीत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर में लंगर के दौरान की तस्वीर।

जोगिंद्रनगर शुक्रवार को गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों और माता गुजरी के शहीदी दिवस पर जोगिंद्रनगर में चांद गिफ्ट हाउस की ओर से श्रद्धालुओं के लिए चाय और पकोड़े का लंगर आयोजित किया गया।

इस पावन आयोजन में बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया और गुरुओं के बलिदान को नमन किया। 25 दिसंबर से शुरू हुए इस समागम में प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार के लंगर की व्यवस्था की गई। पहले दिन संगत के लिए गर्म दूध का लंगर लगाया गया, दूसरे दिन कॉफी और बिस्कुट का वितरण किया गया, जबकि शुक्रवार को चाय और पकोड़े परोसे गए। चांद गिफ्ट हाउस के एमडी गुरप्रीत सिंह ने इस आयोजन का महत्व बताते हुए कहा, 'चारों साहिबजादों और माता गुजरी का बलिदान सिख समाज के लिए गर्व की बात है।

उनके बलिदान ने धर्म और न्याय के लिए लड़ने की प्रेरणा दी। इस मौके पर जसमीत कौर, ज्ञान सिंह और जोगिंद्र पाल कौर ने सेवा के महत्व पर संगत को संबोधित किया। लंगर आयोजन में अंजू, गंगा राम, राजेंद्र ठाकुर, विनोद, प्रियांशु, अरुण, भावनीश, सन्नी, भास्कर गुप्ता, अजय धरवाल और अभिषेक शर्मा जैसे सेवादारों ने विशेष सहयोग दिया। यह आयोजन सिख धर्म के महान बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। श्रद्धालुओं ने इस मौके पर सेवा भाव को बढ़ावा दिया और गुरुओं के अद्वितीय शौर्य को याद किया।

### मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए बड़ी क्षति : रूप सिंह

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता रूप सिंह ठाकुर ने मनमोहन सिंह के निधन को देश के लिए एक बड़ी क्षति बताया है।

उन्होंने कहा कि जब मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे, तो उनके साथ उनकी कई मुलाकातें हुई है। उनकी सादगी और शांत व्यवहार से वह बेहद प्रभावित रहे है। देश को आर्थिक शक्ति बनाने में मनमोहन सिंह ने जो कार्य किए है वह सदा ही याद किए जाएंगे।

**खुशखबरी** जीवन ठाकुर ने प्रोजेक्ट का दौरा कर अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ की विशेष बैठक

# ऊहल तृतीय चरण पनविद्युत परियोजना में दो टर्बाइन चालू

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

लडभड़ोल क्षेत्र की ग्राम पंचायत तुलाह में स्थित 100 मेगावाट क्षमता वाली ऊहल तृतीय चरण पनविद्युत परियोजना में काम तेजी से चल रहा है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने प्रोजेक्ट का दौरा कर अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विशेष बैठक की।

उन्होंने व्यास वाली कॉरपोरेशन के एमडी दविंद्र चौधरी से परियोजना की प्रगति के हर पहलू की जानकारी ली और प्रोजेक्ट की तेजी से हो रही प्रगति के लिए टीम की सराहना की।



ऊहल तृतीय चरण पन विद्युत परियोजना का जायजा लेते हुए नेता जीवन ठाकुर व अन्य।

प्रोजेक्ट के पेन स्टॉक में जलभराव का कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ ही दो टर्बाइन मशीनों की टेस्टिंग शुरू कर दी गई है। इंजीनियरों की टीम ने इन्हें चालू करने में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिनों बाद तीसरी टरबाइन को भी ट्रायल के लिए चालू किया जाएगा।(अनंत ज्ञान)

### जनवरी तक पूरी क्षमता से होगा बिजली उत्पादन

**ऊहल** परियोजना तृतीय चरण के एमडी संजीव धीमान ने बताया, अभी ट्रायल पीरियड चल रहा है। जनवरी महीने के अंत तक परियोजना से पूरी क्षमता के साथ बिजली उत्पादन शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रोजेक्ट के तीनों टरबाइन चालू होने के बाद यह प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। एमडी संजीव धीमान ने कहा टरबाइन की टेस्टिंग जारी है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सभी सिस्टम सुचारू रूप से काम करें। यह परियोजना ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी लाएगी।

### 85 करोड़ जारी होने पर कार्य हुआ तेजी से

**पूर्व** प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने कहा, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह का धन्यवाद, जिन्होंने जोगिंद्रनगर दौरे के दौरान प्रोजेक्ट पर ध्यान दिया और 85 करोड़ रुपए की राशि तुरंत जारी की। इससे प्रोजेक्ट का कार्य तेजी से पूरा हो सका।

### गाली-गलौज व मारपीट करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** थाना सदर के अंतर्गत माया देवी पत्नी हंसराज गांव सिकनमट्ट (मोरगलू) डाकघर खड़याड़ त. कोटली जिला मंडी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि मेरे देवर ओम चंद ने मुझे गंदी गालियां और अपशब्द कह कर मेरी लज्जा भंग की है। मेरे पति भारतीय सेना में नौकरी करते हैं और वह घर पर छुट्टी आए हुए हैं।

माया देवी ने कहा कि मेरे देवर ने मेरे ऊपर गमला फैंका जिससे मुझे चोटें आई हैं। उसके उपरांत मेरे पति के साथ भी मारपीट की है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

## दो साल से लटका वर्षाशालिका बहरी का निर्माण कार्य, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत बहरी में सक्रैण खड्ड पुल के पास निर्माणाधीन वर्षाशालिका का कार्य पिछले दो वर्षों से लटका पड़ा है, जिसकी वजह से यहां सवारियों को बैठने उठने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पंचायत प्रधान पूजा देवी ने बताया कि यह कार्य पिछले 2 वर्षों से लटका पड़ा हुआ है और इसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बहरी पंचायत प्रधान पूजा देवी ने हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मंडल धर्मपुर के अधिशासी अभियंता से आग्रह किया है कि इस वर्षाशालिका का कार्य 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है और केवल स्लैब पड़ने को रहा है, तो इस कार्य को पूरा करके लोगों को समर्पित किया जाए, ताकि लोगों को बारिश इत्यादि में परेशानी न हो।



वर्षाशालिका का लटका हुआ कार्य।

कार्यकारी अधिशासी अभियंता नरेंद्र राणा ने कहा कि इस रुके हुए निर्माण कार्य का दोबारा ठेकेदार को टेंडर कर दिया गया है और जल्द ही इसका कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

# छुट्टी के बाद घर लौट रहे आईटीआई इंस्ट्रक्टर की सड़क हादसे में मौत

## टिप्पर के पिछले टायर के नीचे आया सिर, मौके पर ही मौत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

पुलिस थाना सदर के तहत झलेड़ा में शुक्रवार को चंडीगढ़-धर्मशाला मुख्य मार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। इसकी पहचान आईटीआई इंस्ट्रक्टर विशाल शर्मा के तौर पर की गई है। अभी विशाल अविवाहित था।

बताया जा रहा है कि हादसा उस समय हुआ, जब स्कूटी सवार विशाल आईटीआई से घर लौटते हुए एक चौक से मुड़ रहा था। अभी झलेड़ा मुख्य चौक को पार कर वह 20 मीटर ही आगे बढ़ा था कि एक टिप्पर चालक ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विशाल स्कूटी से नियंत्रण खो बैठा और टिप्पर के टायर के नीचे उसका सिर आ गया। हेलमेट लगा होने के बावजूद भारी भरकम वाहन टिप्पर के नीचे आने से उसका सिर बुरी तरह से कुचल गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

विशाल शर्मा (41) पुत्र सतीश कुमार निवासी बड़साला तहसील और जिला ऊना गगरेट शिफ्ट की गई एसओए आईटीआई में इंस्ट्रक्टर पद पर सेवाएं दे रहा था। वह बड़साला से झलेड़ा तक प्रतिदिन अपनी स्कूटी पर आता था। उसके आगे वह अपने अन्य सहकर्मियों के साथ गाड़ी में सवार होकर करीब 30 किलोमीटर दूर गगरेट स्थित एसओए आईटीआई पहुंचता था।

शुक्रवार को भी वह सुबह के समय झलेड़ा तक स्कूटी पर गया और आगे गाड़ी में निकला था, लेकिन गगरेट पहुंचने पर पता चला कि प्रदेश सरकार ने सरकारी छुट्टी घोषित कर दी है। बताया जा रहा कि सुबह सवा ग्यारह बजे के आसपास विशाल वापस झलेड़ा पहुंचा और गाड़ी से उतरकर वहां खड़ी अपनी स्कूटी पर सवार हुआ। अभी वह 15 से 20 मीटर ही आगे गया था कि एक टिप्पर से टकरा गया। टक्कर से स्कूटी सवार विशाल टिप्पर के नीचे गिर गया और टायर उसके सिर से गुजर गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, टिप्पर चालक मौके से फरार हो गया। आरोपी टिप्पर चालक की पहचान हरभजन सिंह निवासी अठवां तहसील अंब जिला ऊना के तौर पर हुई। पुलिस ने टिप्पर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा कि स्कूटी चालक अपनी साइड पर चल रहा था, लेकिन पीछे से टिप्पर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे यह दर्दनाक हादसा पेश आया। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया। आरोपी टिप्पर चालक मौके से फरार बताया जा रहा। पुलिस कार्रवाई कर रही है।


चंडीगढ़-धर्मशाला मुख्य मार्ग पर हुआ हादसा।

### हादसे के बाद लगा लंबा जाम

चंडीगढ़-धर्मशाला मुख्य मार्ग पर हुए दर्दनाक इस हादसे के बाद लंबा जाम लग गया। सड़क की एक लेन करीब आधा घंटा तक बंद रही। इससे करीब तीन किलोमीटर तक वाहनों की लाइन लग गई थी। हालांकि, पुलिस के दो कर्मी हादसे के कुछ देर बाद मौके पर पहुंच गए। लेकिन, हादसे से जुड़ी कुछ औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद ही शव को सड़क से हटाया गया। इसके बाद यातायात दोबारा सुचारु हो पाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस ने टिप्पर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## ऊना-बिलासपुर सीमा पर कई रमणीक स्थल

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** क्षेत्र के कोहडरा के समीप बड़ागांव जो ऊना और बिलासपुर की सीमा पर स्थित हैं, यहां कई रमणीक स्थल पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। जिला ऊना उपमंडल बंगाणा के लठियाणी से कोहडरा, बच्छेटू, तलाई मार्ग पर बिलासपुर जिले के आरंभ में स्थित यह प्राचीन मंदिर ग्राम पंचायत बड़ागांव गलू के डोहक गांव में स्थित है। इस प्राचीन मंदिर को ठाकुरद्वारा के नाम से पहचाना जाता है। अगर तलाई मार्ग से आएं तो कुछ ही दूरी पर ऊना जिला प्रारंभ हो जाता है। यह ठाकुरद्वारा डोहकेश्वर धाम से बहुत ही बढ़िया दिखाई देता है। डोहकेश्वर धाम में काफी संख्या में पंजाब से भी काफी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इस क्षेत्र में और भी कई प्रकार के प्राचीन मंदिर हैं, लेकिन जब गोबिंदसागर झील में लबालब पानी होता है। तो ये मंदिर गोबिंदसागर के पानी से ढक जाते हैं।

ठाकुरद्वारा मंदिर कई बरसों से इसी हालत में है। स्थानीय लोगों में देश राज मौदगिल, आशु मौदगिल, राजीव कुमार शास्त्री, सुरेश मौदगिल, नरेश कुमार, परसराम, रामकिशन, बालकिशन, कमलदेव, राजिंदर शर्मा, अशोक शर्मा, जगदीश चंद, सोमदत्त, गुरदेव चन्द गोगा, अश्वनी कुमार, वार्ड पंच किरना देवी, विजय कुमार, बलदेव चंद, प्रकाश चंद, रमेश चंद , बांकू राम, अमर सिंह इत्यादि का कहना है कि यदि इन प्राचीन मंदिरों का सही तरीके से रखरखाव करे तो यहां काफी संख्या में श्रद्धालु इस ओर आकर्षित हो सकते हैं।

## किसानों के लिए वरदान बनी बारिश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** जिले में शुक्रवार को मौसम के करवट बदलते ही बारिश का दौर शुरू हो गया है। जिले के पहाड़ी वाले इलाकों में जहां तेज बरसात हो रही है तो वहीं मैदानी इलाकों में हल्की बूंदाबांदी जारी थी। शुक्रवार सुबह से ही मौसम का रुख बदलने लगा था। दोपहर बाद जिला मुख्यालय में घनघोर घटा छा गई थी और अधिकांश वाहन चालक हेड लाइट जलाकर चल रहे थे। बरसात को गेहूं की फसल के लिए किसान लाभदायक मान रहे हैं। किसानों की मानें तो यह बरसात रात भर होती रही तो गेहूं के साथ सब्जी की फसलों के लिए अच्छी रहेगी। लोगों को भी शुष्क सर्दी से राहत मिली है। कृषि विभाग के अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार बग्गा ने बताया कि अभी तक इस बरसात को फसलों के लिए पर्याप्त नहीं माना जा सकता है। अभी अच्छी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी किए गए ताजा पूर्वानुमान के तहत शुक्रवार रात से वैस्टर्न डिस्टरबैंस एक्टिव होने वाला है, ऐसे में 27 दिसंबर की रात से लेकर 29 दिसंबर तक बारिश का मौसम बना रहेगा।

## पेड़ से गिरने पर व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शहर के नजदीकी गांव पेखूबेला में पेश आए हादसे में एक व्यक्ति की पेड़ से गिरने के चलते मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रीजनल अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान 59 वर्षीय जसवंत सिंह पुत्र बलठी राम निवासी पेखूबेला जिला ऊना के रूप में हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जसवंत सिंह शुक्रवार को अपने घर के पास ही किसी काम के चलते एक पेड़ पर चढ़ा था। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया, जिससे वह जमीन पर गिर गया। गंभीर चोटें आने के कारण उन्हें तुरंत रीजनल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर कई नेताओं ने जताया शोक

### कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा सहित अन्य नेताओं ने जताया दुख

अनंत ज्ञान टीम, ऊना/बंगाणा

देश के प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं पूर्व भारत सरकार में दस वर्ष तक लगातार प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर विभिन्न दलों के नेताओं समेत हर वर्ग ने दुख प्रकट किया है। विधायक सुदर्शन बबलू, विवेक शर्मा, सतपाल सत्ती, राकेश कालिया, पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार, डॉ. विजय डोगरा, रणजीत राणा, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, प्रो. राम कुमार समेत सैकड़ों समाजसेवी संस्थाओं ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का पूरा जीवन उपलब्धियों से भरा रहा है।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि डॉ. सिंह की एक पुस्तक इंडियाज एक्सपोर्ट ट्रेंड्स एंड प्रोस्पेक्ट्स फॉर सेल्फ सस्टेंड ग्रोथ भारत की व्यापार नीति की पहली और स्टीक मानी जाती है। भारत देश के 13वें प्रधानमंत्री बने डॉ. मनमोहन सिंह एक बड़े ओर जननायक अर्थशास्त्री भी थे। लोकसभा चुनाव 2009 में मिली जीत के बाद वह जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बने, जिन्हें पांच वर्षों का कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला था। उक्त नेताओं ने कहा कि उन्हें 22 जून, 1991 से 16 मई 1996 तक पीवी नरसिंह राव के प्रधानमंत्रित्व काल में वित्त मंत्री के रूप में किए गए आर्थिक सुधारों का श्रेय दिया जाता है।

बता दें कि पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह ने पंजाब विश्वविद्यालय से उन्होंने स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी की, बाद में वह कैंब्रिज विश्वविद्यालय गए, जहां से उन्होंने पीएचडी की। इसके बाद उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी-फिल भी किया। उनकी पुस्तक इंडियाज एक्सपोर्ट ट्रेंड्स एंड प्रोस्पेक्ट्स फॉर सेल्फ सस्टेंड ग्रोथ भारत की व्यापार नीति की पहली और स्टीक मानी जाती है। डॉ. सिंह ने अर्थशास्त्र के अध्यापक के तौर पर काफी ख्याति अर्जित की। वह पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे। इसी बीच वह संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे और 1987 और 1990 में जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे।

उन्होंने कहा कि 1971 में डॉ. सिंह भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के तौर पर नियुक्त किए गए। इसके बाद 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया। आरबीआई गवर्नर भी रह चुके मनमोहन सिंह योजना आयोग के उपाध्यक्ष भी रहे। इसके अलावा रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी रहे। भारत के आर्थिक इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण मोड़ तब आया, जब वह 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मंत्री रहे। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि 1985 में राजीव गांधी के शासन काल में मनमोहन सिंह को योजना आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस पद पर उन्होंने लगातार पांच वर्ष तक कार्य किया, जबकि 1990 में वह प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार 1991 बनाए गए। जब पीवी नरसिंह राव प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने मनमोहन सिंह को 1991 में अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया और वित्त मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार सौंपा। इस समय वह न तो लोकसभा और न ही राज्यसभा के सदस्य थे, मगर संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार सरकार के मंत्री को संसद का सदस्य होना आवश्यक होता है, इसलिए उन्हें 1991 में असम से राज्यसभा भेजा गया था।

कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, राज्य सचिव कर्नल धर्मेंद्र सिंह पटियाल, देसराज मोदगिल, देसराज गौतम, विवेक मिंका, सदाशिव मंदिर के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, सुदेश शर्मा आदि वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने डॉ. मनमोहन सिंह की मृत्यु पर दुख प्रकट किया है।

### कभी भी असभ्य शब्द का प्रयोग नहीं किया : संघ

हिमाचल पेंशनर संघ जिला ऊना इकाई ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जो एक प्रख्यात अर्थशास्त्री भी थे, के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। संघ के प्रधान राजकुमार शर्मा और प्रेस सचिव रोशन लाल चौधरी का कहना है कि डॉ. मनमोहन सिंह अद्भुत प्रतिभा के मालिक थे। उन्होंने कभी भी किसी भी दल के किसी भी सदस्य के विरुद्ध असंसदीय और असभ्य शब्द का प्रयोग नहीं किया। यही कारण है कि आज विचारधारा अलग होने के बावजूद भी भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री सहित बड़े नेता उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करनेके लिए पहुंच रहे हैं। हमारा संघ भी भी उनके संसार को अलविदा कहने के मौका पर उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है।

# बुरी संगत छोड़ने से ही मिलेगा नशे से छुटकारा

अनंत ज्ञान, ऊना

गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटौहड़ खुर्द में बच्चों नशे की बुराई को लेकर जानकारी दी गई। नशा हमारे शरीर पर क्या असर डालता है, इसके दुष्परिणाम क्या निकालते हैं और यदि कोई बच्चा इसकी चपेट में आ गया है तो उसे निकालने के क्या उपाय हैं। इस संबंध में सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बताया कि नशे की लत लगने का कारण बुरी संगत होता है।

बच्चे अपने नफा-नुकसान को इस अवस्था में नहीं समझ पाते और उनकी चपेट में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि सभी अपराधों की जननी नशा है। नशा हमारे दिल और दिमाग को चट कर जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले नशा व्यक्ति की श्वसनक्रिया पर प्रभाव डालता है। नशे वाले की सांस चढ़ने लगती है, जिसके उपरांत हार्टबीट बढ़ जाती है और घबराहट लगने लगती है। स्मरण शक्ति का धीरे-धीरे खत्म होना, हाथ-पैर कांपना, लिवर खराब हो जाना अंतड़ियों में क्रैक आने की वजह से बुखार रहना, पागलपन हो जाता है। इस कारण नशेड़ी डिप्रेशन में आ जाता है और उसका जीवन नर्क बन जाता है।

उन्होंने बताया कि इससे बचने का एक अचूक उपाय है, बुरी संगत छोड़ दो, नशा अपने आप छूट जाएगा। इसके साथ-साथ दृढ़ संकल्प और मजबूत इच्छा शक्ति से भी इससे किनारा किया जा सकता है। नशे वाले बच्चे को अच्छी पुस्तकें पढ़नी चाहिएं और अपने अंदर आत्मविश्वास पैदा करना होगा, तभी इससे छुटकारा पाया जा सकता है।

## बजाज कैपिटल इंश्योरेंस ब्रॉकिंग लि. में भरे जाएंगे 15 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज बजाज कैपिटल इंश्योरेंस ब्रॉकिंग लिमिटेड ऊना द्वारा 15 पद सेल्ज और फील्ड मार्केटिंग में नियमित आधार पर भरे जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 28 दिसंबर को प्रात: 10 बजे जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय ऊना में लिया जाएगा। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं और किसी भी स्ट्रीम में स्नातक होना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की आयु 18 से 25 वर्ष और वेतन 12 हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। अक्षय शर्मा ने बताया कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्मतिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड नंबर, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

## उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत दिया प्रशिक्षण




**अनंत ज्ञान, घनारी।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना कार्यालय में चलाई जा रहे 30 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कंप्यूटर एकाउंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर 35 प्रतिभागियों द्वारा लिखित एवं मौखिक परीक्षा उत्तीर्ण की गई तथा इन सभी की परीक्षा प्रशिक्षक हरमेश राजपूत एवं महक द्वारा ली गई तथा सभी प्रतिभागी सफलतापूर्ण पूर्वक परीक्षा में पास हुए। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक पारुल वीरदी द्वारा प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम संचालक एवं संकाय सदस्य आकाश भारद्वाज द्वारा बताया गया कि प्रतिभागियों को निशुल्क प्रशिक्षण देने के अतिरिक्त बैंक ऋण सुविधा भी प्रदान की जा रही है ताकि वह आगे चलकर आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर कृतिका कार्यालय सहायक हिना, मीनाक्षी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## मुबारिकपुर में 'नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की'

सुदीप सरोच, मुबारिकपुर

ठाकुरद्वारा मंदिर मुबारिकपुर में बाबा बाल जी महाराज के शिष्य कृष्ण दास जी द्वारा भागवत कथा के चतुर्दशी में बताया कि भगवान शंकर का नाम त्रिपुरारी कैसे पड़ा। त्रिपुरा सरनेम के रक्षा के नगर की तीन दीवारें थीं, एक सोने की, एक चांदी की और एक लोहे की।

इसी प्रकार हमारा मन त्रिपुरासुर नामक राक्षस के नगर की तरह तीन दीवारें काम, क्रोध, लोभ जब तक किया, तीनों दीवारें नहीं गिरेंगी, तब तक त्रिपुरासुर नहीं मरेगा। देवता ने भगवान शंकर से प्रार्थना की। भगवान शंकर ने त्रिपुरासुर का वध किया। शंकर का तब भगवान शंकर का नाम त्रिपुरारी पड़ गया।

शास्त्री जी ने सनातन धर्म का वर्णन करते हुए बताया कि सनातन धर्म आनंदी अनंत है। सनातन धर्म की लक्षणों से युक्त है। सत्य बोलना, दया भाव रखना, तप करना, पवित्रता से रहना सहनशीलता शक्ति रखना, उचित अनुचित का विचार करना, मन की इंद्रियों का संयम शास्त्र आत्म चिंतन करना स्वयं ऐसा कोई भी काम नहीं करना, जिससे आत्मा गाली न हो।



भगवान कृष्ण की कथा का श्रवण कीर्तन सुमन एवं सेवा पूजा से व्यक्ति में धर्म का प्रादमति युक्त हो जाता है। आज के मुख्य जज्बा सुनील शर्मा थे। संगत ने भारी संख्या वर्षा के बावजूद यहां पर कथा का श्रवण किया और बाद में लंगर ग्रहण किया। (अनंत ज्ञान)

## 'लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल : स्वराज संघर्ष और राष्ट्र एकीकरण में भूमिका' पुस्तक का विमोचन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

बंगाणा उपमंडल के गांव में कैहलमी से संबंध रखने वाले डॉ. राजकुमार लेखन और शोध कार्यों में निरंतर योगदान दे रहे हैं। इसी क्रम में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में डॉ. राजकुमार और डॉ. राकेश कुमार शर्मा द्वारा संपादित पुस्तक 'लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल : स्वराज संघर्ष और राष्ट्र एकीकरण में भूमिका' का विमोचन राष्ट्रीय संगोष्ठी सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में मुख्य अतिथि धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कार्यकारी परिषद सदस्य माननीय चंद्रशेखर और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं वर्तमान कुलपति (अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर, छत्तीसगढ़) आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी और सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी द्वारा गरिमामय में कार्यक्रम में किया गया।


पुस्तक का विमोचन करते विधायक सहित अन्य गणमान्य।

पुस्तक में डॉ. राकेश कुमार शर्मा और डॉ. राजकुमार सहित कुल 14 अध्याय हैं। डॉ. राजकुमार ने इस पुस्तक में आधुनिक भारत के निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल के 3 जनवरी 1948 के कोलकाता भाषण में व्यक्त दृष्टि विचारों को प्रमुखता से उजागर किया है।

डॉ. राजकुमार ने बताया कि विगत 10 वर्षों से देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में इतिहास विषय से जुड़ी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों और सेमिनारों में भाग लेने का अवसर मिला है।

इसी कड़ी में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग में कार्यरत सहायक आचार्य डॉ. राकेश कुमार शर्मा के साथ मिलकर शोध कार्य कर रहे हैं। गौरतलब है कि डॉ. राजकुमार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में इतिहास विभाग के समन्वयक और सहायक आचार्य पद पर कार्यरत हैं, जिनके लिखित 14 शोध पत्र और तीन संपादित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

डॉ. राजकुमार ने बताया कि 'भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में महिलाओं का योगदान' विषय पर आधारित दो पुस्तकों का संपादन कर रहे हैं और शीघ्र ही आगामी दिनों में दोनों पुस्तकें प्रकाशित होंगी। डॉ. राजकुमार की इस उपलब्धि से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है।

**जीत** हिमाचली गेंदबाज रितिक ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को आउट किया, अगले दौर में किया प्रवेश

# हिमाचल ने पुडुचेरी को वनडे में 7 विकेट से दी करारी शिकस्त

संजीव पुरी, ऊना

अंडर-23 वनडे प्रतियोगिता के तहत हिमाचल का मुकाबला पुडुचेरी के साथ खेला गया, जिसमें हिमाचल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुडुचेरी की टीम को 88 रन पर ऑलआउट कर दिया। पुडुचेरी के बल्लेबाजों का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा।

हिमाचली गेंदबाज रितिक ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को आउट किया। अनिकेत ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, साहिल शर्मा ने एक खिलाड़ी को आउट किया, वहीं देवन ने एक खिलाड़ी को आउट किया। हिमाचल के बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 6.3 ओवर में अपने लक्ष्य को तीन विकेट खोकर प्राप्त कर लिया।

इनेश महाजन ने 14 रन बनाए, मृदुल सरोच ने 24 रन बनाए, अभिषेक ठाकुर ने 31 रन बनाए, कुशल पॉल ने नाबाद 10 रन बनाए। हिमाचल की टीम ने 7 विकेट से मैच जीत कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है।

खेल प्रेमियों रमन सैनी, अनुराग दयाल, संदीप बेदी, नवीन शर्मा, सुनील शर्मा, विनय कुमार मंदली ने खिलाड़ियों और कोच को अगले दौर में प्रवेश करने के लिए बधाई दी। (अनंत ज्ञान)


हिमाचल की क्रिकेट टीम ने अगले दौर में प्रवेश कर लिया है।

### अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में कई टीमों की हुई भिड़ंत

**ऊना।** अंडर 14 जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का मुकाबला सिरमौर और बिलासपुर के बीच में स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में शुक्रवार आरंभ हुआ। इसमें सिरमौर की टीम ने पहले खेलते हुए 10 विकेट खोकर मात्र 63 रन बनाए। प्रिंस ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 खिलाड़ियों का आउट किया। बिलासपुर की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 4 विकेट पर 237 रन बनाकर अपनी स्थिति को मजबूत कर लिया। बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल आरंभ न हो सका। वहीं, दूसरा मुकाबला जवाहर नवोदय विद्यालय ऊना पेखुवेला में खेला गया, मुकाबला लाहौल-स्पीति और कुल्लू के बीच में अंडर-14 का दो दिवसीय मुकाबला आरंभ हुआ जिसमें लाहौल-स्पीति ने पहले खेलते हुए 155 रन बनाए। वेदांत शर्मा ने चार खिलाड़ियों को आउट किया कुल्लू की टीम ने 141 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लाहौल स्पीति ने पहली पारी में बढत बना ली, मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया। तीसरा मुकाबला पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में कांगड़ा और मंडी के बीच में आरंभ हुआ, जिसमें कांगड़ा की टीम ने पहले खेलते हुए 10 विकेट पर 305 रन बनाए। मंडी की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर 132 रन बनाए, अर्णव ठाकुर 62 रन बनाकर खेल रहे हैं, शुभम ने 17 रन बनाए, चिराग 13 रन बनाकर खेल रहे हैं। बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल नहीं हो सका। मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया। दोनों टीमों को बराबर अंक दिए गए।

## दियोली स्कूल के छात्रों को बांटे सर्दियों के कपड़े




**अनंत ज्ञान, घनारी।** शहीद भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्यों व राजकीय माध्यमिक पाठशाला दियोली (बाड़ी) के बच्चों ने महान क्रांतिकारी शहीद ऊधम सिंह की जंयती पर फूल मालाएं अर्पित की और क्लब सदस्यों ने बच्चों को गर्म कपड़े भी बांटे। इस अवसर पर क्लब सदस्यों के साथ समाजसेवी ज़ीनत महंत ने शहीद ऊधम सिंह की जीवनी के बारे में बताया और सभी बच्चों को पढ़ाई के लिए राशि बांटी।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी मोहल में जांचा 295 का स्वास्थ्य



**कुल्लू।** प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा का विस्तार मंडी संसदीय क्षेत्र के जिला कुल्लू में किया गया। हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से 5वीं बार सांसद बने व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन व सहयोग से यह सुविधा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र व कांगड़ा चंबा संसदीय क्षेत्र में अपनी सेवाएं उपलब्ध करवा रही है। कुल्लू के ग्रामीण ईलाकों मे जनता को घरद्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की सोच के साथ यह सुविधा शुरू की गई है। कुल्लू के सदर विधानसभा के गांव व ग्राम पंचायत मोहल के डॉ. देवी चंद डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहल मे डॉ. उनिशा भोपल व डॉ. प्रदीप के नेतृत्व मे स्वास्थ्य टीम लैब टेक्निशन स्नेहा, फार्मसिस्ट कुसुम, पायलट मनीष व निहाल ने स्थानीय बच्चों स्टाफ सदस्यों व स्थानीय पंचायत के नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच व रक्त जांच की। स्वास्थ्य शिविर के दौरान 295 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की।

### जयपुर का शैक्षणिक भ्रमण कर लौटे प्रशिक्षणार्थी



**निरमंड।** आनी के दलाश रिवाड़ी स्थित राधे -राधे पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षु 7 दिन के जयपुर शैक्षणिक भ्रमण कर लौट आए हैं। संस्थान की प्रबंधक निदेशिका सरोज कुमारी शर्मा ने बताया कि संस्थान के छात्रों ने हाल ही में एक शैक्षणिक भ्रमण किया, जिसमें उन्होंने चंडीगढ़ के अलावा आगरा व जयपुर का दौरा किया। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना व उनके व्यापक विकास को बढ़ावा देना और उन्हें भविष्य तथा समाज के लिए तैयार करना था। आगरा में छात्रों ने जहां ऐतिहासिक ईमारत ताजमहल की भव्यता और इसकी अलौकिक सुंदरता को निहारा। वहीं, उन्होंने आगरा किले का भ्रमण कर उसके इतिहास को करीब से जाना, जबकि जयपुर में छात्रों ने जंतर मंतर वेधशाला , जयपुर नाहरगढ़ जैविक पार्क का दौरा किया और उन्होंने वहां विभिन प्रकार के वन्य जीवजंतुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और साथ में लायन सफारी का भी आनंद लिया। छात्रों ने आमेर किले व नारगढ किले का भ्रमण किया, जहां पर उन्हें उन किलों के इतिहास जानने का अवसर मिला। साथ ही साथ उन्होंने जयगढ़ किले का भी भ्रमण किया और उस किले के इतिहास को जाना।

### गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेगा सूत्रधार का 15 सदस्यीय लोकनृत्य दल, रवाना



**कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू का लोकनृत्य दल 26 जनवरी को कर्तव्य पथ नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहे गणतंत्र दिवस-2025 की परेड में भाग लेने के लिए रवाना हुआ। इस दल को रवाना करते समय संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन सहित उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, वित्त सचिव जोगेंद्र ठाकुर, भंडार प्रभारी तिलक राज चौधरी, लोकनृत्य प्रभारी सीमा शर्मा, विशेष आमंत्रित सदस्य सुंदर श्याम, प्राचार्य संगीत अकादमी पं. विद्यासागर तथा प्रबंधक उत्तम चंद उपस्थित रहे । इसके साथ ही संस्था के सभी कार्यकारिणी सदस्य, साधारण सदस्य तथा समस्त कलाकारों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दल में सूत्रधार कला संगम के 15 बेहतरीन कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सूत्रधार कला संगम के इस 15 सदस्यीय दल में कार्यकारिणी सदस्य एवं कलाकार सनी के नेतृत्व में कुनाल कौशल, पवन, हिमांश दत्त, रोहित ठाकुर, गौरव, रजनीश ठाकुर, भास्कर शर्मा, कृष्णा देवी, द्रौपदी ठाकुर, करिश्मा ठाकुर, रीना, तारा देवी, ट्विंकल ठाकुर तथा तान्या शर्मा को शामिल होने का मौका मिला। यह कलाकार महिनाभर वहां रहकर अभ्यास करेंगे तथा 26 जनवरी को कर्तव्य पथ नई दिल्ली में होने वाली मुख्य परेड में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। सूत्रधार कला संगम कुल्लू का लोकनृत्य दल अभी हाल ही में हुए कुल्लू दशहरा की लोकनृत्य प्रतियोगिता का विजेता दल रहा है।

### मतदाता सूचियों में दर्ज करने के लिए चलाएं अभियान



**कुल्लू।** भारत के निर्वाचन आयोग के डिप्टी निर्वाचन-आयुक्त हिर्देश कुमार ने कुल्लू, मनाली के दौरे के दौरान कुल्लू में मतदाता सूचियों के विशेष पुनर्निरीक्षण -2025 के संदर्भ में एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कुल्लू में चल रहे मतदाता सूचियों के पुनर्निरीक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले से बाहर पढ़ने वाले नए युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूचियां में दर्ज करने के लिए विशेष अभियान चलाएं, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी भूमिका सुनिश्चित हो सके।

# मौसम ने बदली करवट, बारिश-बर्फबारी का क्रम जारी

## रोहतांग, बारालाचा, कुंजम व शिंकुला दर्रे में एक फुट बर्फबारी, अटल टनल व लाहौल घाटी के समस्त पर्यटन स्थल बंद





**कमलेश वर्मा, कुल्लू/ केलांग**

कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। शुक्रवार सुबह से ही दोनों जिलों में बारिश-बर्फबारी का क्रम जारी हुआ, जो लगातार जारी है।

बारिश-बर्फबारी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और दोनों जिलों में कड़ाके की ठंड है। वहीं, विश्व प्रसिद्ध रोहतांग दर्रा, बारालाचा शिंकुला व कुंजम दर्रे में भी दो फुट बर्फबारी हुई है। शुक्रवार सुबह से सभी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। लाहौल-स्पीति में भी सुबह से बर्फ के फाहे गिर रहे हैं। भारी बर्फबारी होने से जिले में जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मनाली-केलांग मार्ग सहित तांदी संसारी मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। घाटी में कुछ एक जगह फोर व्हील वाहन चल रहे हैं, जबकि बस सेवा बंद कर दी है। सुबह से हो रही बर्फबारी के चलते अटल टनल के दोनों छोरों पर आधा फुट बर्फ के ढेर जमा हो गए हैं। अटल टनल सहित लाहौल के सभी पर्यटन स्थल पर्यटकों के लिए बंद कर दिए हैं। सुबह से हो रहे बर्फबारी के चलते केलांग से सिस्सू के बीच दो से तीन इंच बर्फ गिर चुकी है। लाहौल-स्पीति के समस्त क्षेत्र में बर्फ के फाहे गिरने का दौर जारी है। पर्यटन नगरी मनाली में दिन भर बारिश का क्रम जारी रहा, जबकि कुछ देर के लिए बर्फ के फाहे भी गिरे। मनाली के पर्यटन स्थल सोलंगनाला सहित अंजनी महादेव, कोठी, गुलाबा, हामटा में भी बर्फ के फाहे गिर रहे हैं। मनाली-लेह मार्ग के बारालाचा दर्रे सहित तंगलंगला व लाचुंगला में भारी बर्फबारी हो रही है। मनाली-लेह मार्ग सर्दियों के चलते वाहनों के लिए बंद चल रहा है, जो अब गर्मियों में ही बहाल होगा। उधर, कुल्लू की खराहल घाटी के बिजली महादेव, माहूंटी नाग, लगघाटी, मणिकर्ण घाटी, बंजार के ऊंचे क्षेत्रों व आनी के जलोड़ी दर्रा सहित अन्य ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है, जबकि निचले क्षेत्रों में शुक्रवार को दिनभर बारिश का दौर जारी रहा। मनाली में पर्यटक अधिक होने के कारण हिडिंबा मंदिर वशिष्ठ नगर आदि जगह पर खूब भीड़ है।

हिमाचल में 3 दिन के अवकाश के चलते पर्यटकों में अधिक बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि अटल टनल रोहतांग पर्यटकों के लिए बंद रही। पर्यटकों को सोलंग नाला तक ही जाने की अनुमति रही। उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में न जाएं। (अनंत ज्ञान)

### दोनों जिलों के जवान दे रहे बेहतरीन सेवाएं



**उधर,** शाम के समय बर्फबारी अधिक बढ़ने के कारण सोलंगनाला से लेकर पलचान व मनाली तक ट्रैफिक जाम में वाहन फंस गए। ऐसे में डीएसपी मनाली केडी शर्मा अपनी टीम के साथ खुद वाहनों को सुरक्षित निकालने में जुटे रहे। वहीं, दूसरी और लाहौल-स्पीति पुलिस की टीम भी वाहनों को सुरक्षित निकालने के साथ-साथ पर्यटकों को जागरूक कर रही है। लिहाजा, पर्यटकों एवं स्थानीय जनों की सुरक्षा के लिए दोनों जिलों के जवान गश्त करने के साथ ही भारी ठंड व बर्फबारी के बीच बेहतरीन सेवाएं दे रहे हैं।

### बारिश-बर्फबारी से कुल्लू में आधा दर्जन बस रूट बंद

जिला कुल्लू में भारी बारिश और हिमपात के कारण ग्रामीण क्षेत्र में करीब आधा दर्जन बस रूट प्रभावित हो गए हैं। वहीं, कई रूटों में बसें आधे रास्ते तक ही जा रही हैं। जिले के बागीपुल, पलचान, बयासर, कोटाधार व थाच माशणा आदि रूटों में बसों के पहिए थम गए हैं। बस अड्डा प्रभारी कुल्लू मनोज कुमार ने कहा कि मौसम के कारण आधा दर्जन बस रूट प्रभावित हो गए हैं।

**बर्फबारी** के दौरान सड़क पर सफर जोखिम भरा हो गया है। नदी, नालों और झीलों के पास न जाएं, सतर्क रहें, सुरक्षित रहें। पर्यटकों व आमजन से अपील है कि बर्फबारी के दौरान अनावश्यक यात्रा करने से बचें। आपातकालीन सेवाओं की जानकारी अपने पास रखें, किसी भी, आपात स्थिति में तुरंत जिला पुलिस द्वारा जारी किए गए नंबर पर संपर्क करें। बर्फबारी के दौरान सड़कें फिसलन भरी हो जाती हैं और दृश्यता भी कम हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। जिला पुलिस आपकी सुरक्षा और सुविधा के लिए लगातार काम कर रही है और मौसम की हर स्थिति पर नजर रख रही है। लाहौल-स्पीति जिला पुलिस आपकी सेवा में तैनात हैं। आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। सभी से आग्रह है कि वे पुलिस के निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

**मयंक चौधरी, एसपी लाहौल-स्पीति।**

## पीएमजीएसवाई चरण-4 को मिली मंजूरी : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) चरण-4 को मंजूरी दी है।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत हिमाचल प्रदेश को लगभग 4000 करोड़ रुपए का बजट प्राप्त होगा। इस बजट से प्रदेश में नई सड़कों के निर्माण के साथ-साथ पुरानी सड़कों की मरम्मत और मेंटलिंग का कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण-1 और चरण-2 में बनी उन सड़कों को भी इसमें शामिल किया गया है, जिनकी मेंटलिंग अब तक नहीं हो पाई है। पीएमजीएसवाई के चरण-4 में प्रदेश के ऐसे गांव जिनकी आबादी 250 से कम को भी सड़क सुविधा से जोड़ा जाएगा।

### सरकार बजट का सदुपयोग सुनिश्चित करे

**इस** अवसर पर उन्होंने प्रदेश सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार अपने दो साल के कार्यकाल में कोई नया विकास कार्य शुरू करने में विफल रही है। उन्होंने हिमाचल सरकार से आग्रह किया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किए गए इस बजट का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए।

### प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार का जताया आभार

**गोविंद** ने कहा कि पूर्व में केंद्र सरकार ने प्रदेश के उन ग्रामीण क्षेत्रों, जहां 500 से अधिक आबादी थी, उनको सड़क सुविधा से जोड़ा है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का हिमाचल प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की उम्मीद

**योजना** के तहत प्राप्त यह बजट हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास में एक नई उम्मीद जगाएगा। यह न केवल सड़कों के माध्यम से संपर्क में सुधार करेगा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति देगा।

## कुछ शरारती तत्व जान बूझकर फंसाने की कर रहे कोशिश: विकास शुक्ला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



सोशल मीडिया में एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला की एक वीडियो वायरल हुई है।

यह वीडियो पार्वती घाटी के कसोल का वीडियो है, जो कि 24 दिसंबर का बताया जा रहा है। वीडियो में कुछ युवक एसडीएम की गाड़ी को घेरे हैं और एसडीएम पर शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप लगा रहे हैं। इस दौरान ड्राइविंग सीट पर बैठे एसडीएम मोबाइल खींचने की कोशिश भी करते हैं। उधर, वायरल वीडियो मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए एसडीएम ने कहा कि मुझे सोशल मीडिया से पता चला कि मेरा एक वीडियो फेसबुक और व्हाट्सऐप पर वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग मुझे धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं सभी को स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैंने कुछ समय पहले कसोल में अवैध अतिक्रमण को लेकर आदेश पारित किए थे और इससे कुछ शरारती तत्व जान-बूझकर मुझे फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे यह भी पता चला कि वे कई महीनों से मुझ पर नजर रख रहे हैं। मैंने 6 दिसंबर का एक वीडियो शेयर किया था, जब ये अवैध कार्यकर्ता मेरा पीछा कर रहा थे और मेरी हर गतिविधि को रिकॉर्ड कर रहे थे। यह नोट कर रहे थे कि मैं कहां और कब जा रहा हूं। वह मुझे बदनाम करने के लिए बस ऐसे ही मौके का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन मैं सभी को बताना चाहता हूं कि मैं हमेशा सच्चाई के साथ खड़ा रहूंगा।

### 57 सेकंड की वीडियो खूब हो रही वायरल

**दरअसल,** 57 सेकंड के इस वीडियो में गाड़ी को रोकते हुए युवक ने कहा कि आपको गाड़ी किसने सिखाई, रुको इधर जो दारू पीकर चले हैं आप लोग। गाड़ी के साथ गाड़ी आपने लगाई है और नशे में चले हैं आप लोग। इस पर एसडीएम कहते हैं कि आप लोग पागल हैं। उनके साथ एकऔर शख्स बैठा हुआ है। इस दौरान युवक कहते हैं कि आप सरकारी अफसर हैं और क्या आप किसी की भी गाड़ी ठोक देंगे। इस दौरान युवक एसडीएम की गाड़ी की चाबी भी निकालने की कोशिश करता है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो खूब वायरल हो रहा है और लोग अपनी अपनी प्रतिक्रिया भी इस पर दे रहे हैं।

## शाठकी कैंद के जलोड़ी दौरे से स्वधाम कुंईर पहुंचे कुंईरी महादेव

**अनंत ज्ञान, निरमंड**

पोष मास संक्रांति के बाद आउटर सराज आनी के सुप्रसिद्ध देवता भगवान वेदव्यास कुंईरी महादेव इन दिनों दो सप्ताह बाद शाठकी कैंद के जलोड़ी दौरे से अपने देवालय कुंईर पहुंच गए हैं। देवता ने इन दिनों अपनी शाठकी कैंद स्थित जलोड़ी के झरौणू, कांडा, लुहाल, खड़ोरन, बशाऊल, खैउग, मुहान, माथवी आदि गांव का दौरा किया।

क्षेत्र के निवासी भारद्वाज आशीष शर्मा ने बताया कि जगह-जगह रात्रि आयोजन में भजन-कीर्तन की धूम रही। वहीं, दिनभर नाटियों का दौर चलता रहा। धाम, भंडारे के आयोजन कर देऊलों को तरह-तरह के व्यंजन गांववासियों द्वारा परोसे गए। वहीं, गांववासियों द्वारा देवता जी के मूल स्थान झरौणू में पानी और बर्फबारी की मांग की गई। देवता के माली ओम प्रकाश ने अपनी देववाणी के माध्यम से सभी को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि जैसे ही में ओड़ागई एक स्थान का नाम पार करूंगा, वैसे ही आप अपनी मन की इच्छा पूरी कर लेना, जैसे ही शाम को देवता जी का प्रवेश खड़ोरन गांव में हुआ वैसे ही बारिश और बर्फबारी शुरू हुई। इन दिनों देवता ने प्रकट होकर माली के माध्यम से गांववासियों के दुख दर्द का निवारण किया तथा सुख-शांति का आशिर्वाद दिया।

## आनी-निरमंड के 35 सस्ते राशन के डिपुओं में बर्फबारी से पहले ही पहुंचा दिया 4 माह का राशन

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

सर्दियों में बर्फबारी के दौरान ग्रामीण दुर्गम क्षेत्र में लोगों को परेशानी न हो इसके चलते खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने आनी और निरमंड उपमण्डल के 35 डिपुओं में 4 माह का राशन वितरित कर दिया है।

निरमंड और आनी के खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक धर्मपाल ने बताया कि आने वाली सर्दियों के दौरान बर्फबारी के चलते ग्रामीण दुर्गम क्षेत्रों में सड़कें बंद हो जाती हैं, जिससे होने वाली परेशानियों से निपटने को लेकर निरमंड खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने कमर कस ली है। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने आनी और निरमंड के 35 सस्ते राशन के डिपुओं तक 4 माह का राशन पहले ही पहुंचा दिया है। धर्मपाल ने बताया कि आनी के लौहाल, खनाग, डीम , लढागी, अप्पर तराला, डुघा, कोठी, पोखरी, फनौटी, बशावल, बांशा, बालू, कोल्था, करशाला, रोहड़ीधार, बागी, जाओं, थाच, कुटवा आदि 21 सस्ते राशन की दुकानों तक चार माह का एकमुश्त राशन पहुंचा दिया गया है, जबकि निरमंड के बसवारी, ठारला, कलौटी, जाओं, चमारला, खनौटी, पांकवा, खरगा, सरघा, कुशवा, गौरा, सराहन, तांदी और शमानी आदि में राशन की सप्लाई पहुंचा दी गई है। वहीं, आनी के एसडीएम नरेश वर्मा और निरमंड के एसडीएम मनमोहन सिंह ने बताया कि सभी विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ सर्दियों में बर्फबारी के दौरान चुनौतियों से निपटने के लिए विस्तृत चर्चा कर रूप रेखा तैयार की जा चुकी है।

लोक निर्माण विभाग को सर्दियों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों को जाने वाली ऐसी सड़कों को खोलने के लिए मशीनरी तैयार रखने के निर्देश दिए हैं, जहां ज्यादा बर्फबारी के कारण सड़कें बंद होने की संभावनाएं ज्यादा रहती हैं, जबकि जलशक्ति विभाग के साथ भी सर्दियों के मौसम में पेयजल लाइनों के जम जाने पर वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## शांघड़ के अनछुए पर्यटन को उभारने वाले मास्टर गिरधारी



**सैंज।** सैंज घाटी का सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल शांघड़ आज देश-दुनिया में प्रसिद्ध हो गया है, लेकिन शांघड़ को पर्यटन की दृष्टि से उभारने में मास्टर गिरधारी लाल भारद्वाज के संघर्ष को भुला नहीं जा सकता है। यह बात नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष एवं प्रेस क्लब कुल्लू के प्रधान धनेश गौतम ने कही। उन्होंने गिरधारी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि सैंज व बंजार घाटी ने एक दूरदर्शी सोच वाले व्यक्तित्व को खोया है, जिसकी क्षति अपूर्णीय है। उनका सपना था कि शांघड़ का पर्यटन एक दिन देश-दुनिया में चमके हालांकि उनका यह सपना उनके जीते जी पूरा भी हुआ, लेकिन आज वह शांघड़ को बहुत कुछ देकर स्वयं इस संसार को अलविदा कह गए हैं।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## गृहिणी का अपने परिवार के प्रति निस्वार्थ समर्पण अमूल्य



सूजन शर्मा, कुल्लू।

एक गृहिणी जितनी कुशलता से अपने घर परिवार को संभाल और संवार सकती है उतनी कुशलता से परिवार को संभालना किसी और के लिए मुमकिन नहीं। घर ही नहीं, बल्कि परिवार के हरेक सदस्य की हर छोटी और बड़ी बात गृहिणी से होकर ही गुजरती है ओर यहां पर एक गृहिणी की कुशलता अपने चरम पर होती है। गृहिणी और कामकाजी महिला को एक-दूसरे की प्रतियोगी मान लेना, हमारी बहुत बड़ी भूल होगी। गृहिणी के बिना परिवार का अस्तित्व नहीं है, पर उसकी तुलना कामकाजी महिला के साथ करना तर्क संगत नहीं। एक गृहिणी परिवार में हर विचारधारा के सदस्यों की छोटी बड़ी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए घर के हर कोने में अपनी सकारात्मक ऊर्जा से खुशहाल बनाए रखती है वो भी बिना किसी शिकायत के। इसलिए मैं मानती हूं कि एक गृहिणी का अपने परिवार के प्रति निस्वार्थ समर्पण अमूल्य है और यही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है।

## गृहिणी का जीवन संघर्ष, समझौता त्याग की परतों में लिपटा हुआ

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।**

एक महिला अपनी पूरी जिंदगी अपने परिवार को संवारने में लगा देती है। गृहिणी यानी हॉउस वाइफ का जीवन संघर्ष, समझौता और त्याग की परतों में लिपटा होता है, इसलिए गृहिणियों को अगर सुपर वुमन कहा जाए तो गलत नहीं होगा क्योंकि जो काम गृहिणियां करती हैं वो कोई और नहीं कर सकता। महिला होना और उस पर हॉउस वाइफ होना अपने आप में चुनौतियों से भरा हुआ है। एक महिला जब अपना नाम, अपनी पहचान और अपने खून के रिश्तों को पीछे छोड़ एक ऐसे परिवार का हिस्सा बनती है, जहां पर वो सिर्फ अपने पति के अलावा किसी को नहीं पहचानती, तो ऐसे में एक महिला की हिम्मत नजर आती है, जब एक महिला अंजान परिवार में अंजान लोगों को अपने प्यार और अपनेपन से परिवार के रूप में संगठित कर उसे जब एक खुशहाल परिवार की शक्ल देती है, तो ऐसे में वो परिवार का मजबूत आधार बनती है ओर सही मायनों में एक गृहिणी की मजबूत छवि बन कर उभरती है, जो कि अपने परिवार के लिए पूरी तरह से समर्पित होती है। एक गृहिणी जब अपने बच्चों में संस्कार और मर्यादा बोने का कार्य करती है ओर अपने परिवार के मान सम्मान और यश में बढ़ोतरी करती है, तो ऐसे में ही एक नारी की असल शक्ति का पता चलता है। आज भले ही समाज में महिलाओं की भूमिका हॉउस वाइफ की दुनिया से आगे निकल चुकी हैं, मगर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि देश में करोड़ों महिलाएं परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को एक हॉउस वाइफ के रूप में पूरी ईमानदारी के साथ निभा रही हैं।

### गृहिणियों को कामकाजी महिला से कमतर आंकना अनुचित

### हाउस वाइफ की जिंदगी जिम्मेदारियों के साथ होती है शुरू



रुकमणी जोशी, कुल्लू।

मुझे लगता है कि एक हाउस वाइफ जिस तरह से परिवार को चलाती है, वैसा पुरुष नहीं कर सकते, क्योंकि हमें पति और बच्चों के साथ साथ घर के हरेक कार्य पर भी उतना ही ध्यान देना होता है। मुझे हाउस वाइफ होने पर गर्व है क्योंकि हम हमेशा अपने परिवार को जोड़कर खुशहाल वातावरण बनाए रखती हैं। बस एक परेशानी होती है कि हम महिलाएं खुद के लिए बहुत कम समय निकाल पाती हैं एक हाउस वाइफ की जिंदगी बहुत सी जिम्मेदारियों के साथ शुरू होती है, जो कि कभी खत्म ही नहीं होती। शुरू-शुरू में परिवार की जिम्मेदारी को निभाना थोड़ा मुश्किल रहता है, मगर धीरे-धीरे सब कुछ सही हो जाता है बस आपको अपनी जिम्मेदारियों के प्रति ईमानदार रहना होता है।

## गृहिणी अपने बच्चों की जिंदगी में होती है पहले शिक्षक



पुष्पा ठाकुर, मनाली।

गृहिणी पूरे परिवार के सदस्यों के बीच में एक पुल का कार्य करती है और ये गृहिणी ही तो होती है, जो सबको अपने प्यार और समर्पण भावना से जोड़े रखती है। गृहिणी अपने प्यार और निष्ठा के दम पर हर असंभव कार्य को संभव कर दिखाती है। गृहिणी अपने बच्चों की जिंदगी में पहले शिक्षक होती है इसलिए वह अपने बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी देती है। देश और प्रदेश को चलाने के लिए कुछ लिखित नियम होते हैं, मगर किसी घर को कैसे चलाया जाए इसके लिए कोई नियम नहीं बने हैं। ऐसे में उस घर को कुशलतापूर्वक चलाने की जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ गृहिणी की बुद्धिमत्ता पर निर्भर करता है। गृहिणी कामकाजी महिलाओं की तरह केवल एक काम तक सीमित नहीं है क्योंकि गृहिणी घर की देखभाल, खाने-पीने की व्यवस्था, खेत खलियानों की देखभाल, बच्चों की शिक्षा, आस-पड़ोस में सामाजिक दायित्वों सहित बहुत से कार्यों को एक साथ करती है इसलिए गृहिणीयों का दर्जा बहुत ऊपर हो जाता है।

## गृहिणी सम्मान की बात, मगर बड़ी जिम्मेदारी भी



अंशी सूद, कुल्लू।

गृहिणियां जब अपने घर के काम में व्यस्त होती हैं, तो ऐसे में उसे अपना ख्याल तक नहीं रहता है। सुबह से लेकर शाम तक अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से निभाती हैं। घर परिवार के बीच तालमेल बैठाए रखना, पति, बच्चे, घर के बुजुर्गों और बड़ों को पूरा समय देना साथ ही गांव में भी सामाजिक जिम्मेदारियों का पालन करना ये सब करते हुए रीति-रिवाजों और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में महिलाओं की बड़ी भूमिका है और गृहिणी होना सम्मान की बात, तो मगर एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। एक कुशल गृहिणी के लिए घर की जिम्मेदारी को कैसे और किस तरह से निभाना है, ये तो आना ही चाहिए। घर-परिवार की जिम्मेदारी को निभाते हुए हो सकता है कुछ समझौते भी करने पड़े, मगर अपनी जिम्मेदारियों से कभी भी पीछे नही हटना है।

# बारिश से जनजीवन प्रभावित, क्षेत्र शीतलहर की चपेट में

## कसौली और चायल में सीजन की दूसरी बर्फबारी की उम्मीद, शहर में लोगों को झेलनी पड़ी बिजली की आंख-मिचौनी

आर मोहन चौहान, सोलन

हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर से बारिश और बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। जिला मुख्यालय सहित उपमंडलों में भी शुक्रवार को बारिश होने से तापमान में गिरावट आई। सर्द हवाओं के चलने से समूचा क्षेत्र शीतलहर की चपेट में आ गया। पर्यटन नगरी चायल और कसौली में भी सीजन की दूसरी बर्फबारी होने की उम्मीद है।

जिला मुख्यालय सोलन में भी लोगों को बर्फबारी की उम्मीद है। वहीं, बारिश और बर्फबारी से किसान बागवानों के चेहरे खिल चुके हैं। हालांकि ठंड से जनजीवन भी पूरी तरह से ठप हो चुका है। बारिश से शहर के कई हिस्सों में लोगों को बिजली की आंख-मिचौनी का भी सामना करना पड़ा। सोलन के चंबाघाट, आंजी और सलोगड़ा में बिजली गुल रहने से लोगों को सर्द मौसम में परेशानी झेलनी पड़ी। चायल सहित उपमंडल के कई क्षेत्रों में बारिश, हवाओं और ठंड से लोगों को दो-चार होना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)









### सूखी ठंड से मिली निजात

जिला मुख्यालय सोलन सहित उपमंडलों में बारिश होने से लोगों को सूखी ठंड से निजात मिली है। सूखी ठंड से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे थे। वहीं, बिजाई का समय निकल जाने से किसान निराश जरूर हैं पर वे जल्द तैयार होने वाली सब्जियों सहित सूरजमुखी आदि की बिजाई कर सकते हैं। वहीं, अच्छी बारिश होने की स्थिति में नए पौधे लगाने में आसानी होगी। गेहूं, मटर, लहसुन और अन्य नकदी फसलों की बिजाई वाले क्षेत्रों में बारिश संजीवनी साबित होगी।

### समूचा क्षेत्र शीतलहर की चपेट में

लंबे समय से सूखे की मार झेल रहे किसान-बागवानों के चेहरों पर भी बारिश से रौनक लौट आई। वहीं, मौसम का मिजाज बिगड़ने से समूचा क्षेत्र शीत लहर की चपेट में है। जिले के कसौली और चायल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की स्थिति में पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिलेगा। कृषि विशेषज्ञों की मानें, तो सूखे के कारण फसलों को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई नहीं होगी पर बाकी बची फसल के लिए बारिश संजीवनी साबित होगी। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी सेब सहित अन्य फलदार पौधों के लिए फायदेमंद है।

### फलदार पौधों के लिए लाभकारी

**नौणी** विवि के मौसम विभाग के मुताबिक यह बारिश फसलों और फलदार पौधों के लिए लाभकारी साबित होगी। फसलों की बिजाई के बाद से किसान पिछले दो माह से बारिश का इंतजार कर रहे थे। जिला सोलन में पिछले लंबे समय से बारिश न होने के कारण सूखे की स्थिति बन गई थी। जिले में इन दिनों रबी सीजन की लगभग सभी फसलें सूखे की चपेट में हैं। जिला कृषि विभाग सोलन उपनिदेशक डॉ. देवराज कश्यप के मुताबिक इस रबी सीजन में ड्राई स्पेल के दौरान फसलों को खासा नुकसान हुआ है। गैर सिंचित क्षेत्र में अब गेहूं की बिजाई फायदेमंद नहीं है। किसान जल्द तैयार होने वाली फसल जैसे सूरजमुखी आदि की बिजाई कर सकते हैं।

---

डॉ. डिंपल ने 'अनंत ज्ञान' के साथ किए साझा अनुभव

# डॉ. डिंपल चौहान ने मिसेज इंडिया का खिताब जीतकर चमकाया प्रदेश का नाम



मिसेज इंडिया ग्रेड 2 खिताब जीतकर लौटी डॉ. डिंपल चौहान प्रशंसकों और बेटी के साथ।

अनंत ज्ञान, सोलन

**फॉरएवर** स्टार इंडिया के सौजन्य से जयपुर में आयोजित मिसेज इंडिया ग्रेड-2 प्रतियोगिता में सोलन की डॉ. डिंपल चौहान ने खिताब जीतकर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है।

सोलन पहुंचने पर डॉ. डिंपल ने अनंत ज्ञान के साथ अपने अनुभव साझा किए। विशेष बातचीत में डॉ. डिंपल ने बताया कि आठ साल की कड़ी मेहनत और लगन से मिसेज इंडिया का खिताब जीतने का सपना सच कर पाई। मिसेज इंडिया कंटेस्ट में मात्र सुंदरता नहीं, बल्कि ओवर आल पर्सनालिटी परखी जाती है। मिसेज इंडिया ग्रेड-2 कंटेस्ट में देश भर की 5 हजार प्रतिभागियों की स्क्रीनिंग के बाद 200 फाइनलिस्ट चुने गए। मिसेज हिमाचल बनने के बाद डॉ. डिंपल को प्रदेश की तरफ से मिसेज इंडिया फिनाले में पहुंचने का मौका मिला। डॉ. डिंपल ने अपने आत्मविश्वास, बुद्धिमत्ता और करिश्मे का प्रदर्शन करते हुए फिनाले जीतकर देश भर में हिमाचल का नाम चमकाया। उनका अगला लक्ष्य अब मिसेज वर्ल्ड बनने का है। डॉ. डिंपल चौहान ने फॉरएवर मिसेज इंडिया ग्रेड-2 का खिताब जीतने के लिए अपनी शालीनता और बुद्धिमत्ता का परिचय दिया और महत्वाकांक्षी

> आठ साल की कड़ी मेहनत और लगन से मिसेज इंडिया का सपना हो पाया पूरा

### परिजनों को दिया सफलता का श्रेय

**डॉ.** डिंपल चौहान ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों को दिया है, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से वह मुकाम हासिल कर पाई। मूलतः जिला शिमला तहसील कोटखाई के कलबोग में जन्मी और सुन्नी में विवाहित डॉ. डिंपल चौहान सोलन में अपना पंचगव्य क्लिनिक चलाती है। उनके पति डॉ. तरुण चौहान सोलन अस्पताल में कार्यरत हैं। उनकी स्कूली शिक्षा मोनाल पब्लिक शिमला से हुई। उनका कहना है कि प्रदेश की महिलाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत है तो अपनी प्रतिभा को पहचानने की।

प्रतिभागियों के लिए एक उल्लेखनीय उदाहरण पेश किया। मिसेज इंडिया ने बताया कि उन्हें आज गौरव की अनुभूति हो रही है कि वह ब्यूटी कांटेस्ट में प्रदेश का नाम रोशन कर पाई। डॉ. डिंपल ने बताया कि मिसेज इंडिया के सफर में उन्होंने हिमाचली कल्चर, पहनावा और सादगी को प्रमोट किया। रैंप वॉक के दौरान उन्होंने रेजटा, थाठु और पहाड़ी टोपी की शान को प्रदर्शित किया।

---

## न्यूज ब्रीफ

### कोर्फबॉल चैंपियनशिप में 250 ने दिखाई प्रतिभा

**सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जीएसएसएस) डोमेहर, अर्की में आयोजित 29वीं राज्य स्तरीय कोर्फबॉल चैंपियनशिप बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में राज्य भर से 250 छात्रों ने भाग लिया और अपने कौशल और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्यातिथि प्रोफेसर पीके खोसला, चांसलर, शूलिनी यूनिवर्सिटी, सोलन थे। साथ ही सरोज खोसला, अध्यक्ष, एसआईएलबी इंस्टीट्यूट, सोलन, जो सम्मानित अतिथि थीं। छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की सभा को संबोधित करते हुए प्रो. खोसला ने जीवन में कड़ी मेहनत, ईमानदारी और ईमानदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने शूलिनी विश्वविद्यालय की प्रेरक कहानी भी साझा की, जिसे दर्शकों से तालियां और प्रशंसा मिली। प्रोफेसर खोसला ने बाद में विजेताओं और अन्य प्रतिभागियों को उनके प्रयासों और दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए पुरस्कार वितरित किए। यह यात्रा शूलिनी विश्वविद्यालय की आउटरीच पहल का हिस्सा थी, जिसे सीएम शर्मा, आउटरीच सलाहकार द्वारा संचालित किया गया था। इस यात्रा में केआर स्वीटा और एनडी शर्मा, चांसलर के निजी सचिव, जो कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर खोसला के साथ थी।

### वर्कप्लेस मैनेजमेंट के तहत 5 एस प्रणाली को अपनाया



**दाड़लाघाट।** नालागढ़ के एशियन सीमेंट प्लांट बीर पलासी में अदाणी वर्कप्लेस मैनेजमेंट सिस्टम के तहत 5 एस प्रणाली को अपनाया गया है। यह प्रणाली कार्यस्थल को साफ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने में मदद करती है। इस प्रणाली के तहत प्लांट को 5 जोन में बांटा गया है और प्रत्येक जोन में 5एस को लागू किया जा रहा है। इसके अलावा, प्लांट स्तर पर एडब्ल्यूएमएस टीम का गठन किया गया है, जो स्थानीय स्कूल और कॉलोनी के निवासियों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। एडब्ल्यूएमएस के पांच सिद्धांत में गठन पुनर्गठन, सुव्यवस्था, स्वच्छता, मानकीकरण और अनुशासन। इन सिद्धांतों के लागू होने से कर्मचारियों के कामकाज में भारी बदलाव आया है। प्लांट हेड प्रमोद कुमार ने बताया कि हमारे प्लांट में 5एस एक सतत प्रक्रिया है और कर्मचारी काम शुरू करने से पहले 5 एस की शपथ लेते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे कर्मचारी अपने क्षेत्र में 5एस को जागरूक करने के लिए स्थानीय गांवों और स्कूलों में भी जा रहे हैं।

### 1.212 किलो चरस सहित व्यक्ति गिरफ्तार

**सोलन।** जिला सोलन पुलिस द्वारा समाज के युवा वर्ग को नशे के चंगुल से बचाने के लिए जिला पुलिस द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जब विशेष अन्वेषण ईकाई सोलन की टीम गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए शहर सोलन के क्षेत्र में मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक धीरज नामक व्यक्ति जो सोलन में किराये के कमरे में रह रहा है वह अपने कमरे में चरस/भांग की खरीद फरोख्त का काम करता है। इस सूचना पर विशेष अन्वेषण ईकाई की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त किराये के कमरे में दबिश दी गयी कमरे में मौजूद व्यक्ति जिसका नाम धीरज कुमार यादव पुत्र कमलेश यादव निवासी गांव जेनोटोला पश्चिमी बिहार उम्र 20 वर्ष को 1.212 किलो चरस सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना सदर में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया।

---

# कसौली कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर दी श्रद्धांजलि



पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा करते कांग्रेसी।

अनंत ज्ञान, कुमारहट्टी

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शुक्रवार को कसौली कांग्रेस द्वारा कुमारहट्टी में शोकसभा का आयोजन कर, उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कसौली कांग्रेस के नेताओं ने इस अवसर पर बताया कि, डॉक्टर मनमोहन सिंह उदारीकरण के जनक थे। देश को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाने में उनका अहम योगदान था। कांग्रेसी नेताओं द्वारा डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। व इसे कांग्रेस के लिए एक बड़ी क्षति बताया। इस अवसर पर कसौली कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता नवीन सूद, अन्हेच पंचायत के प्रधान मोहनलाल कंवर, बड़ोग पंचायत के उपप्रधान गुरुदेव शर्मा, रजत सूद, दिलशाद, लोकेश भट्टी, तृप्ता डोगरा, रंजीत ठाकुर, सुनील गोयल आदि मौजूद रहे।

# डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा



**सराहां।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर पंचायत बनाह घिनी के लोगों ने गहरा दुख प्रकट किया। पंचायत प्रधान एडवोकेट अरुण शर्मा की अध्यक्षता में पंचायत घर में एक विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों, कर्मचारियों व स्थानीय लोगों ने दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पंचायत प्रधान एडवोकेट अरुण शर्मा ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देश हित में किए गए कार्यों व ऐतिहासिक निर्णयों को याद किया।

# सोलन में कांग्रेस नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, सोलन

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर हिमाचल के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरा दुख व्यक्त किया।

कर्नल शांडिल ने दी श्रद्धांजलि मीडिया से बातचीत में कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा, देश ने एक महान अर्थशास्त्री को खो दिया है। डॉ. मनमोहन सिंह ने केवल एक विद्वान नेता थे, बल्कि उनकी दूरदर्शी सोच ने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। बतौर प्रधानमंत्री उनका कार्यकाल मजदूरों और गरीबों के लिए वरदान साबित हुआ। मनरेगा योजना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जो आज भी देश के करोड़ों लोगों के लिए आजीविका का स्रोत है। वीरवार देर रात एम्स दिल्ली में देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनकी उम्र 91 वर्ष थी। उनके निधन की खबर से देशभर में शोक की लहर दौड़ गई है। उन्होंने कि डॉ. मनमोहन सिंह को भारतीय अर्थव्यवस्था में उनके योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। 1991 में जब भारत आर्थिक संकट से गुजर रहा था, तब वित्त मंत्री के तौर पर उन्होंने आर्थिक सुधारों की नींव रखी। उनके नेतृत्व में देश ने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण के नए युग में प्रवेश किया। प्रधानमंत्री के तौर पर उनके कार्यकाल में देश ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं। उनकी शालीनता और शांत स्वभाव उन्हें अन्य नेताओं से अलग बनाते थे।



---

# नाले में मिला व्यक्ति का शव

**सोलन।** पुलिस थाना कंडाघाट में सूचना मिली कि दुर्गा माता मंदिर के पास नाले में एक व्यक्ति गिरा पड़ा है। इस सूचना पर पुलिस थाना कंडाघाट की टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति मृत हालत में पाया गया। मौके पर अन्य लोग भी मौजूद थे। तस्दीक करने पर उक्त व्यक्ति की पहचान जगतराम डाखा नोवाई तह. सरकाघाट जिला मंडी उम्र 50 वर्ष के रूप में हुई।

मौके पर मृतक के शव का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट/खरोंच के निशान नहीं मिले।

# अब पिंजौर-नालागढ़ फोरलेन को अगस्त-2025 तक पूरा करने का लक्ष्य

अनंत ज्ञान, बीबीएन

धीमी गति से चल रहे पिंजौर-बद्दी-नालागढ़ फोरलेन परियोजना का कार्य वर्ष-2025 में पूर्ण करने का विभाग ने लक्ष्य रखा है। इस परियोजना को आगामी वर्ष के अगस्त माह तक पूरा करने की तारीख निर्धारित की है।

पहले इस फोरलेन का कार्य इस वर्ष सितंबर में पूरा किया जाना था, लेकिन भूमि अधिग्रहण सहित अन्य कारणों से इस परियोजना का अभी तक महज 40 फीसदी कार्य ही पूरा हो सका है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री ने राज्यसभा में दी है। धीमी रफ्तार से चल रहे फोरलेन के निर्माण कार्य का मुद्दा राज्यसभा में हरियाणा से राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने उठाया है।



जानकारी अनुसार पिंजौर-बद्दी-नालागढ़ राजमार्ग पर फोरलेन की सड़क निर्माण के संदर्भ में हरियाणा के राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने सत्र में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री से इस फोरलेन के निर्माण कार्य की स्थिति, लागत, आ रही बाधाओं और विलंब के लिए कार्यान्वयन करने वाली एजेंसियों की कार्रवाई के संबंध में सवाल पूछा था, जिसके जवाब में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि इस फोरलेन का कार्य कार्य प्रगति पर है तथा अभी तक सिर्फ 38.10 फीसदी कार्य ही हो पाया है। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि अब इस परियोजना की संशोधित निर्धारित समापन तिथि 22 अगस्त 2025 तय की गई है और अब तक 774.78 करोड़ रुपए का व्यय इस परियोजना पर हो चुका है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस परियोजना में विलंब निर्माण पूर्व गतिविधियों जैसे कि भूमि अर्जन के मुआवजा वितरण में देरी और क्षेत्रों से मिट्टी निकालने की अनुमति में देरी के कारण हुआ। बता दें कि सुस्त चाल से चल रहा फोरलेन का निर्माण कार्य लोगों के लिए आफत बन चुका है। औद्योगिक क्षेत्र बद्दी नालागढ़ आने जाने वाले उद्यमियों, उद्योग कर्मियों सहित अन्य लोग रोजाना लंबे जाम को झेल रहे हैं। बीते कई महीनों से चल रही ट्रैफिक जाम की इस परेशानी से निजात दिलवाने के लिए प्रशासन अभी तक कोई भी प्रभावी कदम नहीं उठा पाया है। इस फोरलेन का 30 महीनों के अरसे में मुश्किल से 40 प्रतिशत काम ही हो पाया है। 31 किलोमीटर लंबे इस हिस्से को चौड़ा करने का काम सितंबर में पूरा होना था, लेकिन अभी तक 40 प्रतिशत भी नहीं हो पाया है। इस फोरलेन का 17.37 किलोमीटर हिस्सा हिमाचल और बाकी हरियाणा में पड़ता है।

### 774 करोड़ हो चुके खर्च

**इस** फोरलेन का निर्माण गुजरात की पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी कर रही है, अब इस परियोजना को 11 महीने की एक्सटेंशन दी गई है। इस परियोजना पर भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्य को मिलाकर 774 करोड़ खर्च हो चुके हैं। पिंजोर से नालागढ़ तक बनने वाले लगभग 31.195 किलोमीटर लंबे फोरलेन में हिमाचल के हिस्से बद्दी से नालागढ़ तक लगभग 17.6 किमी भूमि आती है, जबकि बाकी 13 किमी का हिस्सा हरियाणा के क्षेत्र में आता है।

---

# शिव मंदिर दाड़ला के रास्ते में गंदगी का बना आलम

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

दाड़लाघाट पंचायत के तहत अंबुज होटल से जाने वाले रास्ते से लेकर शिव मंदिर दाड़ला तक नाले में इन दिनों गंदगी के ढेर दिखाई दे रहे हैं।

यह नाला अंबुज होटल से होते हुए शिव मंदिर दाड़ला से धोबटन के लिए जाता है। इस समस्या के चलते स्थानीय लोगों को गंदगी की बदबू से परेशानी झेलनी पड़ रही है, साथ ही आने-जाने वाले लोगों को भी बहुत परेशानी होती है। नाले में गंदगी की समस्या न केवल स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है, बल्कि यह समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसके अलावा शिव



मंदिर के पास पुली भी बंद है, जिससे कूड़े के ढेर की समस्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, अगर बारिश हुई तो सारी गंदगी नाले से सड़क पर आ जाएगी, जिससे समस्या और भी बढ़ जाएगी। स्थानीय लोगों में समाजसेवी अनिल गुप्ता, मनोज गौतम, प्रेम केशव, मनसा राम, बाबू राम, प्रेम, जय सिंह, कमलेश, जगत राम, श्याम और कमल सहित अन्य लोगों का कहना है कि इस समस्या को हल करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिए। नाले की सफाई के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे, ताकि स्थानीय लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान दिया जा सके। इस समस्या को हल करने के लिए स्थानीय लोगों ने पंचायत प्रतिनिधियों से मांग की है कि वे नाले की सफाई के लिए आवश्यक कदम उठाएं। स्थानीय लोगों ने कहा कि नाले में गंदगी की समस्या को हल करने के लिए स्थानीय प्रशासन और अंबुजा फाउंडेशन दाड़ला को भी ध्यान देना चाहिए।

### समाधान करने के लिए कर रहे काम : प्रधान बंसी राम

**उधर,** पंचायत प्रधान दाड़ला बंसी राम भाटिया ने बताया कि समस्या के बारे में वे जानते हैं और इसका समाधान करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मकान मालिकों के पास रहने वाले किरायेदार गुपचुप तरीके से नाले में कूड़ा फेंक देते हैं, जिससे कूड़े के ढेर बढ़ रहे हैं। पंचायत प्रधान ने बताया कि पंचायत द्वारा सफाई के लिए ट्रैक्टर लगाया गया है और नियमित रूप से सफाई कर्मचारी घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करते हैं, लेकिन कुछ लोग अभी भी इस समस्या का समाधान नहीं करना चाहते हैं, अब पंचायत द्वारा चेतावनी बोर्ड लगाकर ऐसे लोगों को हिदायत दी जाएगी, जो नाले में कूड़ा फेंकते हैं, अगर वे फिर भी नहीं मानते हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यावरण को प्रदूषित करने वालों पर की जा रही कड़ी कार्रवाई

**बद्दी।** अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव ने दून के संडोली के समीप हाउसिंग बोर्ड के नाले में सीवरेज की डंपिंग करते हुए एक ट्रैक्टर का मौके पर 20 हजार रुपए का चालान किया। अजय यादव ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित व स्वच्छ रखना हम सभी का दायित्व है।



उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पर्यावरण के संरक्षण के प्रति गंभीर है और सभी स्तरों पर प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सीवरेज की डंपिंग करने वाले ट्रैक्टर को पुलिस विभाग द्वारा जब्त कर लिया गया है और नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर नगर परिषद बद्दी के कार्यकारी अधिकारी आरएस वर्मा, प्रदूषण बोर्ड बद्दी के पर्यावरण अभियंता अभिषेक गुप्ता सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

---

# कंडाघाट में साहिबजादों के शहीदी पर्व पर चाय-पकौड़ों का लगाया लंगर

अनंत ज्ञान, कंडाघाट

गुरु गोबिंद सिंह के दो छोटे साहिबजादों के शहीदी पर्व के मौके पर श्री गुरु सिंह सभा कंडाघाट ने चाय और पकौड़े का लंगर सेवा स्थानीय चायल चौक पर लगाया। इसमें हजारों लोगों को लंगर वितरित किया गया।

सभा के प्रधान गुरमीत, पदाधिकारी मनजोत सिंह बाबूराम, राजेंद्र सिंह जसवाल ने बताया कि देश और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादे चार वर्षीय फतेह सिंह, सात वर्षीय जुझारु सिंह को चार दिन यातनाओं के बाद दीवार में चीनवाकर शहीद कर दिया गया। इसी दिन गुरु की माता गुजरकौर को भी शहीद किया गया। इनके शहीदी पर्व पर हर साल सेवा का आयोजन किया गया। कंडाघाट के पटियालाशाही समय के प्राचीन गुरुद्वारा साहिब में सिंह सभा सभी पर्व का आयोजन करती है। इस क्रम में छोटे साहिबजादों का शहीदी पर्व मनाया गया।



कंडाघाट में लगाया गया चाय-पकौड़ों का भंडारा।

---

आयोजन


## डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने की शीतकालीन तैयारियों से संबंधित तीसरी समीक्षा बैठक आयोजित

# बर्फबारी वाले क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को रखें सुचारु

अनंत ज्ञान, नाहन

उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने डीसी कार्यालय में विभिन्न विभाग प्रमुखों के साथ शीतकालीन तैयारियों से संबंधित तीसरी समीक्षा बैठक आयोजित की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीसी ने जिले के बर्फबारी वाले क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुचारु रखने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सड़कों पर होने वाली फिसलन दूर करने के लिए आवश्यक सामग्री व मशीनरी तैनात करने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर समयबद्ध तरीके से बहाली का काम किया जा सके। उन्होंने सभी उपमंडल अधिकारियों से बर्फबारी वाले क्षेत्रों तथा अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की ओर ट्रैकर्स या यात्रियों की आवाजाही को प्रतिबंधित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मौसम की चुनौतियों के लिए तैयार रहें तथा आवश्यक तैयारियों को समय रहते पूर्ण कर लें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि दूरदराज के क्षेत्रों में आवश्यक दवाईयों व अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करें। उन्होंने जल शक्ति विभाग व बिजली विभाग को पीने के पानी व बिजली की सप्लाई सुचारु रखने के लिए कहा तथा पानी की पाइप और बिजली के खंभों के भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला वासियों से आग्रह किया कि वे आवश्यक होने पर मौसम अनुकूल ही यात्रा करें।



शीतकालीन तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सिरमौर।

बैठक में जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता जगबीर वर्मा, कार्यकारी अधिकारी जिला राजस्व निलाक्ष शर्मा, उपनिदेशक उच्च शिक्षा डॉ. मही राम, उपनिदेशक प्राथमिक शिक्षा राजीव ठाकुर, सहायक अभियंता बिजली महेश चौधरी, स्वास्थ्य विभाग के डॉ. निसार अहमद, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक राजेश मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

**चंडीगढ़।** कांग्रेस भवन सेक्टर-35 में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर तमाम कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे, चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष एचएस लक्की



और अन्य कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री की फोटो पर पुष्प अर्पित किए।

### पंजाब विश्वविद्यालय ने अपने पूर्व छात्र डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी

**चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को अपने पूर्व छात्र और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए एक शोक सभा का आयोजन किया। डॉ. सिंह पंजाब विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र थे। इस सभा में कुलपति प्रोफेसर रेणु विग, रजिस्ट्रार वाईपी वर्मा और संकाय सदस्य तथा अन्य कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान सिंह को श्रद्धांजलि दी गई और उपस्थित लोगों ने राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान और विश्वविद्यालय के साथ उनके जुड़ाव पर विचार व्यक्त किए। अर्थशास्त्र विभाग और पंजाब विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ द्वारा संयुक्त रूप से एक और शोक सभा का आयोजन किया गया। मनमोहन सिंह ने 1954 में विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में परास्नातक की उपाधि हासिल की और अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

### मानसिक तनाव के कारण छात्र ने पिता की पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या की

**नोएडा।** नोएडा में कथित तौर पर मानसिक तनाव के कारण 17 वर्षीय एक छात्र ने शुक्रवार को अपने पिता की लाइसेंसी पिस्तौल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सौम्या सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान थाना जारचा क्षेत्र के छायसा गांव में रहने वाले आर्यन मलिक के रूप में हुई है, जिसके पिता का नाम मोकम सिंह है। सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि मलिक 11वीं कक्षा का छात्र था।

### हथियारबंद लोगों के साथ मुठभेड़ में पुलिसकर्मी समेत दो लोग घायल

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में शुक्रवार को हथियारबंद लोगों के साथ मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी समेत कम से कम दो लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र के हथियारबंद लोगों ने सनसाबी और थमनापोकपी गांवों में गोलीबारी और बमबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी मुठभेड़ में तब्दील हो गई। सनसाबी गांव में हुई गोलीबारी में दो लोग घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि 37 वर्षीय हरिदास नाम के पुलिसकर्मी के बाएं कंधे में गोली लगी है और उसे अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया।

### जामिया हमदर्द अस्पताल की 5वीं मंजिल से कूदकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के जामिया हमदर्द अस्पताल की 5वीं मंजिल के शौचालय की खिड़की से शुक्रवार को 54 वर्षीय एक व्यक्ति ने कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। घटना की जानकारी वीरवार देर रात एक बजकर 21 मिनट पर मिली।

### भगदड़ मामले में अदालत में पेश हुए अभिनेता अल्लू अर्जुन



**हैदराबाद।** 'पुष्पा-2' के प्रीमियर के दौरान भगदड़ मचने से एक महिला की मौत के मामले में दर्ज प्राथमिकी में आरोपी अभिनेता अल्लू अर्जुन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शुक्रवार को यहां एक स्थानीय अदालत में पेश हुए। मामले में आरोपी नंबर 11 के तौर पर नामजद अल्लू अर्जुन ने अदालत में नियमित जमानत के लिए याचिका भी दायर की जिस पर 30 दिसंबर को सुनवाई हो सकती है। घटना के सिलसिले में 13 दिसंबर को गिरफ्तार किए गए अभिनेता नामपल्ली की अदालत के समक्ष पेश हुए थे, जिसने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अभिनेता की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को समाप्त हो गई। आगे की कार्यवाही के तहत उन्हें अदालत के समक्ष पेश होना था और वह वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश हुए।

### अमेरिका में हिंदू छात्रों को मिलेगा दिवाली पर अवकाश

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के ओहायो में हिंदू छात्रों को प्रति वर्ष दिवाली की छुट्टी और दो अन्य हिंदू अवकाश मिलेंगे। एक भारतीय अमेरिकी सीनेटर ने इसकी जानकारी दी। भारतीय अमेरिकी सीनेटर नीरज अंतानी द्वारा प्रायोजित एक विधेयक को ओहायो की सीनेट ने पारित कर दिया था, जिसे अब गवर्नर माइक डिवाइन ने मंजूरी दे दी। अंतानी ने कहा कि मेरे द्वारा सह-प्रायोजित इस विधेयक की वजह से ओहायो में प्रत्येक हिंदू छात्र 2025 से हर वर्ष दिवाली पर अवकाश ले सकेगा। यह ओहायो के हिंदुओं के लिए अतुल्य क्षण है।

### उत्तर प्रदेश में तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म

**बस्ती, (उत्तर प्रदेश)।** बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन साल की एक बच्ची से छह से सात वर्ष के बीच के तीन लड़कों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया और शिकायत करने पर आरोपियों के परिजनों ने पीड़िता की मां के साथ मारपीट की। हरैया के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) संजय सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तहरीर के आधार पर शुक्रवार को आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। आरोपियों में तीन नाबालिग बच्चों के अलावा तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं।

### मुंबई हमले के मास्टरमाइंड मक्की की पाक में मौत

**लाहौर।** मुंबई हमले के मास्टरमाइंड आतंकी अब्दुल रहमान मक्की की शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है। मक्की पिछले कुछ दिनों से लाहौर के एक प्राइवेट अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। अब्दुल मक्की आतंकी हाफिज सईद का रिश्तेदार और आतंकी संगठन जमात-उद-दावा का डिप्टी चीफ भी था। उसे 2020 में आतंकी फंडिंग के लिए एक अदालत ने 6 महीने की सजा भी सुनाई थी। सजा के बाद उसने खुद को लो प्रोफाइल कर लिया था। वर्ष 2023 में संयुक्त राष्ट्र ने उसे ग्लोबल आतंकी घोषित किया था।

### मीरवाइज बोले, जुमे की नमाज अदा करने से रोका

**श्रीनगर।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को दावा किया कि उन्हें लगातार चौथे सप्ताह घर में नजरबंद रखा गया और यहां जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा नहीं करने दी गई। कश्मीर के मुख्य मौलाना मीरवाइज ने आरोप लगाया कि उन्हें शहर के नौहट्टा इलाके में स्थित जामिया मस्जिद में नमाज अदा करने से रोका गया। पुलिस ने उनके इस आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। मीरवाइज ने 'एक्स' पर लिखा, ''पुलिस की एक गाड़ी को रास्ता रोकने के लिए खड़ा कर दिया गया और अधिकारियों ने मौखिक रूप से बताया कि आज जुमे की नमाज के लिए जामा मस्जिद जाने नहीं दिया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''यह लगातार चौथा जुमा है जब मुझे जामा मस्जिद जाने से रोका जा रहा है जहां लोग बड़ी संख्या में मजलिस-ए-वाज में शिरकत करने के लिए बेसब्री से इंतजार करते हैं।'' मीरवाइज ने कहा कि अधिकारियों के पास अधिकार हैं, लेकिन ''मेरे पास सब्र और परमात्मा का यह वादा है'' कि अल्लाह उन लोगों के साथ है जो सब्र रखते हैं।

### इंदौर के बाल आश्रम की मान्यता रद्द, हैजा के प्रकोप के बाद 10 बच्चों की हुई थी मौत

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर के एक बाल आश्रम में गंभीर गड़बड़ियां सामने आने के कारण राज्य सरकार ने इसकी मान्यता रद्द कर दी है और इस आश्रम के विशेष जरूरतों वाले 86 बच्चों को उज्जैन के एक आश्रय स्थल भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इंदौर के आश्रम में जून और जुलाई के बीच 10 बच्चों की मौत हुई थी और जांच के दौरान आश्रम में हैजा फैलने के बारे में पता लगा था।

# हाईकोर्ट में क्लर्क की नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगे साढ़े 13 लाख

## पीड़ित ने लोन लेकर तीन किस्तों में जमा करवाया कैश, जान से मारने की धमकी

**अनंत ज्ञान, मोहाली**




आजकल ठगी का प्रचलन ऐसा चल पड़ा है कि वे लोगों को ठगने के नए-नए तरीके इजाद कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में शातिरों ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में क्लर्क की नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से साढ़े 13 लाख रुपए ठग लिए। मामला पांच माह पुराना है। हैरानी यह है कि आरोपियों ने न तो नौकरी लगवाई और न ही अब रकम लौटा रहे हैं। पुलिस ने एक महिला ज्योति व तीन अन्य आरोपियों नरिंद्र चड्ढा, फकीर चंद्र और सरप्रीत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, शिमला बाईपास रोड निवासी किरन ने बताया कि उनके पिता जनार्दन भट्ट मोहाली के फेज-11 में एक मंदिर में पूजा-पाठ करते हैं। एक दिन उनकी मुलाकात मंदिर में माथा टेकने आए फकीर चंद्र नामक शख्स से हुई। जान पहचान हुई तो फकीर चंद्र ने कहा कि उनका पोता कनाडा में रहता है और उसकी अब पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में नौकरी लगने वाली है, लेकिन वह यह नौकरी नहीं करना चाहता है। फकीर चंद्र ने कहा कि अब उसके पोते के दोस्त सरप्रीत सिंह को वह नौकरी पर लगाने जा रहा है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका भाई पंकज भट्ट व भाभी भी पढ़े-लिखे हैं। इतना कहते ही फकीर चंद्र ने उन दोनों की नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद पंकज भट्ट नौकरी के सिलसिले में फकीर चंद्र के बेटे नरिंद्र चड्ढा और उसकी पत्नी ज्योति से मिला।

आरोपियों ने पंकज भट्ट से रुपयों की डिमांड की साथ ही कहा कि नौकरी लगने के बाद उसका तबादला उत्तराखंड करवा दिया जाएगा। नरिंद्र चड्ढा ने कहा कि इस काम के लिए उत्तराखंड से स्टांप लाना पड़ेगा, जिसके लिए एक लाख रुपए मांगे गए।

इसके बाद पंकज अपनी पत्नी के साथ नरिंद्र चड्ढा के कार्यालय पहुंचा। नरिंद्र ने पंकज से कहा कि रुपयों की व्यवस्था करो, कॉल लैटर जल्द ही पहुंच जाएगा। पंकज ने बैंक से लोन लेकर तीन किस्तों में 11 जुलाई को साढ़े तीन लाख, 17 जुलाई को तीन लाख तथा 27 जुलाई को छह लाख रुपए नरिंद्र चड्ढा व उसकी पत्नी ज्योति को कैश दिए।

कुछ दिन बाद आरोपियों ने एक रजिस्टर्ड डाक भेजी, जिसमें पंकज भट्ट की पत्नी के आधार कार्ड की कॉपी थी, लेकिन उसमें कॉल लैटर नहीं था। ऐसे में पंकज का माथा ठनका कि कुछ गड़बड़ है। पंकज आरोपियों से बार-बार संपर्क करता रहा, लेकिन वे हर बार टालमटोल करते रहे। यहां तक कि जान से मारने की धमकी भी दे डाली। वहीं, शहर कोतवाल चंद्रभान अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक महिला सहित चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा आगामी कार्रवाई जारी है।

# अमित शाह ने की नए आपराधिक कानूनों की समीक्षा, इंप्लीमेंटेशन पर की उत्तराखंड की तारीफ

**अनंत ज्ञान, उत्तराखंड**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन नए आपराधिक कानूनों-भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के उत्तराखंड राज्य में क्रियान्वयन में की गई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों और त्वरित क्रियान्वयन की प्रशंसा की।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में आयोजित बैठक में तीन नए आपराधिक कानूनों के उत्तराखंड में क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक में बताया कि उत्तराखंड राज्य में तकनीकी एकीकरण जैसे कि ई-साक्ष्य, ई-कोर्ट और ई-समन का सफल एकीकरण किया गया है। इन प्रौद्योगिकियों के प्रभावी उपयोग ने न्याय प्रणाली को तेज, पारदर्शी, और प्रभावी बनाया है। मेडलीप्र के माध्यम से चिकित्सा और कानूनी प्रक्रियाओं के बीच तालमेल बनाया गया है। मुकदमों के निस्तारण में प्रगति की जानकारी देते हुए बताया गया कि अदालतों द्वारा मामलों के जल्द निस्तारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। 41 फीसदी मामलों का निपटान और दोषसिद्धि दर प्रभावी न्याय प्रणाली का प्रमाण है। कानूनों के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण और जनशक्ति विकास के अंतर्गत 23,000 से अधिक पुलिस कर्मियों और अभियोजकों का सफल प्रशिक्षण किया गया है। उत्तराखंड हिंदी भाषा में एआई आधारित कोर्स तैयार करने वाला पहला राज्य है। नए तीन कानूनों के संबंध में जन जागरूकता अभियान संचालित किए गए हैं।

सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए नुक्कड़ नाटक, चौपाल, और सेमिनार जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य सरकार को ऑनलाइन तंत्र के क्रियान्वयन से हुई लागत में बचत का मूल्यांकन करने का निर्देश दिया। उन्होंने राज्य में वीडियो कॉन्फ्रसिंग सुविधाओं की संख्या बढ़ाने का भी सुझाव दिया, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में न्याय प्रक्रिया को और सुलभ बनाया जा सके। बैठक के दौरान, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तीन नए कानूनों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास में भारत सरकार से समर्थन का अनुरोध किया। गृह मंत्री ने इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए राज्य को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

# पीएम की महिला सशक्तिकरण की सोच को हरियाणा की मां-बेटी ने कया चरितार्थ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



कहते हैं कि अगर एक मां अपनी आई पर आ जाए, तो अच्छे-अच्छे चट्टानों को अपनी ममता से धराशाही कर सकती है। ऐसी ही सोच के साथ पली-बड़ी हर्ष शर्मा ने अपना लगभग संपूर्ण जीवन अपनी 90 फीसदी विकलांग बेटी तेजस्वनी के तेज को परखकर सोना बनाने में लगा दिया।

हरियाणा की इस बेटी ने कभी तेजस्वनी को अपने स्पर्श से अलग नहीं होने दिया, बल्कि उसके साय की तरह परवरिश कर उसे बेहतरीन भजन गायिका बना दिया। इसी वजह से आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महिला सशक्तिकरण का जीता जागता उदाहरण बन चुकी हैं। इस मां को संयुक्त राष्ट्र सम्मानित करने जा रहा है। यही नहीं बाकायदा संयुक्त राष्ट्र की इंडियन अबेंसी में तेजस्वनी को भी भजन गाने का अवसर मिलेगा। लिहाजा हरियाणा ही नहीं, बल्कि भारत वर्ष के लिए गर्व का प्रतीक बन चुकी इस मां की ममता और बेटी तेजस्वनी के तेज को महसूस करने के लिए हमारी हरियाणा सरकार को भी चार-चांद लगाने चाहिए, ताकि देश-प्रदेश में विकलांगता का दंश झेल रहे बच्चों को इन मां-बेटी की कहानियां सुनाकर मुख्यधारा में लाया जा सके।

# डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करे पंजाब सरकार : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के जीवन और सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की और पंजाब



सरकार को निर्देश दिया कि वह उन्हें चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अवकाशकालीन पीठ ने डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता के संबंध में शीर्ष अदालत के आदेश का पालन नहीं करने के कारण मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना याचिका पर पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया।

# लुधियाना में जापानी तकनीक मियावाकी के माध्यम से वन क्षेत्र में बदलने की कवायद शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



लुधियाना स्थित जेआरएम ईस्टमैन समूह ने अपने पायलट पहल के अंतर्गत पंजाब में अपनी दो प्रोजेक्ट की घोषणा की है, जो कि पर्यायवरण सरंक्षण और अग्निवीर योजना को मजबूती प्रदान करेगी।

चंडीगढ़ प्रेस कल्ब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए समूह के चेयरमैन जगदीश राय सिंघल ने बताया कि इन प्रोजेक्ट में लुधियाना की शहरी बंजर भूमि को पुनर्जीवित करने ओर उन्हें हरे भरे वन क्षेत्रों में बदलने की अपनी महत्वाकांक्षी परियोजन के तहत अधिक क्षेत्रों को शामिल करने का प्रयास किया है। वहीं, दूसरी ओर पंजाब में उनके समूह का लक्ष्य पूर्व अग्निवीरों में अपने इम्पलॉय बेस में दस हजार तक विस्तार करने का बीढ़ा उठाया है। सिंघल ने अपने विजन साझा करते हुए बताया कि उन्होंने गत वर्ष 18 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात प्रोग्राम में दिए गए एक प्रेरक संबोधन को सुनने के बाद लुधियाना नगर निगम से संपर्क कर शहर के लगभग 5500 गज के कचरे के ढेर को 'मियावाकी' (एक जपानी पर्यायवरण तकनीक) के माध्यम से वन क्षेत्र में बदलने की कवायद शुरू कर दी है। सिंघल ने दो चरणों में पूरी होनी वाली परियोजना में कुल एक करोड़ों रुपए का योगदान दिया है। इसके अलावा 5500 गज के भूखंड के पूरा होने के बाद शहर की ही दो एक अतिरिक्त भूमि को भी कचरे के ढेर से वन भूमि में बदल दिया जाएगा।

शहर के दुर्गत अन्य पार्कों को भी मियावाकी बन में बदलने के लिए निगम का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने पीएम के संबोधन में मियावाकी वन परियोजना का विस्तारपूर्वक अध्ययन किया और पाया कि लुधियाना में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में काफी मददगार साबित हो सकती है। समूह के आरंभिक दौर में बेहतरीन प्रणाम मिले और इस परियोजना के तहत नगर निगम के सहयोग से और अधिक क्षेत्रों को लाना चाहते हैं।

## देश-विदेश

# चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की योजना का किया बचाव

**एजेंसी, बीजिंग**

चीन ने तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की अपनी योजना का बचाव करते हुए शुक्रवार को कहा कि इस परियोजना से देश प्रभावित नहीं होंगे और दशकों के अध्ययन के माध्यम से सुरक्षा मुद्दों का समाधान किया गया है।

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने 137 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत वाली इस विशाल परियोजना पर आशंकाओं को खारिज किया। यह परियोजना पारिस्थितिक रूप से बेहद नाजुक हिमालयी क्षेत्र में बनाई जा रही है, जो टेक्टोनिक प्लेट सीमा पर स्थित है, जहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं। उन्होंने कहा कि चीन ने दशकों तक गहन अध्ययन किया है और सुरक्षा उपाय किए हैं। माओ ने यहां प्रेस वार्ता में बांध से जुड़ी चिंताओं के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि चीन हमेशा से सीमा पार गुजरने वाली नदियों के विकास के लिए जिम्मेदार रहा है। उन्होंने कहा कि तिब्बत में जलविद्युत विकास का दशकों से गहन अध्ययन किया जा रहा है और परियोजना की सुरक्षा तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सुरक्षा उपाय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि परियोजना निचले इलाकों को प्रभावित नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना से निचले इलाकों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि चीन मौजूदा चैनल के माध्यम से निचले इलाकों के देशों के साथ संवाद बनाए रखेगा और नदी के किनारे रहने वाले लोगों के लाभ के लिए आपदा निवारण और राहत पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग को आगे बढ़ाएगा।

# द. कोरिया : राष्ट्रपति हान के महाभियोग से राजनीतिक संकट गहराया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में विपक्षी दलों के नियंत्रण वाली संसद ने कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू के खिलाफ महाभियोग चलाने



के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। संसद ने शुक्रवार महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। प्रस्ताव के पक्ष में 192 मत पड़े, जबकि विरोध में कोई मत नहीं पड़ा क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों ने मतदान का बहिष्कार किया था। हान के महाभियोग से दक्षिण कोरिया का राजनीतिक संकट और गहरा गया है। दक्षिण कोरिया में दूसरे नंबर के अधिकारी हान, राष्ट्रपति यून सुक येओल पर इस महीने की शुरुआत में अल्पकालिक 'मार्शल लॉ' लागू करने के कारण संसद द्वारा महाभियोग चलाए जाने के बाद से कार्यवाहक राष्ट्रपति हैं।

# डल्लेवाल को चिकित्सा सहायताः अवमानना याचिका पर पंजाब सरकार को न्यायालय का नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के जीवन और सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को चिंता व्यक्त की और पंजाब सरकार को निर्देश दिया कि वह उन्हें चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अवकाशकालीन पीठ ने डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता के संबंध में शीर्ष अदालत के आदेश का पालन नहीं करने के कारण मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना याचिका पर पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया।



पीठ ने कहा, ''अगर कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा होती है तो आपको इससे सख्ती से निपटना होगा। किसी का जीवन दांव पर है। आपको इसे गंभीरता से लेना चाहिए। चिकित्सा सहायता दी जानी चाहिए और ऐसा लगता है कि आप इसका पालन नहीं कर रहे हैं।''

शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को शनिवार तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायालय शनिवार को मामले में फिर से सुनवाई करेगा। डल्लेवाल फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसानों की मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए 26 नवंबर से खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर हैं।

# आरबीआई ने दी यूपीआई भुगतान की मंजूरी

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को प्रीपेड कार्ड धारकों को तीसरे पक्ष वाले मोबाइल एप्लिकेशन के जरिये यूपीआई भुगतान करने और भुगतान पाने की अनुमति दे दी। आरबीआई के इस निर्णय से गिफ्ट कार्ड, मेट्रो रेल कार्ड और डिजिटल वॉलेट जैसे पीपीआई (प्रीपेड उत्पाद) धारकों को अधिक सुविधा होगी।

केंद्रीय बैंक ने एक परिपत्र में कहा कि तीसरे पक्ष वाले यूपीआई ऐप के जरिये पूर्ण-केवाईसी वाले प्रीपेड भुगतान उपकरणों (पीपीआई) से एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई) भुगतान को सक्षम करने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह पीपीआई को यूपीआई भुगतान पाने की भी मंजूरी होगी। पीपीआई ऐसे उपकरण हैं जो वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद, वित्तीय सेवाओं के संचालन और उसमें संग्रहीत मूल्य के विरुद्ध धनप्रेषण सुविधाओं को सक्षम करते हैं। वहीं, यूपीआई भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा मोबाइल फोन के जरिये अंतर-बैंक लेन-देन की सुविधा के लिए विकसित एक त्वरित वास्तविक समय भुगतान प्रणाली है। आरबीआई ने कहा कि एक पीपीआई जारीकर्ता अपने ग्राहक को यूपीआई हैंडल से जोड़कर केवल अपने पूर्ण-केवाईसी वाले पीपीआई धारकों को यूपीआई भुगतान करने में सक्षम करेगा। जारीकर्ता के एप्लिकेशन पर पीपीआई से यूपीआई लेनदेन ग्राहक के मौजूदा पीपीआई पहचान का उपयोग करके प्रमाणित किया जाएगा।

# स्नेहमयी कृष्ण ने मोदी, शाह को पत्र लिखकर मांगी सुरक्षा

**एजेंसी, बेंगलुरु**



आरटीआई कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्ण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर केंद्र से तत्काल सुरक्षा सहायता का अनुरोध किया है, क्योंकि कर्नाटक सरकार ने कथित तौर पर उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने से इनकार कर दिया है। कृष्ण की शिकायत पर ही एमयूडीए घोटाले में मामला दर्ज किया गया था।


पत्र में कृष्ण ने कहा कि उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती, अन्य नेताओं और प्रभावशाली व्यक्तियों के नाम पर मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) के तहत 14 भूखंडों के अवैध आवंटन के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी।

कृष्ण ने 26 दिसंबर को लिखे पत्र में कहा, ''संबंधित अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराने के मेरे प्रयासों के बावजूद, उन्होंने कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। परिणामस्वरूप, मैंने अदालत का रुख किया और एक निजी शिकायत दर्ज कराई। मेरी शिकायत और सहायक दस्तावेजों की समीक्षा करने के बाद, अदालत ने लोकायुक्त अधिकारियों को जांच का निर्देश दिया। इसके बाद, मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसमें कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को आरोपी नंबर एक बनाया गया।''

# फर्जी वेबसाइट बनाकर महाकुंभ के लिए बुकिंग करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**एजेंसी, प्रयागराज**

महाकुंभ में कॉटेज, टेंट, होटल आदि की बुकिंग के लिए फर्जी वेबसाइट बनाकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का प्रयागराज पुलिस ने शुक्रवार को भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस उपायुक्त (नगर) अभिषेक भारती ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से तीन लैपटॉप, छह एंड्रायड फोन और छह एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने कॉटेज, टेंट, होटल आदि की बुकिंग के लिए महाकुंभ से मिलते-जुलते नामों से विभिन्न फर्जी वेबसाइट बनाईं और उनके माध्यम से वे ठहरने की उत्तम व्यवस्था, वीआईपी स्नान और दर्शन आदि विभिन्न प्रकार के आकर्षक प्रलोभन देकर तीर्थयात्रियों से साइबर ठगी कर रहे थे।

# अवैध रूप से रह रही बांग्लादेशी महिला को भेजा वापस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पिछले छह साल से राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रही एक बांग्लादेशी महिला को वापस उसके देश भेज दिया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पश्चिम) सुरेंद्र चौधरी ने बताया, ''राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे अवैध अप्रवासियों की जांच के हमारे विशेष अभियान के दौरान हमें 28 वर्षीय महिला के बारे में पता चला। वह विदेशी अधिनियम का उल्लंघन करते हुए मुंबई और दिल्ली में रह रही थी।'' अधिकारी ने कहा कि महिला बांग्लादेश के नरैल सदर उपजिला के सिंगशोलपुर गांव की रहने वाली है और वह बिना किसी जरूरी दस्तावेज के भारत में रह रही थी।




## मार्केट

### बैंक, वाहन शेयरों में खरीददारी से बाजार बढ़त के साथ बंद

# सेंसेक्स 226 अंक चढ़ा, निफ्टी मजबूत

**एजेंसी, मुंबई**

बैंकों और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीददारी आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 226 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 63 अंकों की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 226.59 अंक यानी 0.29 प्रतिशत चढ़कर 78,699.07 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 570.67 अंक उछलकर 79,043.15 पर पहुंच गया था।



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 63.20 अंक यानी 0.27 प्रतिशत बढ़कर 23,813.40 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, नेस्ले और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान के निक्की और चीन के शंघाई कंपोजिट में तेजी रही जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी एवं हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही।

# कलह के बीच प्रासंगिकता के लिए जूझता रहा भारतीय टेनिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय टीम के लिए बड़े खिलाड़ियों की बेरुखी और संचालन संस्था के अंदरूनी कलह के कारण साल 2024 भारतीय टेनिस काफी हद तक निराशाजनक रहा है। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) और खिलाड़ियों के बीच मतभेद कोई नई बात नहीं है, लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी थी और खिलाड़ियों की चिंताओं को दूर करने के प्रयास लगभग नहीं के बराबर दिखे।

इन सब का परिणाम यह हुआ कि देश में इस खेल का स्तर लगातार नीचे की ओर गिरता जा रहा है। एआईटीए अध्यक्ष अनिल जैन पर व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पद का उपयोग करने का आरोप लगा। उन्होंने इस मामले में अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने से इनकार कर दिया, लेकिन काफी हाय तौबा के बाद अपना पद छोड़ने के लिए राजी हुए। साल के आखिर में प्रशासकों की एक नई टीम ने भारतीय टेनिस को बदलने का वादा करते हुए चुनाव जीता, लेकिन दो पूर्व खिलाड़ियों द्वारा दायर एक रिट याचिका ने उन्हें पदभार संभालने से रोक दिया, जिससे उनकी घोषित सुधार प्रक्रिया को शुरू करने में विलंब हो रहा है।

इन खिलाड़ियों ने एआईटीए के चुनाव में खेल संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया। इस मामले की सुनवाई 25 मार्च से पहले नहीं होगी, जिससे पूरी प्रणाली के लिए जरूरी सुधार रुकी हुई है। संक्षेप में 2024 में भारतीय टेनिस के लिए जो कुछ भी गलत हो सकता था, वह गलत हुआ। युकी भांबरी ने बिना कोई कारण बताए सितंबर में स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत के लिए खेलने से इनकार कर दिया। महासंघ के सूत्रों ने बताया कि वह पेरिस ओलंपिक से बाहर किए जाने से निराश थे। पेरिस ओलंपिक के लिए रोहन बोपन्ना ने शीर्ष-10 खिलाड़ी होने के नाते एन श्रीराम बालाजी को अपने युगल साथी के रूप में चुना था। भांबरी इससे पहले जनवरी-फरवरी में डेविस कप कार्यक्रम के लिए सुरक्षा चिंताओं के बावजूद इस्लामाबाद, पाकिस्तान गए थे। एआईटीए से भांबरी की निराशा का एक और कारण 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' के लिए उनका नाम नहीं भेजे जाने को लेकर भी है। एआईटीए इस मुद्दे पर उन्हें कोई ठोस जवाब नहीं दे सका।



सुमित नागल



रोहन बोपन्ना

जहां भांबरी निराश थे, वहीं भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल का पाकिस्तान और स्वीडन दोनों के खिलाफ मुकाबले से हटने का फैसला थोड़ा चौंकाने वाला था।

कप्तान रोहित राजपाल वार्षिक डेविस कप ड्यूटी के लिए नागल की 50,000 अमेरिकी डॉलर की पारिश्रमिक राशि की मांग पर भी सहमत हो गए थे, लेकिन झज्जर के खिलाड़ी ने पीठ में खिंचाव का हवाला देते हुए स्वीडन मुकाबले से नाम वापस ले लिया। वह इसके अगले सप्ताह एटीपी टूर कार्य, म से भी हट गए। भारत को स्वीडन से 0-4 से मिली हार के बाद एआईटीए ने नागल की पैसों की मांग को सार्वजनिक कर दिया। इससे एक बार फिर एआईटीए और नागल के बीच वाकयुद्ध शुरू हो गया।

इस नाटक के बीच भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ एकल खिलाड़ी शशिकुमार मुकुंद को मुकाबले के लिए भी नहीं चुना गया, क्योंकि उन्होंने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था और उनके खिलाफ कुछ अन्य अनुशासनात्मक मामले भी थे। इन सभी मुद्दों को बेहतर तरीके से निपटा जा सकता था। इस साल कोर्ट पर भारत को ज्यादा सफलता नहीं मिली। 44 वर्षीय बोपन्ना ने मैथ्यू एबडेन के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल खिताब के साथ साल का शानदार आगाज किया था। इसके बाद यह जोड़ी पूरे साल अपेक्षित सफलता से दूर रही।

## स्पोर्ट्स विंडो

### एमसीसी ने सचिन तेंदुलकर को क्लब सदस्यता से सम्मानित किया



**मेलबोर्न।** मेलबोर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने शुक्रवार को कहा कि महान भारतीय खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने इस प्रतिष्ठित संस्था का मानद सदस्य बनने का उसका निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया के सबसे पुराने खेल क्लबों में से एक एमसीसी की स्थापना 1838 में हुई थी। यह खेल के प्रमुख स्थानों में से एक मेलबोर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) के प्रबंधन और विकास के लिए जिम्मेदार है। एमसीसी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''एक 'आइकन' को सम्मानित किया गया। एमसीसी को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पूर्व भारतीय कप्तान सचिन तेंदुलकर ने खेल में उनके उत्कृष्ट योगदान को स्वीकार करते हुए मानद क्रिकेट सदस्यता स्वीकार कर ली है।''

### मनमोहन सिंह के सम्मान में भारतीय खिलाड़ियों ने बांह पर काली पट्टी बांधी

**मेलबोर्न/वडोदरा।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सम्मान में भारतीय महिला और पुरुष क्रिकेट टीम के खिलाड़ी शुक्रवार को अपने-अपने मैचों में बांह पर काली पट्टी बांध कर मैदान पर उतरें। भारत के आर्थिक सुधारों के जनक मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में गुरुवार रात को दिल्ली में निधन हो गया। वह 2004-14 के दौरान भारत के प्रधानमंत्री थे। उन्हें 1991 में भारत के आर्थिक उदारीकरण के वास्तुकार के रूप में जाना जाता है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली पुरुष टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में चौथा टेस्ट मैच खेल रही है। भारतीय महिला टीम वडोदरा में तीन मैचों की सीरीज के आखिरी वनडे में वेस्टइंडीज का सामना किया।

### इंतानोन की बेमिसाल उपलब्धियां

**नई दिल्ली।** थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन को मई के नाम से जाना जाता है। यह खिलाड़ी विश्व की सबसे सुंदर खिलाड़ी में से एक है। इंतानोन ने विश्व चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप और दक्षिण पूर्व एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता हैं। कम उम्र में ऐसी उपलब्धि बेमिशाल है।



### 100 मीटर में निहाल दौड़े सबसे तेज, लड़कियों में सुमन अव्वल



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** डीएवी महाविद्यालय कोटखाई में दो दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। एथलेटिक मीट के शुभारंभ में डीएवी कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ रोशनलाल वशिष्ट बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। एथलेटिक मीट हेतु कालेज के तीन हाउस दयानंद, श्रद्धानंद तथा हंसराज ने भाग लिया। इन तीन हाउस के 12 डिसिप्लेन में 23 इवेंट करवाए गए। समापन समारोह में प्रमोद वर्मा वाइस चेयरमैन एनएसी कोटखाई बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। 100 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में निहाल रईक बीए प्रथम वर्ष के छात्र ने प्रथम स्थान अर्जित किया। 100 मीटर रेस महिला वर्ग में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सुमन प्रथम रही। बेस्ट एथलीट पुरुष का खिताब ओजस सिंह चौहान ने अपने नाम किया। बेस्ट एथलीट महिला वर्ग में सुमन ने कब्जा किया। श्रद्धानंद हाउस को बेस्ट हाउस घोषित किया गया। (अनंत ज्ञान)

## मेलबोर्न टेस्ट — ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 474 रन, टीम इंडिया का स्कोर 164/5

# भारतीय पारी लड़खड़ाई

**एजेंसील, मेलबोर्न**

शानदार बल्लेबाजी कर रहे यशस्वी जायसवाल के रन आउट होने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई, जिससे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को आस्ट्रेलिया ने मैच पर पकड़ और मजबूत कर ली। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 474 रन के जवाब में भारतीय टीम ने जायसवाल और विराट कोहली की शतकीय पारी से मैच में वापसी का प्रयास किया था, लेकिन 41वें ओवर में बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज जायसवाल के आउट होते ही कोहली भी स्कॉट बोलैंड का शिकार बन गए।

स्टंप्स के समय भारत का स्कोर पांच विकेट पर 164 रन था और टीम पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया से 310 रन पीछे है। जायसवाल ने 118 गेंद की पारी में 18 चौके और एक छक्का जड़ा। वह कोहली के साथ गफलत का शिकार हो गए। जायसवाल शॉट खेलते ही रन चुराने के लिए भागे, लेकिन वहां रन कोई गुंजाइश नहीं थी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस के थ्रो पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने गिल्लियां बिखेर कर उन्हे पैवेलियन की राह दिखाई। उनके आउट होने से पहले टीम दो विकेट पर 153 रन के साथ अच्छी स्थिति में थी, लेकिन पांच मिनट के अंदर टीम तीन विकेट गंवाकर बैकफुट पर आ गयी।




रात्रि प्रहरी आकाश दीप खाता खोले बगैर आउट हो गए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने स्टीवन स्मिथ के 34वें शतक की मदद से पहली पारी में 474 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। स्मिथ की 140 रन की पारी से ऑस्ट्रेलिया ने विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 311 रन से करते किया था। स्मिथ ने कमिंस (49) और मिशेल स्टॉर्क (15) के साथ 7वें और 8वें विकेट के लिए क्रमश: 112 और 44 रन जोड़ कर दिन के पहले सत्र में भारतीय गेंदबाजों पर दबदबा बनाया। जसप्रीत बुमराह (28.4 ओवर में 99 रन पर चार विकेट) ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन मोहम्मद सिराज की औसत गेंदबाजी से बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बन सका।

### 34 वां टेस्ट शतक लगाया स्टीवन स्मिथ ने

#### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सैम पगबाधा जडेजा | 60 | 65 | 6/2 |
| ख्वाजा क. राहुल ब. बुमराह | 57 | 121 | 6/0 |
| लाबुशेन क. कोहली ब. सुंदर | 72 | 145 | 7/0 |
| स्मिथ ब. आकाशदीप | 140 | 197 | 13/3 |
| हेड ब. बुमराह | 00 | 07 | 0/0 |
| मार्श क. पंत ब. आकाशदीप | 04 | 13 | 1/0 |
| कैरी क. पंत ब. आकाशदीप | 31 | 41 | 0/1 |
| कमिंस क. नीतिश ब. जडेजा | 49 | 63 | 7/0 |
| स्टॉर्क ब. जडेजा | 15 | 36 | 0/1 |
| लियोन पगबाधा ब. बुमराह | 13 | 18 | 1/0 |
| बोलैंड (नाबाद) | 06 | 36 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 27 | | |
| कुल : (122.4 ओवर) | 474/10 | | |

**विकेट पतन** : 1-89, 2-154, 3-237, 4-240, 5-246, 6-299, 7-411, 8-455, 9-455, 10-474.
**गेंदबाजी :** बुमराह 28.4-9-99-4, सिराज 23-3-122-0, आकाशदीप 26-8-94-2, जडेजा23-4-78-3, नीतिश 7-0-21-0, सुंदर 15-2-49-1.

| भारत (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल (रन आउट) | 82 | 118 | 11/1 |
| रोहित क. बोलैंड ब. कमिंस | 03 | 05 | 0/0 |
| राहुल ब. कमिंस | 24 | 42 | 3/0 |
| कोहली क. कैरी ब. बोलैंड | 36 | 86 | 4/0 |
| आकाशदीप क. लियोन ब. बोलैंड | 00 | 13 | 0/0 |
| पंत (नाबाद) | 06 | 07 | 0/0 |
| जडेजा (नाबाद) | 04 | 07 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 09 | | |
| कुल : (46 ओवर) | 164/5 | | |

**विकेट पतन** : 1-8, 2-51, 3-153, 4-154, 5-159.
**गेंदबाजी :** स्टॉर्क 13-0-48-0, कमिंस 13-2-57-2, बोलैंड 12-4-24-2, लियोन 5-1-18-0, मार्श 3-0-15-0.

### आउट होने के बाद प्रशंसकों से भिड़े कोहली



**मेलबोर्न।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम में वापस जाते समय हूटिंग का सामना करना पड़ा। इसके बाद वह मुड़कर दर्शकों के साथ कुछ देर तक बहस करने लगे।

कोहली का व्यवहार मौजूदा चौथे टेस्ट में चर्चा का विषय बन गया है जिसमें उन्होंने 19 वर्षीय सैम कोंस्टास को कंधे से धक्का दिया था। शुक्रवार को कोहली 36 रन बनाने के बाद स्कॉट बोलैंड की गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। जब वह ड्रेसिंग रूम की ओर जाने के लिए 'टनल' में दाखिल हुए तो एमसीजी के उस हिस्से में मौजूद प्रशंसकों ने उनका मजाक उड़ाना शुरू कर दिया और कुछ टिप्पणियां भी कीं, जिसकी एक छोटी सी क्लिप तब से वायरल हो गई है।

इससे पहले दिन के खेल के पहले सत्र के दौरान एक व्यक्ति दौड़कर मैदान में घुस गया और उसने कोहली के गले में हाथ डाल दिया। भारतीय स्टार ने उसका विरोध नहीं किया और कुछ कदम चले। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उस अज्ञात व्यक्ति को बाहर निकाला।

## खेल जगत ने मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय खेल जगत के दिग्गजों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें दूरदृष्टा बताया, जिनमें शांत शक्ति और विनम्रता थी। डॉक्टर मनमोहन सिंह का बढ़ती उम्र संबंधी बीमारियों के बाद गुरुवार को यहां निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।

भारत की अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने 'एक्स' पर लिखा ,''ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे, मनमोहन सिंहजी। उनकी शांत शक्ति, विद्वत्ता और विनम्रता प्रेरणादायी थी। मैंने 2013 में उनसे संक्षिप्त बातचीत की थी। वह काफी विनम्र थे और अमिट छाप छोड़ने वाले थे। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं।''

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने लिखा ,''डॉक्टर मनमोहन सिंह जी का निधन भारत के लिए बड़ी क्षति है। देश के लिए उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार के लिए मेरी प्रार्थना।'' अनुभवी गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने लिखा ,'' मैं अपने जीवन में जितने लोगों से मिला , उनमें डॉक्टर मनमोहन सिंह सबसे विनम्र व्यक्तियों में से थे। सरल और बेहद विद्वान । विश्व ने एक दूरदृष्टा खो दिया।'' विश्व कप विजेता पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने एक्स पर लिखा ,'' एक दूरदर्शी नेता और असली प्रशासक, जिन्होंने भारत की प्रगति के लिए अथक कार्य किए। उनकी विद्वत्ता और विनम्रता याद रखी जाएगी। उनके परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं।''



पूर्व स्पिनर और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य हरभजन सिंह ने लिखा ,''वह अपने शांत स्वभाव और संकट के समय में स्थिर नेतृत्व के कारण सबसे अलग थे। राजनीतिक पेचीदगियों से निपटने की उनकी क्षमता और भारत के सामर्थ्य में उनका अटल विश्वास उन्हें अलग बनाता है ।''

उनके दूसरे कार्यकाल में भारत ने दिल्ली में 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की। दिल्ली में 1982 एशियाई खेलों के बाद पहली बार इतने बड़े पैमाने पर खेल आयोजन हुआ। उन्होंने कोलकाता में 2005 में राष्ट्रीय फुटबॉल लीग के 11वें सत्र का उद्घाटन भी किया।

## एरिगैसी 'वर्ल्ड रैपिड' के पहले दिन के बाद संयुक्त 5वें स्थान पर

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत चार जीत और एक हार के साथ 5वें स्थान से की, जबकि गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सिर्फ एक जीत दर्ज करने में सफल रहे। नॉर्वे के कार्लसन अपनी लय हासिल नहीं कर सके। वह तीन बाजियां ड्रॉ खेलने के बाद चौथे में रूस के डेनिस लाजोविच से हार गए।

तेरह साल के भारतीय रौनक साधवानी ने भी प्रतियोगिता के शुरुआती दिन प्रभावित किया। उन्होंने जीत के दावेदार पसंदीदा फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा को हराकर उलटफेर किया। शुरुआती पांच दौर के मुकाबले हो चुके हैं और आठ दौर अभी बाकी हैं।



5,50,000 अमेरिकी डॉलर की चैंपियनशिप में रूस के मुर्जिन वोलोडर, आर्मेनिया के एस. सरगस्यान के साथ डेनियल नारोडित्स्की और लेनियर डोमिंगुएज पेरेज की अमेरिकी जोड़ी 4.5 अंकों के साथ बढ़त बनाए हुए हैं। एरिगैसी और साधवानी 11 खिलाड़ियों के साथ एक समान चार अंक लेकर संयुक्त 5वें स्थान पर हैं। अमेरिका के हिकारू नाकामुरा, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव और हॉलैंड के अनीश गिरी भी इन 11 खिलाड़ियों में शामिल है। महिला वर्ग में स्थानीय स्टार एलिस ली ने लगातार चार जीत से शानदार शुरुआत की।

अमेरिकी खिलाड़ी को विश्व चैंपियन चीन की वेनजुन जू, उनकी हमवतन झोंग्यी तान, अजरबैजान की गुने ममदजादा, जॉर्जिया की नीनो बत्सियाश्विली और भारत की डी हरिका से चुनौती मिल रही है। इन सभी खिलाड़ियों के खाते में 3.5 अंक हैं। महिलाओं की स्पर्धा में सात दौर बाकी हैं, ऐसे में आर वैशाली के पास भी वापसी करने का पूरा मौका होगा।

## महिला क्रिकेट — भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मेहमान वेस्टइंडीज को तीसरे वनडे में पांच विकेट से दी मात

# बेटियों ने किया वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ

**एजेंसी, वडोदरा**

सीनियर ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 31 रन देकर छह विकेट चटकाए और फिर बल्ले से भी योगदान दिया, जिससे भारत ने शुक्रवार को यहां तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर 3-0 से क्लीन स्वीप किया। दीप्ति के शानदार प्रदर्शन और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर (29 रन देकर चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी से भारत ने वेस्टइंडीज को 162 रन पर समेट दिया।




इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम शीर्ष क्रम के चरमराने के बावजूद 28.2 ओवर में जीत दर्ज करने में सफल रही। भारत ने 73 रन के स्कोर पर चार विकेट खो दिये थे, लेकिन दीप्ति (48 गेंद में नाबाद 39 रन) के अनुभव के बूते टीम 21 ओवर पहले लक्ष्य तक पहुंच गई। विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष 11 गेंद में 23 रन बनाकर नाबाद रहीं।

पिछले मैच की शतकवीर हरलीन देओल (01) के आउट होने के बाद भारत का स्कोर दो विकेट पर 23 रन था, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एफी फ्लेचर की गेंद पर आउट होने से पहले 22 गेंद में 32 रन की पारी खेली। अपनी पारी के दौरान हरमनप्रीत ने सात चौके जमाए और एक बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में आउट हो गईं। फॉर्म में चल रही उप कप्तान स्मृति मंधाना (4) जल्दी आउट हो गईं, जिन्हें अश्मिनी मुनिसार ने आलिया एलेने की गेंद पर एक हाथ से कैच लेकर आउट किया।

वहीं देओल भी डियांड्रा डॉटिन की ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर शेमेन कैंपबेल को कैच देकर पैवेलियन पहुंच गईं। मध्यक्रम बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने 45 गेंद में 29 रन की पारी खेली। इससे पहले भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका ने कहर बरपाते प्रारंभिक स्पैल से वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी, जिसके बाद दीप्ति ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर मेहमान टीम को 162 रन पर आउट कर दिया।

रेणुका ने सटीक लाइन और लैंथ के साथ गेंदबाजी करके शीर्षक्रम की चूलें हिला दी, तो दीप्ति ने फिरकी का जाल बुनकर मध्यकम और निचले क्रम को रवाना किया। वनडे में पांच या अधिक विकेट लेने का कारनामा उन्होंने तीसरी बार किया है जबकि दूसरी बार छह विकेट चटकाए हैं।

वेस्टइंडीज के लिए शिनेले हेनरी (61) और शेमाइन कैंपबेल (46) ने 97 रन की साझेदारी की। अगर यह साझेदारी नहीं होती तो वे 100 रन भी नहीं बना पाते। इनके अलावा आलिया एलेनी (21) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी।

### 130 गेंद शेष रहते भारत ने जीता मुकाबला

### 31 रन देकर सीनियर ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने झटके 6 विकेट

## लीवरपूल ने शीर्ष पर मजबूत की बढ़त

**मैनचेस्टर।** पेनल्टी स्पॉट पर एर्लिंग हालैंड की विफलता और ब्रूनो फर्नांडिस के रेड कार्ड ने प्रीमियर लीग की दो दिग्गज टीमों मैनचेस्टर सिटी और मैनचेस्टर यूनाइटेड की मुश्किलें बढ़ा दी जबकि लीवरपूल को लीसेस्टर के खिलाफ ऐसी किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा।

लीवरपूल ने एनफील्ड में कोहरे के बीच खेले गए मैच में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लीसेस्टर पर 3-1 से जीत हासिल की। इस जीत से टीम ने सात अंक की बढ़त के साथ अंकतालिका में पहले स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

लीवरपूल के 17 मैचों में 42 अंक है जबकि दूसरे स्थान पर काबिज चेल्सी के नाम 18 मैचों में 35 अंक है।